खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 26°C
न्यूनतम : 14°C

मुजफ्फरनगर, शुक्रवार 6 मार्च 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 48 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन कृष्ण पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2082 | 16 रमज़ान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




राष्ट्रीय हितों की उपेक्षा कर रही मोदी सरकार : खड़गे पेज 2



न्यूजीलैंड के ओपनर फिन एलन का फोकस अब फाइनल पर खेल टाइम्स



कैरियर पिजन सर्विस : संचार का प्राचीन तरीका सम्पादकीय



अमेरिका को होगा डेना पर हमले का पछतावा : अराघची पेज 12

# ईरान ने दी इजरायल को परमाणु केंद्र पर हमले की धमकी

**कहा: अगर इजरायल और अमेरिका ने उसकी सरकार को गिराने की कोशिश की, तो वह इस परमाणु केंद्र को निशाना बनाएंगे**

**ईरान का बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला, इजरायल और अमेरिका के सात से ज्यादा आधुनिक रडार सिस्टम नष्ट किए**

**तेहरान।** ईरान ने गुरुवार को इजरायल की डिमोना परमाणु स्थल को निशाना बनाने की धमकी दी है। ईरान ने कहा कि अगर इजरायल और अमेरिका ने उसकी सरकार को गिराने की कोशिश की, तो वह इस परमाणु केंद्र को निशाना बनाएंगे। यह धमकी इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज के बयान के बाद आई है।

काट्ज ने कहा था कि ईरान की सरकार जो भी नया नेता लाएगी, वह इजरायल के लिए एक टारगेट होगा। इजरायल की सेना ने बताया कि ईरान ने एक बार फिर बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया है। इसके कारण यरुशलम, सेंट्रल इजरायल और वेस्ट बैंक के कुछ हिस्सों में खतरे के सायरन बजने लगे। ईरान की आईआरजीसी ने ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस 4 के तहत मिसाइल और ड्रोन से हमला किया है। इस ऑपरेशन को 'या हसन इब्न अली' नाम के कोड से शुरू किया गया। आईआरजीसी का दावा है कि उन्होंने इजरायल और अमेरिका के सात से ज्यादा आधुनिक रडार सिस्टम नष्ट कर दिए हैं। ईरान के सरकारी ब्रॉडकास्टर प्रेस टीवी के अनुसार, उनकी मिसाइलों ने इजरायल के 'थाड' डिफेंस सिस्टम को भी चकमा दे दिया।



आईआरजीसी ने दावा किया कि उन्होंने तेल अवीव में इजरायली रक्षा मंत्रालय और देश के मुख्य एयरपोर्ट बेन गुरियन सहित कई जगहों पर हमला किया है। इन हमलों की वजह से इजरायल के कई इलाकों में घंटों तक सायरन बजते रहे और लोगों को बंकरों में शरण लेनी पड़ी। आईआरजीसी ने चेतावनी दी है कि आने वाले दिनों में ये हमले और भी तेज और बड़े पैमाने पर होंगे। अमेरिका का कहना है कि उसका ऑपरेशन अभी शुरू ही हुआ है। इससे संकेत मिलते हैं कि यह युद्ध उम्मीद से ज्यादा लंबा खिंच सकता है। वहीं अमेरिका- इजरायल के हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला सैयद अली खामेनेई के निधन के बाद देश में शोक की लहर दौड़ गई है। सरकारी मीडिया ने जानकारी दी है कि मरहूम अयातुल्ला सैयद अली खामेनेई के शव को तेहरान के ग्रैंड मोसल्ला में रखने की तैयारी चल रही है। ग्रैंड मोसल्ला एक बड़ा प्रार्थना स्थल है, जिसका इस्तेमाल शहर के सबसे खास सरकारी और धार्मिक आयोजनों के लिए होता है। यह मरहूम सुप्रीम लीडर के लिए आयोजित तीन दिन के विदाई समारोह का हिस्सा है। मोसल्ला में हजारों शोक मनाने वालों के इकट्ठा होने की उम्मीद है। इस विदाई समारोह के बाद अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

# बिहार को मिलेगा नया सीएम नीतीश कुमार राज्यसभा जाएंगे



शाह टाइम्स ब्यूरो

**राज्यसभा के लिए किया नामांकन पांच दशक बाद चौथे सदन पहुंचेंगे नीतीश**

**नई दिल्ली।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को राज्यसभा के लिए नामांकन दाखिल किया। इसके साथ ही अब नीतीश की राजनीतिक पारी में एक और उपलब्धि जुड़ने जा रही है। वह अब अपने पांच दशक से ज्यादा लंबे चुनावी करियर में चौथे सदन के लिए दावेदार बन गए हैं।

नीतीश कुमार बिहार में बीते 21 साल से सत्ता का पर्याय बने हुए हैं। साल 2000 में भी नीतीश महज सात दिन के लिए मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठे थे। वो वक्त हो या आज का वक्त नीतीश इन 25 वर्षों में कभी भी विधानसभा का चुनाव नहीं लड़े। हर बार विधान परिषद सदस्य के रूप में ही उन्होंने मुख्यमंत्री की कुर्सी संभाली। हालांकि, ऐसा भी नहीं है कि नीतीश कुमार सिर्फ विधान परिषद तक ही सीमित रहे।

## बंगाल के राज्यपाल और लद्दाख के एलजी का इस्तीफा

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल चुनाव से एक महीने पहले राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने इस्तीफा दे दिया है। तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि को बंगाल की भी अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है। उधर, लद्दाख के उपराज्यपाल कवींद्र गुप्ता ने भी इस्तीफा दे दिया है। बोस ने राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को अपना इस्तीफा भेज दिया है। फिलहाल वे दिल्ली में मौजूद हैं। बोस 23 नवम्बर 2022 को बंगाल के राज्यपाल बने थे। वहीं, गुप्ता ने 18 जुलाई 2025 को कार्यभार संभाला था।

## 16वां रोज़ा

### अल्लाह पर ईमान और मगफिरत का रोशनदान है रोज़ा

इबादत इमारत की तरह है, ईमान बुनियाद की मानिन्द है। इस्लाम मजहब अल्लाह पर ईमान लाना और अल्लाह के पैगंबर के अहकामे शरीअत को दिल से तस्लीम करना, दरअसल मगफिरत का सिलसिला मानता है। रोज़ा भी इसी की एक कड़ी है। चूंकि रमज़ानुल-मुबारक के बयान की यह तहरीर सोलहवें रोज़े तक अल्लाह की मेहरबानी से पहुंच गई है। लिहाज़ा रोज़े की फज़ीलत के मद्देनज़र यह नुमायां हो जाता है कि रोज़ा अल्लाह पर ईमान है और मगफिरत का रोशनदान है।






# सैन्य संघर्ष किसी समस्या का समाधान नहीं: मोदी

**पीएम बोले: इजरायल- ईरान जंग जल्द खत्म हो, मिडिल ईस्ट और यूक्रेन में जारी जंग को जल्दी खत्म करने की अपील की**

**प्रधानमंत्री ने कहा: भारत सभी विवादों के शांतिपूर्ण समाधान और शांति स्थापित करने की कोशिशों का समर्थन करता रहेगा**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को दिल्ली में मिडिल ईस्ट और यूक्रेन में जारी जंग को जल्दी खत्म करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सैन्य संघर्ष से कोई भी मसला हल नहीं हो सकता। भारत सभी विवादों के शांतिपूर्ण समाधान और शांति स्थापित करने की कोशिशों का समर्थन करता रहेगा।

पीएम ने यह बात फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद कही। उन्होंने कहा कि भारत और फिनलैंड दोनों ही कानून के शासन, संवाद और कूटनीति में विश्वास रखते हैं। हम इस बात पर सहमत हैं कि सिर्फ सैन्य संघर्ष से कोई भी समस्या हल नहीं हो सकती। फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब बुधवार को चार दिवसीय भारत दौरे पर आए हैं। इस दौरे का उद्देश्य व्यापार, निवेश और उभरती प्रौद्योगिकियों सहित कई क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाना है। बैठक में दोनों देशों ने डिजिटलाइजेशन और सस्टेनेबिलिटी के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई। दोनों पक्षों ने भारत-फिनलैंड संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक आगे बढ़ाने पर चर्चा की। मोदी ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, 6जी टेलीकॉम, स्वच्छ ऊर्जा और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसे हाई-टेक क्षेत्रों में सहयोग से दोनों देश आगे बढ़ेंगे। भारत-यूरोपीय फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) भारत और फिनलैंड के बीच व्यापार, निवेश और तकनीकी सहयोग को और मजबूत करेगा। राष्ट्रपति स्टब ने आयरनमैन ट्रायथलान पूरा किया है, जो बेहद कठिन प्रतियोगिता मानी जाती है।

## अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत पर भारत ने जताई संवेदना

**नई दिल्ली।** भारत सरकार की ओर से विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने नई दिल्ली स्थित ईरान के दूतावास पहुंचकर ईरान के मारे गए सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के प्रति शोक व्यक्त किया।

इस दौरान उन्होंने दूतावास में रखी शोक पुस्तिका पर हस्ताक्षर कर अपनी संवेदनाएं दर्ज कीं। विक्रम मिस्री ने खामेनेई के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए ईरान की सरकार और वहां के लोगों के प्रति संवेदना प्रकट की। भारत ने इस कठिन समय में ईरान के साथ एकजुटता और सहानुभूति व्यक्त की है। इसके साथ विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने ईरान के राजनयिक प्रतिनिधियों से मुलाकात कर भारत की ओर से शोक संदेश दर्ज कराया। उन्होंने खामेनेई के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए ईरान की सरकार और वहां के लोगों के प्रति सहानुभूति जताई। भारत लंबे समय से ईरान के साथ कूटनीतिक और आर्थिक संबंध बनाए हुए है। ऐसे में इस घटना के बाद भारत की प्रतिक्रिया को क्षेत्रीय कूटनीति के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। भारत ने इस संकट के बीच संतुलित और सावधानी भरा रुख अपनाया है।

## भारत-फिनलैंड ने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी का दिया दर्जा

**नई दिल्ली।** भारत और फिनलैंड ने प्रौद्योगिकी से लेकर रक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग को और प्रगाढ़ बनाने के लिए अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी का दर्जा देने का निर्णय लिया है। दोनों देशों ने कहा है कि केवल सैन्य टकरावों से विवादों का समाधान संभव नहीं है। उन्होंने यूक्रेन से लेकर पश्चिम एशिया तक सभी सैन्य टकरावों को जल्द रोकने पर भी जोर दिया है।

दोनों देशों ने कानून के शासन में विश्वास व्यक्त करते हुए वैश्विक संस्थाओं में सुधारों की वकालत की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत यात्रा पर आए फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब के साथ गुरुवार को यहां द्विपक्षीय वार्ता के बाद



संयुक्त प्रेस वक्तव्य में यह बात कही। दोनों देशों ने विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए तीन समझौता ज्ञापनों पर भी हस्ताक्षर किए। श्री मोदी ने कहा कि हम भारत-फिनलैंड संबंधों को रणनीतिक साझेदारी का रूप दे रहे हैं।


**तुरन्त आवश्यकता**

इंडस्ट्रियल एरिया, बिजनौर स्थित फैक्ट्री के लिये

- अलमीरा कारीगर-10
- पार्टिकल बोर्ड के लिये कारपेंटर-4
- सुपरवाइजर मशीन चलाने हेतु- 2

सम्पर्क करें- मो. 7017517607, 9389076177


# भारत चौथी बार टी-20 वर्ल्डकप के फाइनल में

**इंग्लैंड को 7 रन से हराया, सैमसन ने 89 रन बनाए, बेकार साबित हुआ बेथेल का शतक**

**मुंबई।** भारत ने चौथी बार टी-20 वर्ल्डकप के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। टीम ने गुरुवार को दूसरे सेमीफाइनल मैच में इंग्लैंड को 7 रन से हराया। टीम 2007, 2014, 2024 में भी फाइनल तक पहुंच चुकी है। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी।

टीम इंडिया ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 253 रन बनाए। 254 रन चेज कर रही इंग्लैंड की टीम 20 ओवर में 7 विकेट पर 246 रन ही बना सकी। जैकब बेथेल ने 48 बाल पर 105 रन की पारी खेली, लेकिन अपनी टीम को फाइनल में नहीं पहुंचा सके। भारत की ओर से संजू सैमसन ने 89 रन की पारी खेली, जबकि शिवम दुबे ने 43 रन बनाए। ईशान किशन ने 39, हार्दिक पांड्या ने 27 और तिलक वर्मा ने 21 रन का योगदान दिया। भारत ने टी-20 वर्ल्डकप में अपना दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बना लिया। टीम इंडिया का सबसे बड़ा स्कोर रिकॉर्ड 256 रन है। 254 रन का टारगेट चेज कर रही इंग्लैंड की शुरुआत खराब रही। टीम ने पावरप्ले में 68 रन बनाने में टॉप-3 विकेट गंवा दिए थे। वरुण चक्रवर्ती ने जोस बटलर (25 रन), बुमराह ने हैरी ब्रूक (7 रन) और हार्दिक पांड्या ने फिल साल्ट (5 रन) को पवेलियन की राह दिखाई। शिवम दूबे ने आखिरी ओवर डाला। इंग्लैंड को जीत के लिए 6 गेंद पर 30 रन चाहिए थे। पहली गेंद पर बेथेल ने दो रन लेकर स्ट्राइक लेने की कोशिश की, पर हार्दिक ने विकेटकीपर सैमसन के पास थ्रो फेंका, सैमसन ने गिल्लियां बिखेर दी, बेथल क्रीज से दूर रह गए।




## संक्षिप्त समाचार

### ईरान में अमेरिका इजरायल हमलों फारूक चिंतित

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष डा. फारूक अब्दुल्ला ने अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच चल रहे संघर्ष पर चिंता व्यक्त की है और गंभीर वैश्विक परिणामों की चेतावनी दी। अब्दुल्ला ने गुरुवार को रियासी जिले के कात्रा कस्बे में पत्रकारों से कहा कि अगर स्थिति को सावधानीपूर्वक नहीं संभाला गया, तो बढ़ते तनाव से एक व्यापक वैश्विक संघर्ष भी शुरू हो सकता है। उन्होंने केन्द्र सरकार से इस मामले पर अपना रुख स्पष्ट करने का आग्रह भी किया है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार को इस मुद्दे पर अपना आधिकारिक रुख स्पष्ट करना चाहिए क्योंकि इसी तरह के हस्तक्षेप अन्य देशों में भी हो चुके हैं। वैश्विक स्तर पर वर्तमान संघर्ष के दूरगामी परिणाम हो सकते हैं और अगर तनाव बढ़ता रहा तो यह एक और विश्व युद्ध का कारण बन सकता है।

### होलिका भस्म की पूजा कर योगी ने मनाई होली

**गोरखपुर।** होली के पावन महापर्व पर गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर परिसर में होलि. का भस्म की पूजा कर होली मनाने का शुभारंभ किया। उन्होंने गोरखनाथ मंदिर में फाग गीतों का आनंद लिया और गोवंश को भस्म व गुलाल लगाया और गुड़ खिलाकर गोसेवा की। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने गोरक्षपीठाधीश्वर के संग जमकर रंगों और फूलों की होली खेली। बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर में बतौर गोरक्षपीठाधीश्वर होलिका भस्म की पूजा से हुई। मंदिर परिसर के मेला ग्राउंड में जलाई गई होलिका के पास जाकर योगी ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच होलिका भस्म की पूजा की और आरती उतारी, भस्म का तिलक लगाया।

# राष्ट्रीय हितों की उपेक्षा कर रही मोदी सरकार: खड़गे

**नई दिल्ली, वार्ता**



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि हिंद महासागर में अमेरिकी हमले में ईरानी जहाज के डूबने की घटना पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार की चुप्पी से साफ है कि देश के रणनीतिक और राष्ट्रीय हितों की घोर उपेक्षा की जा रही है।

खड़गे ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि ईरान का जो जहाज टारपीडो की चपेट में आने से डूबा है यह जहाज बिना सैन्य साजो सामान के था और भारत में आयोजित अंतरराष्ट्रीय बेड़ा समीक्षा 2026 से लौट रहा था। ईरानी नौसेना का जहाज ईरिस डेना भारत का आमंत्रित अतिथि था और यह विशाखापत्तनम में 15 से 26 फरवरी तक आयोजित अंतरराष्ट्रीय फ्लीट रिव्यू 2026 में शामिल हुआ था। इस आयोजन में 70 से ज्यादा देशों की नौसेनाएं शामिल हुई थीं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि आश्चर्य की बात यह है कि इस अतिथि के डूबने पर भारत की तरफ से कोई चिंता या संवे. दना व्यक्त नहीं की गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस पर चुप हैं। मोदी पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि जब आप अपने ही आंगन में हो रही घटनाओं पर प्रतिक्रिया नहीं दे सकते हैं तो हमें महासागर सिद्धांतों और हिंद महासागर क्षेत्र में भारत के 'नेट सिक्योरिटी प्रोवाइडर' होने के सिद्धांतों पर उपदेश क्यों दे रहे हैं। उन्होंने इस घटना का विवरण देते हुए कहा कि होर्मुज की खाड़ी में 38 भारतीय ध्वज वाले वाणिज्यिक जहाज और 1100 नाविक फंसे हुए हैं। कैप्टन आशीष कुमार समेत दो भारतीय नाविकों की कथित तौर पर मौत हो गई है। समुद्री बचाव या राहत अभियान क्यों नहीं चलाया जा रहा है। मोदी कहते हैं कि कच्चे तेल और अन्य तेल का भंडार केवल 25 दिनों के लिए बचा है। तेल की बढ़ती कीमतों के बीच, हमारी ऊर्जा संबंधी आपातक. ालीन योजना क्या है, खासकर भारत सरकार द्वारा रूसी तेल का आयात रो. कने की मांग को लगभग स्वीकार करने के बाद। खाड़ी देशों के साथ अन्य प्रमुख वस्तुओं के व्यापार का क्या होगा। उन्होंने सरकार की विदेश नीति पर भी सवाल उठाए और कहा कि विदेश मंत्रालय के 3 मार्च के बयान के अनुसार कुछ भारतीय नागरिकों की जान चली गई है या वे लापता हैं।

# जन समस्याओं के निस्तारण में शिथिलता अक्षम्य: योगी

## हर समस्या का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और संतुष्टिपरक होना चाहिए

**गोरखपुर, वार्ता**



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में जनता के साथ बुधवार दिनभर होली की खुशियां साझा करने के बाद गुरूवार को आयोजित जनता दर्शन में विभिन्न जिलों से आए लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं को सुनने के बाद अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन समस्याओं का समाधान तत्परता और संवेदनशील तरीके से किया जाए। इसमें किसी भी तरह की शिथिलता या लापरवाही अक्षम्य होगी।

मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने करीब 150 लोगों से मुलाक. ात करने के बाद कहा कि हर समस्या का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और संतुष्टिपरक होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जनता की हर समस्या का समाधान सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि हर व्यक्ति को न्याय दिलाया जाएगा। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित निस्तारण का निर्देश देने के साथ मुख्यमंत्री ने लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीध्ति की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। योगी ने अफसरों से कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए।

हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी सहायता की जानी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाध्ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए।

## आम आदमी पार्टी ने प्रधानमंत्री को कठघरे में खड़ा किया

# अमेरिका-ईरान युद्ध पर मोदी की चुप्पी खतरनाक संकेत

**नई दिल्ली, वार्ता**

आम आदमी पार्टी ने अमे. रिका-ईरान के बीच चल रहे युद्ध को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुप्पी पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि यह देश के लिए खतरनाक संकेत है। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पंजाब प्रभारी मनीष सिसोदिया ने आज कहा कि प्रधानमंत्री की यह चुप्पी भारत के लिए खतरनाक संकेत है।

अमेरिका इस युद्ध की तैयारी कई महीने से कर रहा था। उसे पता था कि युद्ध शुरू होने के बाद तेल की आपूर्ति प्रभावित हो सकती है फिर भी अमेरिका ने व्यापार समझौता के जरिए भारत को रूस से तेल नहीं लेने के लिए मना लिया। ऐसे में देशवासी जानना चाहते हैं कि क्या अमेरिका ने हमारे प्रधानमंत्री को गुमराह किया या फिर खुद प्रधानमंत्री अमेरिका को खुश रखने के लिए



■ अमेरिका ने व्यापार समझौता के जरिये भारत को रूस से तेल नहीं लेने के लिए मना लिया: सिसोदिया

भारत के हितों से समझौता किया? उन्होंने कहा कि आज एक भारतीय होने के नाते मन में कुछ बेहद गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

ठीक एक महीने पहले मोदी अमेरिका के साथ एक ट्रेड डील करते हैं। उस डील में अमेरिका की एक अहम शर्त मान ली जाती है कि भारत रूस से तेल आयात नहीं करेगा। हम रोघना इस्तेमाल होने वाले तेल का बड़ा हिस्सा विदेशों से खरीदते हैं इसलिए किसी एक या दो स्रोत को बंद कर देना सिर्फ एक कूटनीतिक फैसला नहीं होता। यह सीधे इस बात से जुघ होता है कि देश में तेल की आपूर्ती स्थिर रहेगी या नहीं, कीमतें नियंत्रित रहेंगी या नहीं और संकट के समय देश के पास विकल्प बचेंगे या नहीं। इसी को ऊर्जा सुरक्षा कहा जाता है। आप नेता ने कहा कि इस फैसले के सिर्फ 20 दिन बाद अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध शुरू हो जाता है। खुद अमेरिका की सरकार कह रही है कि इस युद्ध की तैयारी कई महीनों से चल रही थी। मतलब उन्हें पहले से पता था कि युद्ध होने वाला है। उन्हें यह भी पता था कि इससे तेल की आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। इसके बावजूद भारत से रूस का तेल छोघ्ने का फैसला करवा लिया गया। उन्होंने कहा कि कल अमेरिका ने इस युद्ध को लगभग भारत के दरवाजे तक ला खड़ा किया। 24 घंटे बीत गए, लेकिन प्रधानमंत्री के मुंह से एक शब्द तक नहीं निकला। यह चुप्पी सिर्फ चुप्पी नहीं है, बल्कि यह एक खतरनाक संकेत है। दुनिया में क्या संदेश जा रहा है कि भारत की सीमाओं के पास कोई भी आकर युद्ध कर सकता है और भारत का प्रधानमंत्री चुप बैठा रहेगा? यह सवाल उठना स्वाभाविक है। यह चुप्पी आखिर किसके हित में है? सिसोदिया ने कहा कि भारत के बुलावे पर 'मिलन युद्धाभ्यास 2026' में शामिल होने के लिए ईरान ने अपना जहाज भेजा था।

### दिल्ली सरकार को समस्याओं से कोई मतलब नहीं: आतिशी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में विपक्ष की नेता आतिशी ने आरा. ेप लगाया कि दिल्ली की भाजपा सरकार को यहां की समस्याओं से कोई लेनादेना नहीं है बल्कि वह तो सिर्फ पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गाली देने में व्यस्त है। सुश्री आतिशी ने एक्स पर गुरुवार को कहा कि दिल्ली की जनता प्रदूषण, गंदे पानी, टूटी सड़कों, कूड़े के पहाड़ और अस्पतालों में दवाइयों की कमी से जूझ रही है। लेकिन भाजपा सरकार को जनता की समस्याओं से कोई मतलब नहीं है। उन्होंने विधानसभा में पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ष्फांसी घरष पर सवाल पूछने के लिए बुलाया है। उन्होंने कहा कि हम भाजपा को चुनौती देते हैं। जैसे विधानसभा की कार्यवाही प्रसारित होती है ठीक उसी तरह इस विशेषाधिकार समिति की कार्यवाही का भी सीधा प्रसारण कराइए। दिल्ली की जनता भी देखे कि कैसे उनके असली मुद्दों और परेशानियों से भागकर भाजपा सिर्फ अरविंद केजरीवाल को गालियां देने में व्यस्त है।

# अंतर्राष्ट्रीय हालात पर केंद्र का मौन चिंताजनक: अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अमे. रिकी-इजराइली हमलों और उससे पैदा हुए अंतरराष्ट्रीय हालात को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि इन हमलों का प्रभाव हिंद महासागर और भारत की सीमाओं के करीब तक पहुंचना देशवासियों के लिए चिंता का विषय है, लेकिन इस गंभीर मुद्दे पर केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार ने अभूतपूर्व चुप्पी साध रखी है।

यादव ने गुरुवार को एक्स पर लिखा, स्पष्ट किया जाए कि इसे 'चुप्पी' माना जाए या किसी विशेष भय के कारण इसे 'घिग्घी बंधना' माना जाए। भाजपा सरकार की ऐसी क्या मजबूरी है कि उनके होंठ किसी ने सिल दिए हैं। जनता पूछ रही है कि आपका कौन सा पत्ता दबा है। उन्होंने कहा कि एक अंतर्राष्ट्रीय मुद्दा होने के नाते ए देश की सरकार, विदेश मंत्रालय



डिफेंस मिनिस्टरी का संयुक्त दायित्व बनता है कि उसे अपना पक्ष स्पष्ट करना चाहिए, परंतु कई दिनों की प्रतीक्षा के बाद भी सरकार द्वारा मुंह न खोलने पर, इस वैश्विक मुद्दे पर विपक्ष को मजबूर होकर बोलना पड़ रहा है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि इस संकटकाल में सरकार आगे आए और देश की जल, थल, वायु सीमाओं की रक्षा सुनिश्चित करे। जो भाजपा सरकार कुछ कह भी नहीं रही है, वो करेगी क्या, ये सोचकर देशवासी परेशान हैं।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 80015.90
निफ्टी 24765.90



सोना 166000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 287000
प्रति किलो



# गिरावट से उबरे शेयर बाजार सेंसेक्स 900 अंक उछला

**मुंबई, वार्ता**

विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को तेजी लौट आई और बीएसई का सेंसेक्स 900 अंक की बढ़त में बंद हुआ।

सेंसेक्स सुबह 414 अंक की बढ़त में खुला था और लगभग पूरे दिन 300 से 400 अंक की तेजी में रहा। हालांकि आखिरी घंटे में लिवाली तेज होने से इसका ग्राफ सीधे ऊपर की ओर चढ़ा। अंत में सेंसेक्स 899.71 अंक (1.14 प्रतिशत) उछलकर 80,015.90 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 285.40 अंक यानी 1.17 फीसदी चढ़कर 24,765.90 अंक पर पहुंच गया। इससे पहले पिछले तीन कारोबारी दिवसों में बाजार में बड़ी गिरावट रही थी। मझौली और छोटी कंपनियों में भी तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.50 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.58 प्रतिशत चढ़ गया। आईटी को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों में तेजी रही। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, तेल एवं गैस, ऑटो, धातु, मीडिया, फार्मा, बैंकिंग, रियलटी, एफएमसीजी और रसायन सेक्टरों के सूचकांक हरे निशान में रहे। सेंसेक्स की कंपनियों में अडानी पोर्ट्स का शेयर साढ़े चार प्रतिशत चढ़ा। एलएंडटी, एनटीपीसी और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर तीन से चार प्रतिशत के बीच मजबूत हुए। बीईएल, इंडिगो, महिंद्रा एंड महिंद्रा, पावरग्रिड, मारुति सुजुकी और टाटा स्टील के शेयरों में दो से तीन प्रतिशत के बीच तेजी रही। बजाज फाइनेंस, सनफार्मा, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फिनसर्व, एचडीएफसी बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक और टाइटन के शेयर एक से दो प्रतिशत के बीच चढ़े। टेक महिंद्रा का शेयर सवा फीसदी टूट गया। एचसीएल टेक्नोलोजीज, हिंदुस्तान यूनीलिवर और आईसीआईसीआई के शेयर भी लाल निशान में रहे।



### होली के बाद सोने चांदी में भारी गिरावट

**नई दिल्ली।** होली की छुट्टियों के बाद सर्राफा बाजार खुलते ही बड़ा उतार-चढ़ाव दिखा है। गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने और चांदी की कीमतों में भारी गिरावट दर्ज की गई। सुरक्षित निवेश माने जाने वाले इन कीमती धातुओं में अचानक आई इस नरमी ने बाजार का ध्यान खींचा है। नई दिल्ली के सर्राफा बाजार में गुरुवार को सोने की कीमत में 7,600 रुपये प्रति 10 ग्राम की बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। इस गिरावट के बाद 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 1,65,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया है, जो पिछले कारोबारी सत्र में 1,72,800 रुपये पर था। वहीं, चांदी की कीमतों में और भी बड़ा झटका लगा है, यह 27,700 रुपये या 9.23 प्रतिशत टूटकर 2,72,300 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर आ गई है। गौरतलब है कि मंगलवार और बुधवार को होली के कारण सर्राफा बाजार बंद थे। इस भारी गिरावट का सबसे बड़ा कारण हालिया तेजी के बाद निवेशकों द्वारा की गई तीव्र मुनाफावसूली है।

# चावल, गेहूं नरम, चीनी महंगी, खाद्य तेलों, दालों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल के औसत भाव टूट गए। चावल के साथ गेहूं में भी नरमी रही। चीनी की कीमतों में तेजी देखी गई, जबकि खाद्य तेलों और दालों में उतार.चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 170 रुपये टूटकर 3,863 रुपये प्रति क्विंटल रह गई।

गेहूं का भाव भी 41 रुपये उतरकर 2,822 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा। आटा 26 रुपये सस्ता हुआ। दाल.दलहनों में मिश्रित रुख रहा। उड़द दाल की औसत कीमत 146 रुपये गिर गई। तुअर दाल 125 रुपये और मूंग दाल 78 रुपये सस्ती हुई। चना दाल में 67 रुपये की गिरावट रही। मसूर दाल की कीमत आठ रुपये



प्रति क्विंटल बढ़ी। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 26 रिंगिट चढ़कर 4,205 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.85 प्रतिशत की बढ़त में 64.13 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में सोया तेल 121 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। पाम ऑयल 90 रुपये और वनस्पति 48 रुपये फिसल गया। सरसों तेल 126 रुपये महंगा हुआ। मूंगफली तेल की कीमत 20 रुपये और सूरजमुखी तेल 13 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव 84 रुपये प्रति क्विंटल टूट गए। वहीं, चीनी 36 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल. दलहन: दाल चना 7746.99 रुपये, मसूर काली 8105.90 रुपये, मूंग दाल 10151.58 रुपये, उड़द दाल 10743.65 रुपये, तुअर दाल 11210.63 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2822.39 रुपये और चावल 3863.03 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3286. 06 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी. गुड़ : चीनी एस 4304.42 रुपये और गुड़ 4984.26 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना
खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com



# मातुआ समुदाय के अधिकारों को छीनने की कोशिश: ममता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को कहा कि उनकी सरकार मातुआ समुदाय के साथ किसी भी तरह का अन्याय नहीं होने देगी और उनके अधिकारों को छीनने की कोशिशों के खिलाफ संघर्ष जारी रखेगी।

सुश्री बनर्जी ने मातुआ समुदाय की आध्यात्मिक नेता बीणापाणि देवी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए यह आश्वासन दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा नीत केंद्र सरकार विशेष गहन पुनरीक्षण द्धएसआईआरऋ के दौरान मतदाता सूची से नाम हटाकर मातुआ समुदाय के मतदाताओं के बीच भ्रम और असुरक्षा पैदा कर रही है। हाल ही में जारी अंतिम मतदाता सूची से करीब 63 लाख नाम हटाए जाने के आरोपों के बीच यह मुद्दा सामने आया है। उत्तर 24 परगना और नदिया जैसे जिलों में मातुआ समुदाय के कई लोगों के नाम प्रभावित होने की खबरें हैं। साथ ही कई नामों को ष्विचाराधीनष श्रेणी में भी रखा गया है, जिससे समुदाय के बीच नागरिकता को लेकर चिंता बढ़ गई है। सुश्री ममता बनर्जी ने कहा कि बड़ो मां ने जीवन भर इन आदर्शों को संजोए रखा और



उनके नेतृत्व में मातुआ महासंघ सामाजिक समानता और भाईचारे का मजबूत स्तंभ बना। उन्होंने बड़ो मां के साथ अपने व्यक्तिगत संबंध का भी उल्लेख करते हुए कहा कि उन्हें उनका मातृस्नेह प्राप्त हुआ, जो उनके जीवन का बड़ा आशीर्वाद है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने बड़ो मां को उनके सामाजिक योगदान के लिए राज्य के सर्वोच्च सम्मान 'बंग विभूषण' से सम्मानित किया था। मुख्यमंत्री ने मातुआ महासंघ के सामाजिक सुधार में योगदान का उल्लेख करते हुए श्री हरिचंद ठाकुर और गुरुचंद ठाकुर की विरासत को याद किया। उन्होंने कहा कि इन नेताओं के नेतृत्व में चला आंदोलन दलितों और वंचित वर्गों के अधिकारों की रक्षा और शिक्षा के प्रसार में महत्वपूर्ण रहा है।

# भारत वैश्विक कौशल राजधानी बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर: जयंत चौधरी

**नई दिल्ली, वार्ता**

केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण के तहत भारत विश्व की वैश्विक कौशल राजधानी बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है।

चौधरी ने गुरुवार को फिनलैंड सरकार के रोजगार मंत्री मटियास मार्टिनेन के साथ कौशल विकास, व्यावसायिक शिक्षा और कार्यबल गतिशीलता के क्षेत्रों में भारत और फिनलैंड के बीच सहयोग को मजबूत करने के अवसरों का पता लगाने के लिए द्विपक्षीय बैठक की। इस बैठक में व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने और कुशल कार्यबल की गतिशीलता के लिए मार्ग प्रशस्त करने हेतु संस्थानों, उद्योग और प्रशिक्षण प्रणालियों के बीच सहयोग को गहरा करने के अवसरों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के तहत, भारत विश्व की वैश्विक कौशल राजधानी बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है। भारत वैश्विक उद्योगों में कुशल प्रतिभाओं का योगदान देने के लिए अच्छी स्थिति में है। भारत की जनसांख्यिकीय शक्ति और फिनलैंड की तकनीकी एवं व्यावसायिक उत्कृष्टता कौशल के क्षेत्र में एक स्वाभाविक साझेदारी का निर्माण करती है। हमारी चर्चा प्रशिक्षण तंत्रों के बीच व्यावहारिक सेतु बनाने, संस्थागत सहयोग को मजबूत करने व उच्च प्रशिक्षण और गतिशीलता मानकों को बनाए रखते हुए कुशल युवाओं के लिए वैश्विक अवसरों तक पहुंच के मार्ग प्रशस्त करने पर केंद्रित थी। मार्टिनेन ने कहा कि व्यावसायिक शिक्षा और कार्यबल विकास के क्षेत्र में भारत के साथ बढ़ती साझेदारी को फिनलैंड महत्व देता है। विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत और हमारे कार्यबल को मजबूत कर रहे उच्च कुशल भारतीय पेशेवरों के योगदान की हम तहे दिल से सराहना करते हैं। भारत का मजबूत कौशल विकास तंत्र और युवा प्रतिभा आगे सहयोग के लिए महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करते हैं। अपने संस्थानों और उद्योगों के बीच सहयोग को मजबूत करके, हम नवाचार, कौशल विकास और सतत आर्थिक विकास को बढ़ावा देते हुए कार्यबल संबंधी चुनौतियों का समाधान कर सकते हैं। इस चर्चा में दोनों देशों के संस्थानों और उद्योग जगत के हितधारकों के बीच घनिष्ठ सहयोग की संभावनाओं पर भी प्रकाश डाला गया, ताकि कौशल मानकों को उभरती वैश्विक आवश्यकताओं के अनुरूप बनाया जा सके। दोनों पक्षों ने व्यावसायिक योग्यताओं की सुगम मान्यता सुनिश्चित करने और कार्यबल की कमी का सामना कर रहे क्षेत्रों में कुशल पेशेवरों की आवाजाही को प्रोत्साहित करने वाले तंत्रों की खोज में रुचि व्यक्त की।



# नीतीश का कार्यकाल हमेशा याद रखा जाएगा : अमित शाह

**पटना।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में नीतीश कुमार का कार्यकाल राज्य में विकास को गति देने और विभिन्न क्षेत्रों में उनके ऐतिहासिक कार्यों के लिए हमेशा याद किया जाएगा। शाह ने गुरुवार को कुमार के राज्यसभा के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद कहा कि पिछले 20 वर्षों के दौरान मुख्यमंत्री के रूप में कुमार ने कई ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि 1990 से 2005 तक चलने वाले राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के 'जंगल राज' से प्रदेश को बाहर निकालने का श्रेय कुमार को जाता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जब श्री कुमार ने राज्य की बागडोर संभाली थी, तब सड़क, बिजली और कानून-व्यवस्था सहित लगभग सभी क्षेत्रों में पूरी तरह अव्यवस्था थी। उन्होंने कहा कि बिहार के लोगों के हित में अपनी ईमानदार कोशिशों और प्रतिबद्धता के कारण कुमार राज्य के सभी गांवों तक बिजली और सघ्क पहुंचाने में सफल रहे। उनकी सरकार ने शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में मूलभूत अवसंरचना में व्यापक सुधार किया। शाह ने कहा कि श्री कुमार जेपी आंदोलन की उपज हैं और वह वरिष्ठ नेता जयप्रकाश नारायण की विचारधारा के सच्चे अनुयाई साबित हुए। उन्होंने लंबे राजनीतिक जीवन में कभी अपने मूल सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री कुमार की छवि हमेशा



माहे मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद



16वां रोज़ा इफ्तार
06 मार्च शुक्रवार
सुन्नी...................... 06:36
शिया...................... 06:36

17वां रोज़ा सहरी
07 मार्च शनिवार
सुन्नी...................... 04:19
शिया...................... 05:09



हाजी ज़ियाउर्रहमान
वरिष्ठ नेता लोकदल

# फार्म हाऊस के चौकीदार की बेरहमी से हत्या

## बेपहचान करने के लिए चेहरे को ईटों से पीटा, पुलिस मौके पर

मुजफ्फरनगर। दिल्ली देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच 58 पर स्थित नई मंडी कोतवाली की चौकी बीबीपुर से सटे फार्म हाऊस के चौकीदार की नृंशस हत्या कर दी गई। इस कांड में सबसे चौंकाने वाला और गंभीर सवाल यह है कि चौकीदार को कितनी भयानक मौत किसलिए दी गई, हत्या करने के बाद चौकीदार के चेहरे को ईटों से इतनी बुरी तरह पीटा गया कि उसकी पहचान करना असंभव हो रहा था। सवाल यह भी उठ रहा है कि इस कत्ल के पीछे क्या वजह रही किसने और क्यो इतनी बेरहमी से चौकीदार की हत्या की है, जबकि मृतक की पत्नी अपने पति को एक सीधा-सादा व्यक्ति बता रही है। फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

गुरूवार की सवेरे नई मंडी पुलिस को सूचना मिली कि बीबीपुर चौकी के निकट सिक्का फार्म हाऊस में चौकीदार का शव खून से लथपथ पडा हुआ है। इस कांड में कई सवाल उठ रहे है। यह फार्म हाऊस बीबीपुर चौकी से सटा हुआ है और मृतक की पहचान 55 वर्षीय हुसन चन्द पाल पुत्र गूगलचन्द निवासी ग्राम नौना थाना मन्सूरपुर के रूप में हुई। चौकी से सटा फार्म पर कातिल फार्म हाऊस के अन्दर कैसे घुसे, जबकि चौकी व आस-पास सीसीटीवी कैमरे लगे हुए बताये जा रहे है। यह बात अलग है कि होली के त्यौहार पर पुलिस व्यस्त थी और पुलिसकर्मियों की अपने-अपने क्षेत्र में डयूटी लगी थी लेकिन सवाल यह भी है कि जिस तरह शव की दशा है, उससे अनुमान लगाया जा रहा है कि चौकीदार की हत्या देर रात की गई है। क्या घटना के समय पुलिस चौकी खाली थी या फिर पुलिसकर्मी होली के त्यौहार पर



डयूटी पर व्यस्त थे। लोग इस बात को भी उठा रहे है कि चौकी व आस-पास व सीसीटीवी कैमरे लगे हुए है, लेकिन कातिल का कोई भेद नही लग पा रहा है। चौकीदार का शव देखकर यह अनुमान लगाना भी कोई गलत है कि हत्या करने के बाद उसका चेहरा इतनी बुरी तरह से पीटा गया, चाहे वो ईटो से पीटा गया, पत्थर बरसाये गये या किसी अन्य चीज से उसके चेहरे पर घाव बनाये गये, लेकिन आखिर कातिल ने इतनी बेरहमी से कत्ल क्यो किया अगर मामला छोटी-मोटी रंजिशका था, तो शायद हत्यारोपी वारदार को अंजाम देकर निकल जाता , लेकिन उसके चेहरे को पीटकर बेपहचान करने के पीछे कातिल का क्या मकसद था। मृतक की पत्नी कविता का कहना है कि उसका पति हुसनपाल शरीफ और व्यवहारिक व्यक्ति था। सूत्रों का कहना है कि घटना की जानकारी उस वक्त हुई, जब मृतक का बेटा सवेरे 11 बजे अपने पिता से मिलने फार्म हाऊस पर पहुंचा और उसने अपने पिता का खून से लथपथ शव पडा हुआ देखा। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सूचना के बाद प्रभारी निरीक्षक मंडी कोतवाली ब्रजेश कुमार शर्मा मौके पर पहुंचे और उन्होंने घटना का जल्द खुलासा करने का आश्वासन दिया है।

# सड़क हादसों में चार लोगों की मौत

## दुल्हैंडी के दिन रुड़की रोड सहित तीन थाना क्षेत्रों में हुई घटनाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** बुधवार को दुल्हैंडी के दिन अलग-अलग तीन थाना क्षेत्रों में भीषण हादसों में चार लोगों की जान चली गई। यह घटना सिविल लाईन क्षेत्र के रूडकी रोड, चरथावल पुरकाजी क्षेत्र में हुई है। चार लोगों की मौत से त्यौहार की खुशियां मातम में बदल गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों के पंचनामे भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिये है। पुलिस ने इस सम्बन्ध में तहरीर लेकर कार्यवाही शुरू कर दी है।

बुधवार को जिस समय लोग होली के त्यौहार की खुशिया मना रहे थे तो कुछ परिवारों में हादसे के बाद खुशियां मातम में बदल गई। बताया जाता है कि एक घटना सिविल लाईन थाना क्षेत्र के रूडकी रोड पर हुई, बुढाना क्षेत्र के उमरपुर निवासी दिनेश कुमार पुत्र स्व.तिल. कराम अपने साथी के साथ त्यौहार मनाने रूडकी की ओर जा रहा था, जहां रामपुरी गेट के निकट अचानक ही बाइक डिवाईडर से टकरा गई और एक भयानक हादसे के बाद दिनेश कुमार व उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जाता है कि घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया। इस समय दिनेश कुमार की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने किसी तरह नाम पते ज्ञात कर इसकी जानकारी परिजनों को दी। एक घटना विगत दिवस हुई जहां दो बाइकों की आमने-सामने की जबरदस्त भिडंत में 28 वर्षीय आशीष पुत्र मूलचन्द निवासी रंडावली और 25 वर्षीय शुभम पुत्र रामशरण निवासी कुरडी मंगलौर गंभीर रूप से घायल हुए। यह घटना पुरकाजी क्षेत्र में हुई। दोनों घायलों को पुरकाजी अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि दोनों मृतक बिना हेलमेंट के थे लोगों का कहना था कि जिस तरह हादसा हुआ यदि वह हेलमेट पहने हुए होते तो शायद उनकी जान बच जाती। सूचना के बाद परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और उन्होंने बताया कि आशीष दूध इक्ट्ठा करने के बाद गांव हरिनगर और आस-पास के क्षेत्रों से दूध लेने के बाद उसे बेचता था। शुभम भी घटना के दौरान अपने घर लौट रहा था। घटना के बाद दोनों के परिवार में कोहराम मच गया है। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एक अन्य घटना नई मंडी क्षेत्र के मौहल्ला सुभाषनगर की है, जहां नरेश पुत्र श्री प्रकाश चन्द ने आत्महत्या कर ली है। दूसरी घटना सिविल लाईन क्षेत्र के रैदासपुरी की है। जहां एक प्राईमरी स्कूल के चपरासी ने फांसी लगाकर जान देने का प्रयास किया।



मुजफ्फरनगर:मीनाक्षी चौक पर होली खेलते हिन्दू-मुस्लिम समाज के लोग।

# अंग्रेजी बीयर की दुकान में कुंबल कर हजारों की शराब चोरी

**रामराज।** कस्बे में स्थित अंग्रेजी बीयर की दुकान में अज्ञात चोरों ने दीवार में कुंबल कर हजारों रुपये की शराब की बोतलें चोरी कर लीं। चोरी की घटना के बाद चोर दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर भी अपने साथ ले गए, जिससे यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि चोरी को अंजाम देने वाले लोग शातिर किस्म के रहे होंगे। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार कस्बा जानसठ के मोहल्ला आदर्श कॉलोनी निवासी विरेन्द्र सिंह पुत्र डोल सिंह की रामराज में अंग्रेजी बीयर शॉप है। इस ठेके पर केयरटेकर के रूप में ग्राम अहरोड़ा निवासी कृष्णपाल पुत्र अजीत सिंह कार्य करता है। चार मार्च को होली पर्व के कारण ठेका बंद था। पांच मार्च को जब ठेका खोला गया तो दुकान के पिछले हिस्से की दीवार में कुंबल किया हुआ मिला। अंदर रखी शराब की बोतलें भी अस्त-व्यस्त हालत में पड़ी हुई थीं। घटना की सूचना मिलने पर दुकान मालिक मौके पर पहुंचे और जांच की। उन्होंने बताया कि चोर लगभग 53,260 रुपये कीमत की शराब की बोतलें चोरी कर ले गए हैं। इसके साथ ही दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर भी चुरा लिया गया है। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष रवेन्द्र सिंह यादव पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने ठेका मालिक की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही चोरी में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# युवक को लाठी व डंडों से पीटकर घायल

**बुढ़ाना।** कोतवाली बुढ़ाना के समीप चार पांच युवकों ने किसी बात पर एक युवक को रास्ते में रोककर मारपीट कर घायल कर दिया। बुढ़ाना पुलिस ने घायल युवक को हस्पताल में भर्ती कराते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही शुरु कर दी थी। मिली जानकारी के अनुसार घायल अक्षत मित्तल पुत्र तरूण मित्तल निवासी मौहल्ला शाहवाडा ने बुढ़ाना पुलिस को बीती बुधवार के दिन एक तहरीर देते हुए बतलाया था कि जब वह घर से किसी काम के लिए कोतवाली रोड पर जा रहा था तो अचानक से बुढ़ाना के ही अनुज, सुमित, अनिकेत और बाबर आदि ने उस पर लाठी डंडों से हमला कर घायल कर दिया। जिसमें उसे गंभीर चोटें आयी। घायल अक्षत ने बुढ़ाना पुलिस से सभी आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। उधर बुढ़ाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरु कर दी है।

# बेटों पर 40 लाख ऐठने का लगाया आरोप

मुजफ्फरनगर। पैसा ऐसी चीज है कि परिवार,रिश्तेदार के बीच में दरार पैदा कर देता है। एक ऐसा ही मामला थाना सिविल लाईन में देखने को मिला जहां एक मां को अपने बेटों के खिलाफ चालीस लाख रूपये हडपने और मानसिक उत्पीडन करने का आरोप लगाया गया है, पुलिस ने दोनों बेटों के खिलाफ महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

कहते है कि पैसा ऐसी चीज है कि यह किसी में भी रंजिश पैदा करा देता है, पैसे का लालच रिश्तेदार व परिवार में दरार डाल देता है। ऐसो ही आरोप एक पीडित महिला ने अपने बेटों पर लगाते हुए सिविल लाईन पुलिस को तहरीर दी है। मौहल्ला गंगारामपुरा थाना सिविल लाईन की रहने वाली सुनीता ने थाने पहुंचकर अपने बेटे नितिन पाल व विषभपाल पर चालीस लाख रूपये हडपने का आरोप लगाया है। महिला ने बताया कि एफडी कराने के नाम पर दोनों बेटों ने करीब ढाई वर्ष पूर्व उससे रूपये लिये। आरोप है कि 2024 से 2025 तक मोटी रकम ट्रांसफर करायी और 6 नवम्बर 2024 को 9 लाख रूपये, 22 जनवरी 2025 को 5 लाख रूपये और इसके बाद अलग-अलग समय में कुल चालीस लाख रूपये लिये लेकिन उसकी कही भी एफ.डी नही कराई, पीडिता को जब इस सम्बन्ध में जानकारी हुई तो उसने इस सम्बन्ध में अपने बेटों से बात की। पहले तो बेटे इधर उधर की बात करते रहे और बाद में उसे धमकी देने लगे। यह आरोप पीडिता ने पुलिस थाना सिविल लाईन के समक्ष लगाया है। पुलिस ने इस सम्बन्ध में दी गई तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि इस मामले में जांच के दौरान जो सच्चाई सामने आयेगी उसके आधार पर कार्यवाही होगी।



मुजफ्फरनगर: पुलिस परिवार के साथ होली खेलते पुलिस अधिकारीगण।

# एसएसपी, एसपी सिटी, एसपी देहात ने पुलिस लाईन में खेली फूलों की होली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पुलिस लाईन में गुरूवार को होली मिलन समारोह में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा, एसपी सिटी संजय नारायण प्रजापत, एसपी देहात आदित्य बंसल ने रिक्रूट आरक्षियों के साथ फूलों की होली खेली।

इस दौरान जनपद के पुलिस मुखिया संजय कुमार वर्मा की धर्मपत्नी डा.नीलम राय भी होली मिलन में शामिल रही और यहां आरक्षियों के साथ उत्साह और हर्षोल्लास के साथ फूलों से होली खेली। इस दौरान एसएसपी ने सभी पुलिसकर्मियों एवं रिक्रूट आरक्षियों को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनायें दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। एसएसपी ने कहा कि होली का पर्व आपसी प्रेम, स्वार्थ और भाईचारे का प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन से पुलिस परिवार के बीच आपसी सहयोग और सामान्जस्य और उत्साह की भावना को बल मिलता है। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुआ और आरक्षियों ने गीत संगीत व सांस्कृतिक प्रस्तुतिया दी।



मुजफ्फरनगर: परिवार के साथ होली खेलते कैबिनेट मंत्री।

# गांव बीजोपुरा में दो युवकों पर किया कातिलाना हमला

**छपार।** छपार से अपने घर जा रहे दो युवकों पर घात लगाकर एक दर्जन से अधिक युवकों ने धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। गांव के युवक ने शोर मचाया तो हमलावर भाग गये। आरोप है कि घायलों के परिजन जब थाने जा रहे थे फिर उन्होंने ओर कुछ अज्ञात लोगों ने हमला कर घायल मारपीट की। पीड़ितों ने 10 नामजद और एक दर्जन अज्ञात के विरु) थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

गांव बिजोपुरा निवासी अमित व हरेंद्र 3 मार्च की रात्रि में साढ़े सात बजे छपार से अपने गांव जा रहे थे। गांव से बाहर स्कूल के पास एक स्कार्पियो कार खड़ी थी उसकी ओट में गांव के ही अवनीश,अरुण,भानू, अंकुर, लवकुश, अनुज सहित दस लोगों ने अमित पर चाकू व धारदार हथियार से हमला कर दिया। गांव के एक युवक ने झगड़ा देखकर गांव में शोर मचाया जिससे हमलावर अमित को मरा समझकर भाग गये। हरेंद्र को भी गंभीर चोंट आई। आरोप है कि जब घायलों के परिजन थाने जा रहे थे रास्ते में फिर वही हमलावर स्कार्पियो लिये खड़े थे फिर उन्होंने मारपीट की जिसमें अमित के पिता अमरीश को भी चोटें आई। हमलावर कार छोड़कर फरार हो गये। पुलिस ने रात्रि में ही सभी हमलावरों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उनके खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है।



मुजफ्फरनगर: समर्थकों के साथ होली खेलते मंत्री कपिल देव।

# गुलाल व पिचकारी से हर्षोल्लास से खेली होली

**मुजफ्फरनगर।** गुरूवार को जनपद के पुलिस मुखिया ने अधीनस्थ अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ होली का त्यौहार बड़े हर्षोउल्लास के साथ मनाया। इस दौरान एसएसपी, एसपी, एसपी देहात, सीओ ने पुलिस परिवार के साथ मिलकर होली खेली।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने रिजर्व पुलिस लाईन, मुजफ्फरनगर में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ हर्षोल्लास के साथ होली का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पुलिसकर्मियों को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी गई तथा सभी के उत्तम स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर एसएसपी ने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि होली आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द का





प्रतीक पर्व है। उन्होंने कहा कि पुलिस परिवार भी एक बड़े परिवार की तरह है,

जिसमें सभी अधिकारी एवं कर्मचारी मिलकर जनपद में शांति, कानून-व्यवस्था और जनता की सुरक्षा के लिए निरंतर कार्य करते हैं। उन्होंने पुलिसकर्मियों को कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन एवं समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। अधिकारियों के साथ होली खेल रहे पुलिस कर्मी बडे ही खुश नजर आये।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक नगर सत्यनारायण प्रजापत, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आदित्य बंसल, पुलिस अधीक्षक अपराध इन्दु सिद्धार्थ, पुलिस अधीक्षक यातायात अतुल कुमार चौबे, समस्त क्षेत्राधिक. ारीगण, थानाप्रभारीगण, प्रतिसार निरीक्षक सहित पुलिस के अन्य अधिकारी/कर्माचारीगण व पुलिस परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

# गांव अमीरनगर में दुल्हैंडी के दिन दो पक्ष भिड़े

**मुजफ्फरनगर।** तितावी थाना क्षेत्र के गांव अमीरनगर में दुल्हैंडी के दिन किसी बात को लेकर हुई मामूली कहासुनी के बाद दो पक्ष आमने-सामने आ गये और यहां जमकर लाठी डंडे चले। सूत्रो का यह भी कहना है कि दोनों पक्षों में ईट पत्थर भी चले। जिसमें कई लोग घायल हुए है। सुचना के कुछ देर बाद ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति पर नियन्त्रण करते हुए दोनों पक्षों के चार लोगों को हिरासत में ले लिया। बताया जाता है कि गांव अमीरनगर की एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई जिसमें दो पक्षो के बीच जमकर टकराव व विवाद हुआ। पुलिस ने तुरन्त ही मामले का संज्ञान लिया और स्थिति को नियन्त्रण में करते हुए चार लोगों को हिरासत में लेकर थाने पर बैठा दिया। सीओ फुगाना यतेन्द सिंह नागकर भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने गांव के जिम्मेदार लोगों से इस सम्बन्ध में बात की। क्षेत्राधिकारी फुगाना का कहना है कि उन्होंने पुलिस के साथ मिलकर मौके पर शांति व्यवस्था कायम की और वीडियो की जांच पडताल की जा रही है। उन्होंने कहा कि जांच पड़ताल के बाद जिस तरह मामला सामने आयेगा, उसी आधार पर कार्यवाही होगी। पुलिस का कहना है कि घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भेज दिया गया है और अब वीडियो के आधार पर पथराव करने वाले लोगों की पहचान भी की जा रही है। उनका कहना है कि पुलिस जल्द ही ईट पत्थर चलाने वाले लोगों को हिरासत में लेकर कानूनी कार्यवाही करेगी। यह मामला उच्च अधिकारियों के संज्ञान में भी आ चुका है। पुलिस का कहना है कि इस मामले में मुकदमा भी दर्ज कर लिया गया है।

आयुष्मान सुविधा उपलब्ध है

माहे रमजान की दिली मुबारकबाद

डॉ0 रिजवान अली
एम0बी0बी0एस0 (एम0एस0)
जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन

डॉ0 मौहसिन अली
एम0बी0बी0एस0 (एम0डी0)

डॉ0 मौ0 शुऐब
एम0बी0बी0एस0 (एम0एस0)

डॉ0 जैनब इनाम
एम0बी0बी0एस0 (डी0जी0ओ0)
(स्त्री रोग विशेषज्ञ)

दिवान हॉस्पिटल
सुजडू चुंगी, मेन रोड मुजफ्फरनगर 251001
0131-2634069-9837 3357 11

# स्वस्थ जीवन के लिए जल, जंगल, जमीन बचाओ : राकेश टिकैत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** भोकरहेडी सीकरी मार्ग पर स्थित ठाकरान फार्म हाऊस पर भारतीय किसान यूनियन द्वारा एक पंचायत का आयोजन किया गया, जहां जल, जंगल, जमीन बचाओ अभियान के अंतर्गत भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने स्वस्थ जीवन के लिए खेती से जुडे रहने पर बल दिया। साथ ही किसान की आमदनी बढाने व किसानों की समस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा की। वहीं अनूठी पहल करते हुए फार्म हाऊस का जन्मदिन भी केक काटकर मनाया गया।

भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि भारत कृषि प्रधान देश है। खेतीबाडी ही देश की रीढ की हढी है। व्यवसायिकरण की गलत नीतियो के कारण खेती पर अनावश्यक दबाव बढ रहा है। युवा पीढी खेती से उन्मुख हो रही है। आने वाली पीढी को खेती किसानी से जोडे रखने के लिए कृषि की आमदनी बढानी होगी। सरकार अपनी नीतियों में कृषि को प्राथमिकता दे। किसान की सभी फसलों के उचित दाम मिले। कम लागत व कम परिश्रम पर खेती का कार्य हो तभी किसान का हित होगा।

बडे उद्योगपतियों के आने से जमीन की कीमत तो बढी है जो अच्छी बात है किन्तु सर्किल रेट नहीं बढने से किसान की भूमि का अधिग्रहण होने पर उसे मुआवजा कम मिलता है।

सरकार फसलों का उचित भाव तय करे। कम भाव में खरीदने वालों पर कार्रवाई होनी चाहिए। वहीं 40 वर्ष पूर्व चीनी मिल मोरना द्वारा 80 बीघा भूमि का अधिग्रहण होने के बाद भूमि खो चुके किसान मनोज ठाकरान ने मेहनत और लगन से पुन: 110 बीघा जमीन खरीदकर जमीन से जुडे होने की मिसाल कायम करते हुए गुरूवार को भूमि का पांचवां जन्मदिन मनाया तथा अन्य किसानों को खेती से जुडे रहने की प्रेरणा दी।

इस अवसर पर मुख्य रूप से भाकियू मंडल अध्यक्ष योगेश शर्मा, जिलाध्यक्ष नवीन राठी, युवा भाजपा नेता अमित राठी, रविन्द्र उर्फ छोटा प्रधान, ब्लॉक अध्यक्ष अनुज राठी, हरिओम त्यागी, राजीव चेयरमैन, भूपेन्द्र सिंह, सरदार अमीर सिंह, सर्वेन्द्र राठी, वरूण सहरावत, राजीव राठी, नीरज राठी, मनीष कुमार, बिट्टू प्रधान, विकास कुमार, पुलकित, संदीप राठी, टीटू, धर्मेन्द्र, बेदबीर सिंह, हवासिंह आदि उपस्थित रहे।

## उधार के पैसे मांगने पर पिता-पुत्र से मारपीट

**खतौली।** कोतवाली क्षेत्र के गांव नंगली महासिंह में उधार के पैसे मांगने को लेकर विवाद हो गया, जिसमें एक युवक और उसके पिता के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि दूसरे पक्ष के लोगों ने दोनों को कमरे में बंधक बनाकर बेरहमी से पीटा, जिससे वे घायल हो गए।

भूड खतौली निवासी रोहित शर्मा पुत्र अमरेश शर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह बुधवार को होली खेलने के लिए गांव नंगली महा. सिंह गया था। होली के बाद उसने गांव के ही अर्जुन से अपने दिए हुए पांच हजार रुपये वापस मांगे। इसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। पीड़ित का आरोप है कि अर्जुन और उसके साथियों ने गाली-गलौज करते हुए उस पर हमला कर दिया। इस दौरान आरोपितों ने रोहित और उसके पिता को लाठी-डंडों और लात-घूंसों से पीटा। इतना ही नहीं, दोनों को एक कमरे में बंधक बनाकर काफी देर तक मारपीट की गई, जिससे पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। रोहित ने यह भी आरोप लगाया कि घटना के बाद गुरुवार को जानसठ अढे पर भी आरोपितों ने उसे घेर लिया और धमकी देते हुए मारपीट की। पीड़ित पक्ष ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

# आसपा नेता ने होली पर जाना जनता का हाल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी कांशीराम के पूर्व जिला प्रभारी व भारतीय गुरु रविदास विकास मंच के राष्ट्रीय महासचिव विकास अंबेडकर डूंगर ने बीते बुधवार को होली पर जिला पंचायत क्षेत्र के वार्ड 18 के गांव राजपुर छाजपुर, दुर्गनपुर, हरियाखेड़ा और बिराल समेत कई गांवो में लोगों से प्रेमपूर्वक मुलाकात कर सबका हाल चाल जाना व सबको होली की बधाई दी। उन्होंने सबसे एकजुट होकर भाईचारे के रंग में रंगने की अपील की और सीधी सरल भाषा में कहा कि इस बार सब लोग एकजुट होकर ऐसा भाईचारा बनाओ जो पूरे देश के लिए एक संदेश बने। इस बार आपका अपना विकास अंबेडकर आप लोगों के हक के लिए क्षेत्र के विकास के लिए और आप सभी के सम्मान के लिए आपके हक की लड़ाई लड़ रहा है। आपके लिए संघर्ष कर रहा है। इस बार आप सभी को अपना सहयोग देकर विकास अंबेडकर को मजबूत करना है ताकि भविष्य में आपके जीवन में खुशियों के रंग हमेशा हमेशा के लिए भर जाएं। में आप सभी के सुख दुख में आपके हक और संघर्ष की लड़ाई में हमेशा आप सभी के साथ खड़ा हूं। इस बार भरोसा करके मजबूत कीजिए यही मजबूती कल आप सब की ताकत बनेगी। यहां मनोज कुमार, अंकित कुमार, सुनील कुमार, मिस्त्री तेजपाल, मदन कुमार, सुरेंद्र सिंह, बिहारी लाल, प्रदीप कुमार, ओमपाल, शिवम कुमार, विशाल कुमार, राजेंद्र बाबा, विवेक कुमार, कमल कुमार, ओमपाल और धर्मेंद्र आदि मौजूद रहे।

# राज्यमंत्री व चेयरपर्सन के आवास पर मना जश्न

## होली महोत्सव में योगी के गीतों पर नाचे समर्थक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** होली महोत्सव में राज्यमंत्री से लेकर पूर्व केंद्रीय मंत्री और नगरपालिका अध्यक्ष तक समर्थकों के साथ होली के जश्न में डूबे नजर आए। रंगों और गुलाल की जमकर बौछार हुई। राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल के आवास पर होली का भव्य आयोजन किया गया।

समर्थकों की भीड़ देख मंत्री कपिल देव अग्रवाल खुद को रोक नहीं पाए और समर्थकों के साथ भगवा व होली के गीतों पर जमकर नृत्य किया। नगरपालिका अध्यक्ष के आवास पर 'योगी' के गीतों की गूंज रही नगरपालि. का अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप के आवास पर भी होली का रंग खूब चढ़ा भाजपा नेता गौरव स्वरूप और उनके समर्थकों ने डीजे बजवा दिए योगी नेह्न जैसे लो. कप्रिय गीतों पर थिरकते हुए जश्न मनाया। इस दौरान विकल्प जैन, सचिन अग्रवाल, आशुतोष शर्मा रहे। इस दौरान शहर की सड़कों पर हुड़दंग की जगह प्रेम और उल्लास का वातावरण दिखाई दिया। राज्यमंत्री कपिल देव एक अलग अंदाज में नजर आए उन्होंने समर्थकों के साथ खुली कार में सवार होकर पूरे नगर का भ्रमण किया। शहर के हृदय स्थल शिवचौक पर पहुँचकर उन्होंने भगवान शिव का आशीर्वाद लिया और जनता के साथ होली खेली। इस दौरान शहर की सड़कों पर हुड़दंग की जगह प्रेम और उल्लास का वातावरण दिखाई दिया।

## सम्बन्ध विच्छेद सूचना

मेरा बेटा यश कर्णवाल बुरी संगत में रहने लगा है और यश कर्णवाल मेरी व मेरे पति अशोक कुमार की नही सुनता है। इसके द्वारा किये गये गलत कार्य का वह स्वयं जिम्मेदार होगा और यदि किसी से कर्जा इत्यादि या कोई बुरा कार्य किया तो वह स्वयं इन सबका जिम्मेदार होगा। बुरी संगत में रहने के कारण मैने व मेरे परिवार ने यश कर्णवाल से अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद करके मैने यश कर्णवाल को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेन-देन के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नही होगी।

**अर्चना कर्णवाल पत्नी अशोक कुमार निवासी बुध कटेहडा कस्बा व थाना जानसठ जिला-मुजफ्फरनगर**

# तीन दिवसीय ऐतिहासिक घाट मेले में उमड़ा भाईचारे का सैलाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** रंगों के पर्व होली के अगले दिन से शुरू होने वाला चरथावल का ऐतिहासिक तीन दिवसीय घाट मेला इस बार भी अपनी पुरानी परंपराओं और आपसी भाईचारे की मिसाल बना हुआ है। बाजार कला के इमामबाड़ा चौराहा से लेकर मल्लूहवाला मैदान तक फैले इस मेले में क्षेत्र के हजारों लोगों ने शिरकत की। हिंदू-मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एक साथ मिलकर मेले का आनंद लिया, जो वर्षों पुरानी सांप्रदायिक सौहार्द की परंपरा को और मजबूत करता दिखा।

मेले के पहले दिन मल्लूहवाला मैदान में आयोजित भव्य दंगल ने आयोजन की शोभा में चार चांद लगा दिए। दंगल में दूर-दराज से आए पहलवानों ने अपने दांव-पेंच दिखाए, जिसे देखने के लिए भारी भीड़ उमड़ी। दंगल का शुभारम्भ विधायक पंकज मलिक व चेयरमेन मास्टर इस्लाम के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया व दंगल मे बहुत भारी भीड़ जुटी और कई इनामी कुश्तीया भी दंगल मे देखने को मिली जोरदार कुशतियों पर दर्शकों ने भरपूर मनो. रंजन किया इसके साथ ही, गगनचुंबी झूलों, सर्कस और काला जादू के शो ने बच्चों और युवाओं का खूब मनोरंजन किया। मेले में पुरानी रीत के अनुसार लूहारी के बेरश और जलेबी की जमकर खरीदारी हुई, जबकि हलवा-पराठा के स्टॉल्स पर स्वाद के शौकीनों का दिनभर तांता लगा रहा।

## नगर पंचायत व पुलिस की दिखी चाक-चौबंद व्यवस्था

**चरथावल।** मेले के सफल आयोजन को लेकर स्थानीय प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। नगर पंचायत चरथावल द्वारा मेला परिसर और मुख्य मार्गों पर साफ-सफाई की विशेष व्यवस्था की गई थी। देर शाम तक चलने वाले इस मेले के लिए पूरे रूट और दंगल स्थल पर लाइटिंग के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिससे श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो।वहीं घ्सुरक्षा की ख्रष्टि से चरथावल पुलिस ने कमान संभाल रखी थी। इमामबाड़ा चौराहा से मल्लूवाला मैदान तक जगह-जगह भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस की टीमें लगातार गश्त करती रहीं, ताकि शांतिपूर्ण तरीके से मेले का लुत्फ उठाया जा सके। भारी भीड़ को देखते हुए वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाकर रूट डाइवर्ट किए गए थे, जिससे पैदल यात्रियों को काफी राहत मिली।वही दंगल कमेटी मे प्रमुख समाजसेवी डाक्टर नौशाद, वाहब त्यागी, आसिफ डायरेक्टर, प्रवेज त्यागी, वरिष्ठ पत्रकार सादिक त्यागी, साबिर राजा,मोनू त्यागी सहित अने. को मौजूद रहे।

## पूर्व कांग्रेस नेता मास्टर जावेद की पत्नी का निधन

**खतौली।** नगर के काजियान चौक क्षेत्र निवासी पूर्व कांग्रेस नेता स्व. मास्टर जावेद की पत्नी का गुरुवार को बीमारी के चलते 65 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों, परिचितों और क्षेत्रवासियों ने गहरा दुख व्यक्त किया।

सूचना मिलने पर खतौली विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी व समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष श्यामलाल बच्ची सैनी शोक संतप्त परिवार से मिलने उनके आवास पहुंचे। उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। श्यामलाल बच्ची सैनी ने कहा कि स्वर्गीय मास्टर जावेद का परिवार लंबे समय से सामाजिक और राजनीतिक गतिविधियों में सक्रिय रहा है। उनकी पत्नी के निधन से क्षेत्र ने एक सरल स्वभाव और सम्मानित महिला को खो दिया है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और परिवार को इस दुख की घड़ी को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

# होली उत्सव के समापन पर संयम और सदाचार का दिया संदेश



**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** आर्य समाज शिवपुरी में आयोजित होली उत्सव के अंतिम दिन धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच समाज को सदाचार और संयम का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने लोगों से नशा, क्रोध और प्रमाद से दूर रहकर धर्म और मानवता के मार्ग पर चलने का आ]वान किया।

मुख्य वक्ता आचार्य कंवरपाल शास्त्री ने कहा कि नशा करने वाला, प्रमादी और क्रोधी व्यक्ति कभी धार्मिक नहीं हो सकता। धर्म का वास्तविक मार्ग संयम, सदाचार और सेवा से होकर गुजरता है। उन्होंने कहा कि अभिमान, लोभ, भय, पागलपन, थकान, भूख और कामना से ग्रसित व्यक्ति भी धर्म के मार्ग पर नहीं चल पाता। ऐसा व्यक्ति न परिवार, न समाज और न ही राष्ट्र के लिए हितकारी सिद्ध होता है। उन्होंने कहा कि सच्चा देशभक्त वही है जो अपने राष्ट्र को अपने पुत्र से भी अधिक प्रिय मानता है। उन्होंने आगे कहा कि शिक्षा केवल एक साधन है, जबकि विद्या जीवन का लक्ष्य है। विद्या के माध्यम से ही मनुष्य को मुक्ति का मार्ग मिलता है और जीवन की कामनाओं की पूर्ति संभव होती है। सहारनपुर से आए आचार्य अमित कुमार शास्त्री ने अपने संबोधन में कहा कि अविद्या सभी क्लेशों की जननी है। जन्म ही दुखों का कारण है और जन्म-मरण के चक्र से मुक्ति केवल विद्या के माध्यम से ही संभव है।

उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति विश्व को शांति का संदेश देती है, क्योंकि यहां की परंपरा पूरी वसुधा को एक परिवार मानने की भावना सिखाती है। इस अवसर पर आर्य भजनोपदेशक मोहित शास्त्री ने भजनों के माध्यम से माता-पिता के महत्व को समझाया। वहीं महाशय जगमाल आर्य, सुरेंद्र कुमार शास्त्री और भगवान सिंह आर्य ने भी भजन प्रस्तुत कर माहौल को भक्तिमय बना दिया।

कार्यक्रम से पूर्व वेद मंत्रों के साथ होली यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें पंडित रामदेव शास्त्री और उनकी धर्मपत्नी यजमान रहे। रोहित, अजेश आर्य और प्रभव आर्य ने भी यज्ञ में आहुतियां दीं। कार्यक्रम का संचालन आर्य प्रतिनिधि सभा मुजफ्फरनगर के अध्यक्ष सत्येंद्र आर्य ने किया। इस दौरान राजपाल आर्य (भैंसी), संतोष कुमार आर्य (प्रधानाचार्य), रामानंद आर्य (प्रधान), जगदीश सिंह, धीरेंद्र आर्य, शोभाराम आर्य, सुशील आर्य, विकास आर्य, रण सिंह आर्य, सुनील वर्मा, अनिल वर्मा, प्रभा देवी, उषा आर्य, रेखा आर्य, अजय आर्य, दीपक आर्य, मोहनलाल गोयल, प्रणव आर्य, चुन्नीलाल आर्य, वेद प्रकाश एडवोकेट, बृज गोपाल आर्य, चरण सिंह आर्य, दयानंद आर्य, जयकरण सिंह (एडीओ), प्रमिला देवी, संगीता देवी, अनिल आर्य, आदेश मोतला, अरुण आर्य, अमरेश कौशिक और सुनील आर्य सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# शाहपुर में भी हर्षोल्लास से मनाई गई होली



**शाहपुर।** नगर से लेकर देहात तक होली पर जमकर गुलाल उड़ा। क्षेत्रवासी फिल्मी गानों पर थिरकते नजर आए लोगों ने एक दूसरे के गले मिलकर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। कस्बे के वरिष्ठ प्रमुख समाजसेवी एवं सभासद सोनू सैनी के आवास पर सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। वरिष्ठ भाजपा नेता अरविंद पाल के कैंप कार्यालय पर विशेष आयोजन किया गया। रेडीमेड व्यापारी उज्जवल कर्णवाल के आवास पर होली पर सभी क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं दी गई। पूर्व चेयरमैन प्रमेश सैनी के कैंप कार्यालय पर सभी युवाओं ने मिलकर होली का त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाया गया। इस दौरान सुरक्षा की दृष्टि से शाहपुर थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह व कस्बा चौकी प्रभारी राहुल कुमार काफी सतर्क रहे। भाईचारे के प्रतीक रंगोत्सव का त्यौहार नगर से लेकर देहात तक काफी उत्साह के साथ मनाया गया। लोगों ने जमकर गुलाल उड़ाया। नगर के आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान, रालोद नेता अनिल बालियान, प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ प्रदीप सिंह चौहान, युवा समाजसेवी प्रदीप पाल, वरिष्ठ भाजपा नेता कपिल सैनी, मोनू ठाकुर, वरिष्ठ पत्रकार डॉ. अनुज अग्रवाल, समाजवादी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष शिक्षक सभा (उ.प्र) सतेंद्र पाल, वरिष्ठ भाजपा नेता उमेश मित्तल, द स्काइलैंड स्कूल के प्रबंधक राहुल गोयल, युवा समा. जसेवी नवदीप मित्तल, अंकित मित्तल, रवि अरोरा, विनोद कुमार आरा मशीन वाले, जिला पंचायत सदस्य विजय चौधरी, युवा समा. जसेवी सचिन कर्णवाल, ग्राम शाहडब्बर प्रधान नीरज राठी, वरिष्ठ भाजपा नेता श्यामपाल सिंघल, पूर्व सभासद चंद्रवीर सिंह चौधरी, पूर्व चेयरमैन राजेश सिंघल, विजय बंसल (चिंटू), ग्राम दूल्हेरा प्रधान अरविंद बालियान, अरुण सैनी, अजय बालियान, विपिन बंसल आदि मौजूद रहे।

# इंडियन पोटाश लिमिटेड डिस्टलरी यूनिट में राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का शुभारम्भ




**मुजफ्फरनगर।** रोहाना कलां स्थित इंडियन पोटाश लिमिटेड, डिस्टलरी एवं कंप्रेस्ड बायो गैस यूनिट में राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह-2026 के अंतर्गत सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजन का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर कर्मचारियों को कार्यस्थल पर सुरक्षा के महत्व, दुर्घटना रोकथाम तथा सुरक्षित कार्य व्यवहार के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सुरक्षा शपथ दिलाई गई और सुरक्षित एवं दुर्घटनामुक्त कार्यस्थल बनाने का संकल्प लिया गया।कारखाने में कार्यक्रम का शुभारम्भ यूनिट हेड रमेश कुमार शर्मा एवं एजीएम (प्रोडक्शन) भारत कुमार की उपस्थिति में किया गया। कारखाने में सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ फायर एवं सुरक्षा अधिकारी मोहित कुमार बालियान के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर सभी विभागाध्यक्षों एवं प्लांट के कर्मचारियों की उपस्थिति रही। प्रबंधन द्वारा सभी कर्मचारियों से कारखाने में सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए सुरक्षित कार्य संस्कृति को अपनाने की अपील की गई।राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह 4 मार्च से 10 मार्च तक मनाया जाएगा, जिसके अंतर्गत पूरे सप्ताह विभिन्न सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।?

# माधव गौशाला में मनाया गया दुल्हैंडी का पर्व

**बजाज शुगर मिल कालोनी में भी मना दुल्हैंडी पर्व**

**बुढ़ाना।** ब्लाक बुढ़ाना क्षेत्र के गांव परासौली के जंगल में स्थित माधव गौशाला में बीते बुधवार को गौ रक्षकों द्वारा दुल्हैंडी का पावन पर्व शांतिपूर्ण व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मिली जानकारी के अनुसार गौशाला में दुल्हैंडी का पावन पर्व शांतिपूर्ण व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गौशाला के सदस्यों व ग्रामीणों ने गौमाता की पूजा अर्चना की और उनके लिए विशेष भोग का आयोजन किया। इस अवसर पर गौमाता को रंगों से सजाया गया और उनके लिए विशेष भोजन का आयोजन किया गया। गौशाला के सदस्यों ने गौमाता की सेवा की और उनके लिए प्रार्थना की। गौशाला के संचालक और गौरक्षक छोटा सैनी ने बतलाया कि दुल्हैंडी का पावन पर्व गौशाला में शांतिपूर्ण और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जो सामाजिक सद्भाव व एकता का प्रतीक रहा। इस तरह के आयोजनों का उद्देश्य गौ सेवा के प्रति लोगों को जागरूक करना और समाज में संदेश देना था। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने एक दूसरे को रंगों के त्योहार की बधाई दी और गौमाता की सेवा करने का संकल्प लिया। जिसमें सभी ने गौमाता की पूजा अर्चना की और उनके लिए प्रार्थना की व गाय को रंग लगाकर और उन्हें दुलारकर होली का त्योहार मनाया। गायों को गुड़ खिलाया और उनकी सेवा भी की। यहां पर साहिल ठाकुर, गौरक्षक गोलू पंडित, गौरक्षक हर्ष ठाकुर, गौरक्षक घनश्याम सैनी और गौरक्षक कपिल आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

**उधर बीते कल** दुल्हैंडी का पर्व बुढ़ाना कस्बे व क्षेत्र में बड़ी ही धूमधाम और हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही गांवों और कस्बों में रंग गुलाल का उत्साह देखा गया। लोगों ने एक दूसरे को अबीर लगाकर दुल्हैंडी पर्व की शुभकामनाएं दी। बाजारों और प्रमुख चौराहों पर विशेष रौनक रही। इस पर्व के मद्देनजर स्थानीय पुलिस प्रशासन ने एसपी देहात आदित्य बंसल और एसडीएम कृष्णकांत ब्विकर्मा के संयुक्त नेतृत्व मे सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए हुए थे। बुढ़ाना क्षेत्र के संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया था। स्थानीय पुलिस अधिकारी भी लगातार गश्त कर



स्थिति का जायजा लेते रहे। किसी भी विवाद की स्थिति से बचने के लिए चप्पे-चप्पे पर निगरानी रखी गई। अधिकारियों ने बताया कि होली पर शांति व्यवस्था बनाए रखना प्राथमिकता थी और असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी गई। इन सख्त उपायों के कारण पूरे क्षेत्र में त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। कुल मिलाकर बुढ़ाना कस्बे और क्षेत्र में दुल्हैंडी का पर्व भाईचारे और सौहार्द के साथ संपन्न हुआ। प्रशासन ने त्योहार को शांतिपूर्ण बनाने में सहयोग के लिए लोगों का आभार व्यक्त किया। इस दौरानघ् एक दो घटनाओं को छोड़कर कहीं पर भी अप्रिय घटना का समाचार नहीं मिला।

**वहीं** बीती बुधवार के दिन बजाज **हिंदुस्तान शुगर मिल लिमिटेड** इकाई भसाना की कॉलोनी परिसर में होली मिलन समारोह बड़े हर्षोल्लास, उत्साह एवं पारिवारिक वातावरण के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस गरिमामय अवसर पर इकाई प्रमुख चंद्रवीर सिंह सहित समस्त विभागाध्यक्ष अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं उनके परिवारजन सपरिवार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का वातावरण अत्यंत सौहार्दपूर्ण एवं आनंदमय रहा। सभी उपस्थितजनों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की हार्दिक शुभकामनाएं दी तथा आपसी प्रेम, भाईचारे और एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान पारंपरिक होली गीतों एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया जिससे उत्सव का उल्लास और भी बढ़ गया। बच्चों एवं महिलाओं की सक्रिय सहभागिता ने समारोह को और अधिक रंगीन एवं जीवंत बना दिया।

कार्यक्रम के अंत में आपसी शुभकामनाओं एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ इस कार्यक्रम का समापन हुआ। यह होली मिलन समारोह संगठनात्मक एकता, पारिवारिक भावना एवं सौहार्द का एक सुंदर प्रतीक बनकर सभी के लिए स्मरणीय रहा।



# खेत में काम कर रहे मजदूरों को पीट कर किया लहूलुहान

## किसान को जबरन ले जाने का किया प्रयास, विरोध में हमला, पुलिस कार्रवाई शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** शुक्रताल गंगा खादर क्षेत्र में खेतों में जायद की फसल के लिए खेत में काम कर रहे मजदूरों के साथ मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। दो दर्जन से अधिक आरोपियों ने इकठा होकर आधा दर्जन मजदूरों को मारपीट कर घायल कर दिया। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भोपा पर उपचार के लिए लाया गया। पीडित ने आरोपियों के खिलाफ कार्यवाई की मांग की है।

जनपद शामली के थाना कैराना क्षेत्र के गांव मामोर निवासी इसरान ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ शुक्रताल खादर क्षेत्र में प्लेज लगाकर तरबूज आदि की खेती करते हैं।

बुधवार की दोपहर वह अपने खेत पर कार्य कर रहे थे तभी वहां दो अज्ञात व्यक्ति आए तथा परिवार के ही हनीफ को अपना इंजन बेचने की बात बताकर साथ चलने को कहने लगे तो हनीफ ने इंकार कर दिया। जिससे आरोपियों ने घोर नाराजगी जाहिर करते हुए धमकी देना शुरू कर दिया। देर शाम जब वह अपने खेत पर मौजूद थे तभी दो दर्जन से अधिक व्यक्ति इकठा होकर वहां आए और गाली गलौज करने लगे। गाली देने का कारण जानने पर आरोपियों ने लाठी डंडों व धारदार हथियारों से उन पर हमला कर दिया। पीडितों ने किसी प्रकार भागकर अपनी जान बचाई। मारपीट में इसरान, इरशाद, सलीम, आलिम, हनीफ व रिहान को गम्भीर चोटें आई हैं। घायलों को भोपा अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका उपचार किया गया। गम्भीर रूप से घायल इरशाद को जिला चिकित्सालय रेफर किया गया, जहां उसकी हालत चिंताजनक बताई गई है। पीडित इसरान ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं घटना को लेकर खादर क्षेत्र में दहशत व्याप्त हो गई है।



थाना प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह ने बताया कि घायलों का उपचार कराया गया है तथा अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है जांच के उपरांत कार्रवाई की जाएगी।

# रायपुर अटेरना में प्राचीन मंदिर पर लगेगा मेला

**बुढ़ाना।** नौ मार्च को बुढ़ाना क्षेत्र के गांव रायपुर अटेरना में 800 वर्ष पुराने मंदिर पर भव्य मेला लगेगा। जिसमें आस्था का जनसैलाब उमडेगा। ये बात गांव रायपुर अटेरना में हुई मीटिंग में मेले के मुख्य संरक्षक पंडित जोगिंदर शास्त्री ने कही। उन्होंने बताया 9 मार्च को गांव रायपुर अटेरना में प्यारेजी महाराज के 800 वर्ष पुराने मंदिर में विशाल मेला लगेगा। प्रतिवर्ष होली के 6 दिन बाद लगने वाले इस मेले में यूपी, एमपी, पंजाब, महाराष्ट्र से काफी श्रद्धालु आएंगे। मंदिर को भव्य रूप से सजाया जाएगा। विशेष आकर्षण के केंद्र मंदिर के भीतर स्थित कुंज गली है जिसे लेकर मान्यता है कि इसका निर्माण मात्र एक रात में हुआ था। ग्राम प्रधान ममता देवी व राष्ट्रपति पुरुष्कार से सम्मानित पूर्व प्रधान मुकेश शर्मा के नेतृत्व में ग्रामीण तैयारी कर रहे हैं। मेले में सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहेंगे ताकि बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी असुविधा का सामना न करना पड़े। मेले में व्यवस्था बनाए रखने के लिए आयोजकों द्वारा बारीकी से नजर रखी जाएगी। मंदिर के मुख्य द्वार व कुंज गली पर भीड़ को नियंत्रित करने हेतू बैरिकेडिंग, वॉलिंटियर्स, चिकित्सा एंबुलेंस की व्यवस्था रहेगी। मीटिंग में मुकेश प्रधान, रविदास, तेज प्रधान, सुशील प्रधान, संदीप प्रधान, रमेश चंद, करण सिंह, जय भगवान, राजेंद्र, राजकुमार, बालेंद्र, राकेश, धोना भगत, मोहन लाल, लक्ष्मीकांत, अशोक, सचिन, कुलदीप, भोला, सौरव, गौरव, गजेंद्र मास्टर, सामंत और अजय पाल शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# बाइकों की भिड़ंत में दो पुलिसकर्मी घायल

**बुढ़ाना।** अंगूर की बेटी के नशे में धुत होकर तेज रफ्तार तरीके से मोटर साईकिल चला रहे एक युवक ने विपरीत दिशा से आ रही दो पुलिसकर्मियों की एक मोटर साइकिल में जोरदार टक्कर मारकर दोनों पुलिसकर्मियों को सड़क पर गिराकर घायल कर दिया और घटना को अंजाम देते हुए अपनी मोटर साइकिल सहित फरार होने में कामयाब हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने थोड़ी ही दूर पर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना में दोनों सिपाहियों को भर्ती कराया। इस घटना की सूचना पर बुढ़ाना पुलिस केंद्र पर पहुंची और दोनों घायल सिपाहियों का हाल चाल जाना। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेजों के आधारघ् पर आरोपी शराबी चालक की तलाश शुरु कर दी थी। घटना बुढ़ाना कस्बे के होली चौक के पास की है। दोनों सिपाही दुल्हैंडी पर्व को लेकर अपनी डड्ूटी के दौरान गश्त कर रहे थे की तभी यह हादसा हुआ। इस हादसे में दोनों सिपाही सड़क पर गिर गये और घायल हो गये। उच्च अधिकारियों ने भी बुढ़ाना सीओ गजेंद्र पाल सिंह से घटना की सूचना ली। सीओ ने भी दोनो घायल सिपाहियों का हालचाल जाना। घटना बीती बुधवार की बताई जा रही है। घटनास्थल के आसपास के लोग इससे पहले कुछ समझ पाते तब तक शराबी चालक अपनी मोटर साइकिल पर बैठकर फरार हो चुका था।

# ट्रक चालक को धारदार हथियार से किया जख्मी

**बुढ़ाना/रतनपुरी।** एक ट्रक चालक को अन्य वाहन चालक से साइड मांगना महंगा पड़ गया। अन्य वाहन चालक ने इसी बात से गुस्सा होते हुए ट्रक चालक को धारदार हथियार मारकर घायल कर दिया और फरार हो गया। मौके पर पहुंची रतनपुरी पुलिस ने घायल चालक को हस्पताल में भर्ती कराने के बाद फरार चालक की तलाश शुरु कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार जनपद शामली के कस्बा कांधला का निवासी शानू विगत रात्रि खतौली से बुढाना अपना ट्रक लेकर आ रहा था। रास्ते में गन्ने से भरे ट्रक के चालक ने ट्रक को गलत दिशा मेंघ् रोक दिया। जब शानू ने उसको साईड देने कोघ् कहा तोघ् उसे इस मामूली सी बात पर बहुत गुस्सा आया और उसने ट्रक में रखा धारदार हथियार उठाया और शानू को मार दिया। जिसमें शानू घायल हो गया। अगर घायल शानू की मानें तो उसने उसकी हत्या का भी प्रयास किया लेकिन वह सफल नहीं हो सका। आते जाते राहगीरों की सूचना पर रतनपुरी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तो आरोपी ट्रक सहित फरार हो गया था जबकि घायल चालक शानू को पुलिस ने एक हस्पताल में भर्ती कराकर घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरें खंगालते हुए फरार ट्रक चालक की तलाश शुरु कर दी थी। घटना की सूचना रतनपुरी पुलिस ने घायल चालक के जरिए उसके परिजनों को दे दी थी।

# क्रिस्टल बालाजी टाइटंस की शानदार जीत, अंबा वॉरियर्स को 71 रन से हराया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** चौधरी चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेले जा रहे मुजफ्फरनगर प्रीमियर लीग-2 के मैच-18 में क्रिस्टल बालाजी टाइटंस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंबा वॉरियर्स को 71 रनों से परा. जित कर दिया। मैच के हीरो कार्तिक सिद्दू रहे, जिन्हें उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए क्रिस्टल बालाजी टाइटंस ने निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 209 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से कार्तिक सिद्दू ने नाबाद 67 रन की शानदार पारी खेली, जबकि कुशल यादव ने 34 और शोएब सिद्दीकी ने 34 रनों का योगदान दिया।लक्ष्य का पीछा करने उतरी अंबा वॉरियर्स की टीम क्रिस्टल बालाजी टाइटंस के गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी और 17 ओवर में 138 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। अंबा वॉरियर्स की ओर से अंशुल पाल ने 37 रन और विवेक सरोहा ने 28 रन बनाए।क्रिस्टल बालाजी टाइटंस की ओर से गेंदबाजी में रजत निरवाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 5 विकेट झटके, जबकि नफीस कुरैशी, कार्तिक सिद्दू और जुबैर ने 1-1 विकेट हासिल किया।इस शानदार जीत के साथ क्रिस्टल बालाजी टाइटंस ने लीग में अपनी स्थिति मजबूत कर ली।?

# टंढेडा ,ढांसरी खाईखेड़ा में निकले तिलहैन्डी के जुलूस

**मोरना।**गांव टन्ढेडा मे प्रसिद्ध तिलेहडी का जुलुस भारी हर्षोल्लास के साथ निकाला गया।जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया।साथ ही क्षेत्र के गांव खाईखेड़ा,खुजेड़ा व ढांसरी में भी पूर्व वर्षो की भांति तिलहैन्डी का जुलूस पारम्परिक रूप से निकाला गया। ककरौली थाना क्षेत्र के गांव टंढेडा में तिलहेन्डी का पारंपरिक जुलूस पूर्व वर्षो की भांति हर्षोल्लास के साथ निकाला गया।

जुलूस में ढ़ोल मंजीरो के साथ फाग के गीतों पर ग्रामीणों ने पारम्परिक लोक नृत्य किया तथा घोडों का सुन्दर नृत्य भी किया गया। जुलूस गांव स्थित शिव मंदिर से शुरू होकर मुख्य मार्गो से होता हुआ।गांव में बने कुएं पर पहुंचा वही कुआं पूजन के उपरांत जुलूस गुरू रविदास मन्दिर पर समाप्त हुआ। इस दौरान ग्रामीणों ने गुलाल लगाकर एक दूसरे को बधाई दी।



इस दौरान पवन प्रधान,धर्मेंद्र , दीपक एडवोकेट, मास्टर विजय पाल, मोनू कोहली, बालिस्टर, भरत सिंह, प्रवीण शर्मा, सूरजवीर, सतवीर, आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

वहीं ग्राम खाईखेडा में निकाले गये तिलहेन्डी के जुलूस में झांकियों का प्रदर्शन किया गया। इसके अलावा क्षेत्र के गांव खुजेड़ा व ढांसरी में तिलहेन्डी के जुलूस में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## दुल्हैंडी पर भोकरहेड़ी में रही होली की धूम

**मोरना।** कस्बा भोकरहेड़ी में पूर्व वर्षो की भांति दुलेहंडी का जुलूस पारंपरिक रूप से निकाला गया। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर एक दूसरे को रंग लगाया तथा होली की बधाई दी अनेक स्थानों पर जुलूस का स्वागत किया गया।कस्बा भोकरहेड़ी मे ब्रह्मचारी मंदिर से दुलेहंडी का जुलुस आरम्भ हुआ जिसके बाद मोहल्ला सुभाष चौक, नेहरू चौक, बाजार आदि मोहल्ले के मुख्य मार्गो पर बुधवार को दुलेहंडी का जुलूस निकाला गया। जुलुस का नेतृत्व कर रहे चौधरी रामपाल सिंह ने बताया की सेंकड़ो वर्षो से दुलेहंडी के जुलुस का आयोजन कस्बे मे किया जा रहा है। जुलुस के दौरान मंदिरों मे जाकर पूजा की गयी। बसेड़ा मार्ग स्थित देवताओं की पूजा की गयी।अनेक स्थानों पर ग्रामीणों द्वारा जुलुस मे शामिल व्यक्तियों को व्यंजन परोसकर स्वागत किया गया।

# फिजा टी स्टाल का हुआ उद्घाटन

**बुढ़ाना।** ब्लाक बुढ़ाना क्षेत्र की सफीपुर पट्टी में लुहसाना रोड पर स्थित फिजा टी स्टाल का उद्घाटन पत्रकार नसीम कुरैशी ने अपने कर कमलों द्वारा सैंकड़ों ग्रामीणों की मौजूदगी में फीता काटकर किया। इस दौरान यहां पर सभी लोगों ने गरम पकौड़ी व जलेबी का मजा लिया और रोजा इफ्तार भी किया। इस दौरान यहां पर मुख्य रुप से गणमान्य लोगों में हाजी अख्तर कुरैशी, चौधरी तराबुद्दीन, शब्बीरा रहमानी, मुरसलीन कस्सार, भूरा मंसूरी, आफताब राणा, नफीस सैफी, मौलाना खालिद, डाक्टर जावेद, आस मौहम्मद, जमात अली, इसबदीन धोबी, खुर्शीद धोबी, साबिर कुरैशी, सलीम कुरमाली, इकराम अंसारी, हासिम सिद्दीकी, रियासत नेताजी सलीम रहमानी, डाक्टर रहमत अली, आफताब राणा, शाबिर कुरैशी, खुर्शीद चौधरी, तहसीन आलम, हारून डीलर और फिरोज सिद्दीकी सहित अन्य सैंकड़ों ग्रामीणों की भी उपस्थिति देखने को मिली।

## छात्रों ने सैनपुर में लगाया फिजियोथेरेपी शिविर

**बुढ़ाना।** ब्लाक बुढ़ाना क्षेत्र के गांव सैनपुर में चौन्नई आईआईटी से आए छात्र छात्रओं ने एक नि:शुल्क फिजियोथेरेपी शिविर का सफल आयोजन किया। इस शिविर के दौरान दर्द से परेशान कई मरीजों का उपचार किया गया। गांव सैनपुर की निवासी आईआईटी चेन्नई की छात्र रोबिन राठी ने बताया कि आईआईटी के पूर्व छात्र संदीप कुमार और इंजीनियरिंग विभाग के प्राफेसर टीजू थॉमस द्वारा बैटकैप बियोंड एनर्जी सॉल्यूशन स्टार्ट अप की शुरुआत की है। संस्था का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण और श्रमिक वर्ग के लिए सुलभ, किफायती और आसान स्वास्थ्य समाधान विकसित करना है। संस्था के फाउंडर संदीप कुमार ने कहा कि किसान और मजदूर वर्ग लंबे समय तक शारीरिक श्रम करने के कारण जोड़ों और मांसपेशियों के दर्द से जूझते हैं लेकिन आर्थिक कठिनाइयों के कारण नियमित ईलाज नही करवा पाते हैं। इसलिए संस्था द्वारा गांवों में स्वास्थ्य सेवा पहुंचाने की पहल की गई है। इस शिविर में मिल रहे अनुभवों के आधार पर भविष्य में ऐसे उपकरण विकसित किए जायेंगे जो कम लागत वाले और ग्रामीण परिस्थितियों के अनुकूल होंगे। गांव सैनपुर में चल रहे इस तीन दिवसीय फिजियोथेरेपी शिविर का बृहस्पतिवार के दिन समापन हो गया। इस शिविर में गांव के किसानों, बुजुर्गो एवं महिलाओं ने स्वास्थ्य लाभ उठाया।

# श्रीराम कॉलेज में हुई एकदिवसीय करियर काउंसलिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कृषि क्षेत्र में बढ़ते आधुनिकीकरण, तकनीकी नवाचार एवं स्वरोजगार की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए कृषि विभाग एवं प्रबंधन अध्ययन विभाग द्वारा एक दिवसीय करियर काउंसिलिंग कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषयहएग्री बिजनेस सेक्टर में करियर अवसरहृरहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीराम कॉलेज की प्राचार्या डॉ प्रेरणा मित्तल, श्री राम कॉलेज के निदेशक डॉ अशोक कुमार, उप-प्राचार्य डॉ. सौरभ मित्तल, कृषि विभाग के विभागाद्यक्ष डॉ नईम अली एवं प्रबंधन विभाग के विभागाद्यक्ष डॉ पंकज कुमार द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत हुई।

जिसमे मुख्य अतिथि सौरभ वी. पांडेय इंपीरियल स्कूल ऑफ एग्री बिजनेस (आई एस ए बी) चेयरपर्सन ने अपने प्रेरणादायक भाषण में कहा कि आज कृषि केवल उत्पादन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक सशक्त व्यवसायिक क्षेत्र बन चुका है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विभागाध्यक्ष डॉ नईम अली ने कहा हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि उन्हें रोजगारोन्मुख एवं आत्मनिर्भर बनाना है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बी.एस.सी., एम.एस. सी., प्रबंधन एवं बीबीए के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने कार्यक्रम को ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक बताया।समापन सत्र में आयोजकों ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। धन्यवाद ज्ञापन प्रबंधन अध्ययन विभाग के प्राध्यापक पंकज कुमार द्वारा प्रस्तुत किया गया।कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ उमारारहमानी द्वारा किया गया।

इस प्रकार यह एक दिवसीय करियर काउंसिलिंग कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ। इस आयोजन ने एग्री बिजनेस सेक्टर में उपलब्ध व्यापक अवसरों के प्रति युवाओं को जागरूक किया तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में प्रेरित किया।ार्यक्रम में प्रबंधन विभाग के शिक्षक एवं शिक्षिका, डा चित्रा श्रीवास्तव, मिस निवेदिता चतुर्वेदी, राजीव रावल एवम कृषि विभाग सेडॉ अंजली जाखड़, डॉ रिया जखवाल, डॉ परवीन मलिक डॉ संतोष,डॉ उमरा,डॉ रत्ना किरन डी वानखेड़े सूरज, सचिन कुमार साहू, राजकुमार, विवेक कुमार त्यागी, बीबीए विभाग के विभागाध्क्ष तथा प्रवक्तागण नवीन कुमार, अर्चित की भी सक्रिय भागीदारी रही।

# रंग-गुलाल और आपसी भाईचारे के साथ मनाई दुल्हेंडी

**मीरापुर।** होली के बाद मनाया जाने वाला दुल्हेंडी का पर्व मीरापुर और आसपास के क्षेत्र में परंपरागत उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों, युवाओं और बुजुर्गो ने एक-दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर पर्व की खुशियां साझा कीं। युवकों ने अपने बुजुर्गो के चरण स्पर्श कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया और समाज में सम्मान व परंपरा की मिसाल पेश की।

कस्बे में सुबह से ही होली की धूम देखने को मिली। बच्चे और युवा ढोल, डीजे और संगीत की धुनों पर झूमते नजर आए तथा एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर पर्व का आनंद लिया। लोगों ने अपने रिश्तेदारों और परिचितों के घर जाकर पारंपरिक व्यंजनों का भी आनंद लिया। इस दौरान खासतौर पर मूंग की दाल की पकौड़ी, गुंजिया, ठंडाई और अन्य पकवान बनाए गए, जिनका लोगों ने मिल-बांटकर स्वाद लिया। कस्बे में प्रात: लगभग 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक होली का उत्सव पूरे उत्साह और भाईचारे के साथ मनाया गया। सांयकाल क्षेत्र के प्रसिद्ध सिद्धपीठ भैरो वाला मंदिर और गंगा मंदिर खानवाला परिसर में मेले का आयोजन किया गया। मेले में बड़ी संख्या में बच्चों और लोगों ने पहुंचकर खरीदारी की और मेले का आनंद लिया। मंदिरों में विशेष आरती का आयोजन भी किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। थानाध्यक्ष राजीव कुमार शर्मा पुलिस बल के साथ कस्बे में लगातार गश्त करते रहे। वहीं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने भी मीरापुर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। पुलिस की सतर्कता और प्रशासनिक व्यवस्था के चलते कस्बे में होली का पर्व शांतिपूर्वक और सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ। उधर चौतन्य महाप्रभू का जन्मदिन मौहल्ला गंगाभवन में दिनेश माहेश्वरी के आवास पर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। लोगो के होली के रसिया गाकर माहोल आनंदमय बना दिया।



# खतौली में छाया होली का रंग: गलियों से सड़कों तक उमंग

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** रंग, गुलाल और अबीर की फुहारों के साथ रंगों का पर्व होली बुधवार को खतौली कस्बे में पूरे उत्साह और आपसी भाईचारे के साथ मनाया गया। कॉलोनियों से लेकर मुख्य मार्गो तक हर ओर लोगों में त्योहार की मस्ती देखने को मिली। अमीर-गरीब का भेद भूलकर लोगों ने एक-दूसरे को रंग लगाया और गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दीं।

होलिका दहन के बाद से ही कस्बे में होली का उत्साह दिखाई देने लगा था। बुधवार सुबह हल्की ठंडक के बावजूद बच्चों और युवाओं की टोलियां रंग और पिचकारी लेकर गली-मोहल्लों में निकल पड़ीं। हहोली है होली है के नारों के साथ पूरा वातावरण उत्साह से भर गया। सुबह करीब 10 बजे के बाद कस्बा पूरी तरह रंगों में सराबोर हो गया। होली आई रे कन्हाई और रंग बरसे जैसे गीतों पर लोग नाचते-गाते नजर आए। युवाओं की टोलियां सड़कों पर निकलकर राहगीरों को भी रंगों में भिगोती दिखाई दीं। बच्चों, युवाओं और बुजुर्गो सभी ने मिलकर होली का आनंद लिया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था में तैनात पुलिसकर्मियों को भी लोगों ने गुलाल लगाकर त्योहार की बधाई दी। कस्बावासियों और मीडिया कर्मियों ने क्षेत्राधिकारी रामआशीष यादव और कोतवाली प्रभारी दिनेश चंद्र बघेल के साथ होली खेलकर उन्हें शुभकामनाएं दीं।



वहीं गुरुवार को तिलहड़ी के अवसर पर पुलिसकर्मियों ने भी आपस में होली खेली और गीतों की धुन पर झूमते नजर आए। हालांकि कुछ मामूली घटनाओं को छोड़कर पूरे क्षेत्र में होली का पर्व शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ और कहीं से किसी बड़ी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। वहीं होली का रंग फीका पड़ने के बाद कुछ शरारती तत्वों ने एक-दूसरे के कपड़े फाड़कर बिजली के तारों पर टांग दिए, जिससे वहां का ख्रश्य अनोखा दिखाई देने लगा। तारों पर लटके कपड़े ऐसे लग रहे थे मानो दुकानों पर कपड़ों की सेल लगी हो। बाद में पालिका कर्मचारियों ने प्रशासन के निर्देश पर तारों से फटे कपड़े हटाकर व्यवस्था को सामान्य किया।

# मैडिकल मेवेरिक्स की टीम ने सिल्वटर्न टाईगर्स को किया पराजित

**मुजफ्फरनगर।** एम पी एल मे पूल बी मे सुबह खेले गये मैच मे सिल्वर्टन टाइगर्स कि टीम एक रोमांचक मैच मे मेडिकल मेवेरिक्स सें पराजित हो गई. टाइगर्स कि हार सें इस पूल मे अब सेमीफइनल मे जाने कि राह अब संघर्षपूर्ण हो चली हैँ स्टेडियम मे मेडिकल कि टीम नें टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी कि और जोरदार 167 रन बनाये।

आदित्य शर्मा नें शानदार बल्ले बाजी कि और एक तरफ सें रन बनाने का सिलसिला जारी रखा. आदित्य नें 62 गेंदों मे 3 छक्कों और 12 चोक्को कि मदद सें 72 रन 62 गेंदों पर बनाये. उनके अलावा कपअलंदी और दिनेश नें क्रमश: 21 और 21 रन का उपयोगी योगदान दिया.यश नें 2 जबकि कुलदीप प्रशांत और प्रवीण नें 1 1 सफलता प्राप्त की.मेडिकल मे 20 ओवर मे 7विकेट पर 167 रन बनाये। जवाब मे टाइगर्स नें आत्मविश्वास सें पारी की शुरुआत की और 17 ओवर तक ऐसा लग रहा था की टाइगर्स की जीत पक्की हैँ. अंतिम 3 ओवर मे उन्हें 21 रन बनाने थे और 7 विकेट हाथ मे थे. जमे हुए बल्लेबाज शिवम् क्रीज़ पर थे मैच मे पलटा खाया और बैभव नें शानदार स्पिन गेंदों सें विकेट निकलने शुरू किये शिवम भी 51गेंदों पर 78 बना कर नाजुक समय पर रन आउट हो गए.

विकेट लगातार गिरने शुरू हुए तो पारी की 2 गेंद शेष रहते पूरी पसअमत. जवद टाइगर्स ढेर हो गई रोमांच भरे मैच मे टाइगर्स को अंतिम वअमत मे 13 रन बनाने थे पर 2 ही रन बन सके और 11 रन सें मेडिकल मवेरिक्स नें मैच जीत कर महत्वपूर्ण 2 अंक और अपनी दूसरी जीत हांसिल की कप्तान वैभव नें 6 विकेट लिए.;तुराज शर्मा नें 27 हर्ष नें 19 रन बनाये। मैन ऑफ जीम मैच वैभव त्यागी रहे और फाइटर प्लेयर का अवार्ड शिवम् चौधरी को दिया गया. एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष संजय शर्मा और संयुक्त सचिव विकास नें ये अवार्ड दिए मैच ले दौरान सचिव मनोज पुंडीर, ओमदेव सिंह, उपाध्यक्ष अरविन्द भारद्वाज, कुशल पाल सिंह, रोहित चौधरी, डॉ हेमंत, डॉ पंकज सिंह,राजीव जैन,डॉ यश अग्रवाल, डॉ मलिक आदि उपस्थित रहे?




# वॉलीबॉल खिलाड़ियों का होगा चयन

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों के मसीहा के रूप में मशहूर उत्तर प्रदेश वालीबॉल एसोसिएशन के प्रांतीय महासचिव सुनील कुमार तिवारी द्वारा भुवनेश्वर उड़ीसा में 15 मार्च 2026 से 20 मार्च 2026 तक आयोजित हो रही 26 वी राष्ट्रीय महिला एवं पुरुष वॉलीबॉल यूथ चैंपियनशिप में सहभागिता करने वाले उत्तर प्रदेश के महिला एवं पुरुष वॉलीबॉल खिलाड़ियों के प्रशिक्षण शिविर हेतु खिलाड़ियों के नाम की घोषणा कर दी गई है यह प्रशिक्षण शिविर वाराणसी में 3 मार्च से शुरू हो गया है जो 12 मार्च 2026 तक चलेगा इस प्रशिक्षण शिविर में अपना दमखम दिखाने वाले वॉलीबॉल खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा और चयनित खिलाड़ी ही उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने हेतु 26 वी राष्ट्रीय युथ वॉलीबॉल प्रतियोगिता भुवनेश्वर उड़ीसा में सहभागिता कर पाएंगे वाराणसी में चल रहे प्रशिक्षण शिविर में ग्राम बुडीना कला निवासी प्रवीण कुमार के सुपुत्र 19 वर्षीय होनहार वॉलीबॉल खिलाड़ी आरव लाटीयान का चयन किया गया है जो जनपद के लिए गौरव की बात है। उत्तर प्रदेश वालीबॉल एसोसिएशन के प्रांतीय अवैतनिक महासचिव सुनील कुमार तिवारी का भी ह्रदय से आभार जताया इस अवसर पर जिला वालीबाल संघ के अध्यक्ष सूरज प्रकाश मलिक और सचिव सैयद मुजम्मिल हुसैन की मौजूदगी में जिला वालीबॉल संघ मुजफ्फरनगर की बैठक भी आयोजित की गई जिसमें आरव लाटीयान का हार्दिक अभिनंदन किया गया और उत्तर प्रदेश वालीबॉल एसोसिएशन के प्रांतीय अवेतनिक महासचिव सुनील कुमार तिवारी का भी जनपद मुजफ्फरनगर की ओर से हार्दिक आभार जताया गया



# औद्योगिक क्षेत्र में जमके बरसे रंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** होली का सौहार्द पूर्ण त्यौहार रंग - गुलाल - मिठाई - ठंडाई - गुंजियों की साथ धूमधाम से मनाया गया। बेगराजपुर स्थित रेशू फैक्ट्री में सभी ने नाच गाकर एक - दूसरे को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनायें व आशीर्वाद दिया। मनो से नकारात्मक त्यागकर सकारात्मक अपनाने की बात को सभी ने स्वीकार किया।

रंगों के इस हुड़दंगी अवसर पर सरकार के कार्यो की सराहना की। होली के खुशियों भरे रंग एक दूसरे को भेट किये गये। जिससे आमजनों के जीवन में अनेकों प्रकार की खुशियों के रंग - बिरंगे रंग भर जाएंगे। सभी ने बुराइयों पर अच्छाइयों से घर भरने के संकल्प लिए।



प्रसिद्ध, विचारक, लेखक, शोधकर्ता एवं उद्योगपति सत्यप्रकाश रेशू ने अपने विचारों को रंग - बिरंगे रंग देते हुए कहा कि हम अपनी खुशियों को प्रत्येक वर्ग की साथ बांटे। केशू के फूलों का प्रयोग करे। मोहित गर्ग ने कहा कि जैसे नई फसले हमारे जीवन में रंग लाएगी ठीक उसी प्रकार से उद्योगो के चलने से हमारी खुशियां और ज्यादा रंग - बिरंगी हो जाएगी। शोभित गर्ग ने कहा कि होली जैसे रंग हर दिन - हर पल हमारे जीवन में भरे रहे। तनाव रहित जीवन जीने के लिए रंग बरसाय - गाना सुनाय। विजय गोस्वामी ने होली के गीत सुनाये। रविकांत अग्रवाल ने चुटकले सुनाकर सभी को रंग दिया। इस अवसर पर मनीष भारती, रमन शर्मा, जोगिंदर हुडडा, भारत, नैनसी गर्ग, रितिका अहलावत, वंशिका अहलावत, अतुल कौशिक आदि उपस्थित रहे।



**चरथावल:**दंगल मे पहलवानो का परिचय करते विधायक पंकज मलिक,चेयरमेन मास्टर इस्लाम, डाक्टर नौशाद आदि

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।





# जनपद में धूमधाम व उत्साह से मनाया गया दुल्हैंडी का पर्व

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** रंगों का त्योहार दुल्हैंडी जिलेभर में बुधवार को धूमधाम, उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही नगर से लेकर गांवों तक हर जगह रंग और गुलाल की धूम दिखाई दी। बच्चों, युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और प्रेम, सौहार्द तथा भाईचारे के साथ पर्व का आनंद लिया। जगह-जगह लोगों की टोलियां रंगों में सराबोर होकर होली का जश्न मनाती नजर आईं।

होली पर्व का शुभारंभ सोमवार शाम छोटी होली के साथ हो गया था। इस दौरान नगर और गांवों में विभिन्न स्थानों पर परंपरागत तरीके से होलिका का दहन किया गया। लोगों ने होलिका की परिक्रमा कर सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। रात में होलिका दहन के बाद युवाओं की टोलियां ढोल-नगाड़ों और संगीत के साथ सड़कों पर निकल पड़ीं और देर रात तक उत्सव का माहौल बना रहा। हालांकि मंगलवार को चंद्रग्रहण होने के कारण कई लोगों ने दुल्हैंडी का पर्व बुधवार को मनाया। बुधवार सुबह होते ही होली खेलने वालों की टोलियां घरों से निकल पड़ीं। लोग अपने मित्रों, रिश्तेदारों और परिचितों के घर पहुंचकर उन्हें रंग और गुलाल लगाते हुए होली की बधाई देते रहे। कई मोहल्लों में लोग एक-दूसरे के गले मिलकर पर्व की शुभकामनाएं देते नजर आए। बच्चों में होली को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया। बच्चे छतों और गलियों में पिचकारी से रंग डालते और रंगीन गुब्बारे फेंकते हुए खूब मस्ती करते नजर आए। युवाओं की टोलियां सड़कों और चौक-चौराहों पर डीजे की धुन पर जमकर नाचती-गाती दिखाई दीं। ढोल की थाप पर ह्होली खेले रघुवीराह्, ह्होली आई होली आईह् और ह्हमें ऐसे रंग लगाना जैसे होली गीतों पर युवाओं ने पूरे दिन जमकर नृत्य किया। कई स्थानों पर युवाओं और सामाजिक संगठनों की ओर से विशेष कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया, जहां लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर गले मिलते हुए होली की बधाई दी। होली के अवसर पर घरों में पारंपरिक व्यंजनों की भी खूब धूम रही। लोगों ने घरों में गुजिया, नमकीन, मिठाइयां और अन्य स्वादिष्ट पकवान तैयार किए। मेहमानों के स्वागत के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गईं और लोगों ने एक-दूसरे के घर जाकर पकवानों का आनंद लिया। वहीं आधुनिक दौर में सोशल मीडिया के माध्यम से भी लोगों ने एक-दूसरे को होली की बधाइयां दीं। व्हाट्सएप, फेसबुक और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर रंग-बिरंगी शुभकामनाओं और संदेशों का आदान-प्रदान होता रहा। दुल्हैंडी के अवसर पर नगर के बाजारों में भी रौनक देखने को मिली। शाम के समय कई परिवारों ने होली का जश्न मनाने के बाद नगर के विभिन्न होटलों और रेस्टोरेंट का रुख किया, जहां भोजन के लिए अच्छी-खासी भीड़ दिखाई दी। पूरे जनपद में होली का त्योहार शांति, प्रेम और भाईचारे के साथ मनाया गया। लोगों ने सभी गिले-शिकवे भुलाकर एक-दूसरे को रंग लगाया और खुशियों के इस पर्व को मिलजुलकर मनाया। रंगों और उल्लास से सराबोर यह पर्व जिलेभर में सौहार्द और सामाजिक एकता का संदेश देता नजर आया।

## सामाजिक संगठनों ने रखा होली मिलन कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** बुधवार को नगर और आसपास के क्षेत्रों में विभिन्न सामाजिक संगठनों की ओर से होली मिलन कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया। कई स्थानों पर फूलों की होली भी खेली गई, जहां लोगों को रासायनिक रंगों से दूर रहने और सुरक्षित व पर्यावरण के अनुकूल होली मनाने के लिए प्रेरित किया गया। इसी क्रम में नगर के मोहल्ला दयानंदनगर में अखिल भारतीय विराट संघ के तत्वावधान में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे और सभी ने मिलकर होली के पर्व की खुशियां साझा कीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष व सभासद सेठपाल सिंह का संगठन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने स्वागत किया।

इसके बाद उन्होंने उपस्थित लोगों को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सेठपाल सिंह ने कहा कि होली का पर्व प्रेम, भाईचारे और सामाजिक एकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि समाज के लोगों को आपसी मतभेद भुलाकर एकजुट होकर समाजहित में कार्य करना चाहिए। साथ ही समाज में फैली कुरीतियों और बुराइयों को मिलकर समाप्त करने का संकल्प लेना चाहिए, तभी एक बेहतर और मजबूत समाज का निर्माण संभव है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी और मिठाइयां बांटकर खुशियां मनाईं। इस मौके पर अंकुर, नवनीत संगल, महेश धीमान सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।




## ठेके का ताला तोड़कर नगदी व शराब पर किया हाथ साफ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** कस्बे के बाइपास स्थित गंगोह मैन रोड पर अंग्रेजी शराब के ठेके का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने लाखों रुपये की नगदी और शराब पर हाथ साफ कर दिया। वारदात देर रात की बताई जा रही है और पूरी घटना ठेके पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। मामले में ठेका संचालक पक्ष की ओर से पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई है।

बुधवार की रात कस्बे के बाइपास पर गंगोह मैन रोड स्थित अंग्रेजी शराब के ठेके पर अज्ञात चोरों ने धावा बोल दिया। चोरों ने दुकान के शटर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और वहां रखे गल्ले से करीब एक लाख दस हजार रुपये की नगदी तथा फ्रिज में रखी लगभग सवा लाख रुपये कीमत की शराब चोरी कर ली। बताया गया कि यह ठेका महेंद्री के नाम से संचालित हो रहा है। यहां बिक्री के लिए दो सेल्समैन प्रदीप और ;षिपाल तैनात हैं। दोनों सेल्समैन ने बताया कि वे रोजाना रात करीब दस बजे दुकान बंद करके घर चले जाते हैं। गुरुवार सुबह जब वे दुकान पर पहुंचे तो शटर का ताला टूटा मिला और अंदर रखा गल्ला खाली पड़ा था। इसके बाद मामले की जानकारी ठेका संचालक को दी गई। आमतौर पर वे दुकान की नकदी साथ ले जाते हैं, लेकिन बुधवार को किसी पारिवारिक कार्यक्रम के चलते नगदी वहीं रह गई थी। इसी का फायदा उठाकर चोरों ने वारदात को अंजाम दे दिया। ठेके पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में चोर शटर तोड़कर अंदर घुसते और गल्ले से पैसे व फ्रिज से शराब निकालते दिखाई दे रहे हैं। घटना के बाद महेंद्री के पति चंद्रमोहन ने चौसाना चौकी पर अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। चौकी प्रभारी संदीप कुमार ने बताया कि ठेके पर हुई चोरी की सूचना मिली है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपितों को पकड़ लिया जाएगा।

## सर्पदंश से किसान की हालत बिगड़ी

**शामली।** गांव लपराना निवासी गुलाब पुत्र सतपाल सिंह बुधवार को अपने खेत में गन्ने की फसल काटने का काम कर रहा था। बताया जाता है कि खेत में काम करते समय वहां पहले से ही छिपकर बैठे एक सांप ने अचानक उसके हाथ पर काट लिया। सांप के काटते ही किसान घबरा गया और जोर-जोर से शोर मचाने लगा। किसान की आवाज सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे अन्य ग्रामीण मौके पर पहुंचे। उन्होंने तुरंत स्थिति को समझते हुए गुलाब को संभाला और परिजनों को सूचना दी। इसके बाद ग्रामीणों और परिजनों की मदद से उसे तुरंत उपचार के लिए शामली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। सीएचसी में मौजूद चिकित्सकों ने किसान का प्राथमिक उपचार किया, लेकिन उसकी हालत गंभीर बनी रहने के कारण उसे बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजन भी अस्पताल पहुंच गए और किसान के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं।

## ऊंचा गांव में जानलेवा हमले का आरोपी गिरफ्तार

**कैराना।** क्षेत्र के गांव ऊंचागांव में जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त गंडासी और डंडा बरामद किया गया है।

पुलिस के अनुसार, चार मार्च को गांव ऊंचागांव निवासी प्रियाशु पुत्र जगबीर अपने ताऊ वीरसैन और ताऊ के बेटे निखिल के साथ था।इसी दौरान गांव के ही अवनीश, अंकुर और अंशुल ने गाली-गलौज करते हुए उनके साथ मारपीट कर दी। आरोप है कि आरोपियों ने धारदार हथियार से हमला कर जान से मारने का प्रयास किया।पीड़ित प्रियाशु की तहरीर के आधार पर थाना कैराना में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक शामली एन.पी. सिंह ने आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। गुरुवार को चलाए जा रहे अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी कैराना के पर्यवेक्षण में थाना कैराना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी अवनीश पुत्र जसबीर निवासी ग्राम ऊंचागांव को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से घटना में प्रयुक्त एक गंडासी और एक डंडा बरामद किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# तिल्हैंडी पर जनपद में पुलिसकर्मियों ने मनाया जश्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद में तिल्हैंडी का पर्व पुलिसकर्मियों ने भी हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया। पुलिस लाइन शामली में पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह के नेतृत्व में अधिकारियों और कर्मचारियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और पर्व की खुशियां साझा कीं। पूरे परिसर में रंगों और उमंग का माहौल देखने को मिला, जिसमें सभी पुलिसकर्मी उत्साह के साथ शामिल रहे।

पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को होली की बधाई दी। उन्होंने कहा कि होली प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का प्रतीक पर्व है और पुलिसकर्मियों को भी अपने कर्तव्यों का निर्वहन आपसी सहयोग और समन्वय के साथ करना चाहिए। इस अवसर पर सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर गले मिलते हुए होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में ढोल-नगाड़ों और होली गीतों के साथ पुलिसकर्मी झूमते नजर आए, जिससे माहौल और भी उत्साही बन गया। इसके अलावा नगर के अन्य थाना एवं विभागों में भी तिल्हैंडी का पर्व मनाया गया। नगर कोतवाली, थाना आदर्श मंडी, फायर ब्रिगेड कार्यालय तथा महिला थाना में पुलिसकर्मियों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी और मिठाई बांटकर पर्व की खुशियां साझा कीं। हर स्थान पर पुलिसकर्मियों में हर्ष और उमंग देखने को मिला। तिल्हैंडी के इस अवसर पर पुलिसकर्मी आपसी प्रेम और भाईचारे के साथ एकत्रित होकर पर्व का आनंद लेते नजर आए।

यह कार्यक्रम पुलिस परिवार में आपसी सौहार्द और सहयोग की भावना को और मजबूत करने का माध्यम भी बना। पूरे जनपद में पुलिसकर्मियों ने मिलकर रंगों और उल्लास के इस पर्व को धूमधाम से मनाया और अपने कर्तव्यों के साथ-साथ आपसी भाईचारे को भी प्रदर्शित किया। कांधला संवाददाता के अनुसार नगर के थाना प्रांगण में गुरुवार को पुलिसकर्मियों ने आपसी भाईचारे और उत्साह के साथ होली का पर्व मनाया। इस दौरान थाना परिसर का माहौल रंगों और खुशियों से सराबोर नजर आया। पुलिसकर्मी एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं देते हुए दिखाई दिए। साथ ही डीजे की धुन पर पुलिस जवान जमकर झूमे और नाचते-गाते हुए त्योहार की खुशियां साझा कीं। इस मौके पर पुलिसकर्मियों ने मिलकर एक-दूसरे को मिठाई खिलाई और रंग-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। पूरे थाना परिसर में हंसी-खुशी और उत्सव का माहौल बना रहा। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि होली के दिन कानून-व्यवस्था बनाए रखने और क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिसकर्मी ड्यूटी पर तैनात रहते हैं।

इसी कारण हर वर्ष पुलिसकर्मी एक दिन बाद आपस में मिलकर होली का त्योहार मनाते हैं। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान पुलिस की जिम्मेदारी बढ़ जाती है, लेकिन इसके बावजूद पुलिसकर्मी आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ त्योहार की खुशियां साझा करते हैं। इस अवसर पर थाना के समस्त पुलिसकर्मी और स्टाफ मौजूद रहे तथा सभी ने मिलकर होली के पर्व को उत्साहपूर्वक मनाया।

## मानसिक रूप से परेशान महिला को पुलिस ने सुरक्षित परिजनों तक पहुंचाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** मिशन शक्ति केंद्र कैराना और पुलिस की सक्रियता से मानसिक रूप से परेशान एक महिला को सुरक्षित संरक्षण देते हुए उसके परिजनों से मिलवा दिया गया। पुलिस अधीक्षक एन.पी. सिंह के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के मार्गदर्शन में मिशन शक्ति केंद्र कैराना की टीम ने संवेदनशीलता दिखाते हुए यह सराहनीय कार्य किया। जानकारी के अनुसार बुधवार देर शाम पीआरवी टीम को कैराना बस स्टैंड के पास लगभग 40 वर्षीय एक महिला संदिग्ध अवस्था में घूमती हुई मिली। बातचीत के दौरान महिला मानसिक रूप से अस्वस्थ प्रतीत हुई। महिला की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उसे मिशन शक्ति केंद्र कैराना पर लाया गया। पूछताछ के दौरान महिला ने अपना नाम रहमाना पुत्री अकबर निवासी ग्राम विज्ञाना, थाना बुढ़ाना, जनपद मुजफ्फरनगर बताया। इसके बाद मिशन शक्ति केंद्र की प्रभारी पिंकी गोस्वामी व उनकी टीम ने तत्परता दिखाते हुए महिला के परिजनों का पता लगाकर उनसे संपर्क किया। सूचना मिलने पर महिला का भाई शारिक पुत्र अकबर और भतीजा शिहाब पुत्र गफ्फार थाना कैराना पहुंचे। आवश्यक सत्यापन के बाद महिला को सुरक्षित उनके सुपुर्द कर दिया गया। महिला के परिजनों ने पुलिस की त्वरित कार्रवाई और मानवीय व्यवहार के लिए आभार व्यक्त किया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शामली पुलिस महिलाओं की सुरक्षा और सहायता के लिए लगातार सतर्क और प्रतिबद्ध है।

## पुलिस ने दुष्कर्मी को किया गिरफ्तार

**शामली।** थाना आदर्श मंडी क्षेत्र के गांव टिटौली निवासी सुमित पुत्र चंद्रपाल के खिलाफ 2 मार्च को पीड़िता की मां ने तहरीर दी थी। तहरीर में आरोप लगाया गया कि सुमित ने नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म किया और उसे व उसके परिवार को धमकी दी। तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया और आरोपी की तलाश शुरू कर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी एनपी सिंह ने आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। गुरूवार को पुलिस ने अभियान चलाकर आरोपी सुमित को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार करने के बाद आरोपी से पूछताछ की गई और उसे अग्रिम वैधानिक कार्रवाई के लिए जेल भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच जारी है और आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# माता रानी के दर्शन व पूजा-अर्चना के लिए उमड़ी भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

शामली। होली पर्व के बाद गुरुवार को नगर के मोहल्ला पंसारियान स्थित बड़े श्री माता मंदिर में माता रानी के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही मंदिर परिसर में महिलाओं, पुरुषों और बच्चों का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने माता रानी के चरणों में हलवा-पूरी, चुनरी और श्रृंगार का सामान अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य और खुशहाली की कामना की।

मान्यता के अनुसार होली के बाद फैलने वाली बीमारियों से बचाव और परिवार की कुशलता के लिए बड़े माता मंदिर में पूजा-अर्चना की जाती है। इसी मान्यता के चलते दूर-दूर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और माता रानी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। श्रद्धालुओं ने सच्चे मन से



पूजा-अर्चना करते हुए अपने परिवार और बच्चों के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। इस अवसर पर मंदिर परिसर में मेले का भी आयोजन किया गया, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बना रहा। मेले में विभिन्न प्रकार की दुकानों पर प्रसाद, खिलौने, मिठाइयों और अन्य सामान की खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ लगी रही। बच्चे झूले और अन्य आकर्षणों का आनंद लेते दिखाई दिए, वहीं महिलाओं ने मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद मेले का भी भरपूर आनंद उठाया। मंदिर समिति की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं। मंदिर के प्रधान नीरज संगल ने बताया कि बड़ी माता मंदिर में सच्चे मन से पूजा करने पर भक्तों के कष्ट दूर होते हैं और उनकी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। उन्होंने बताया कि इसी आस्था के चलते हर वर्ष होली के बाद यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि आगामी रविवार और सोमवार को भी मंदिर में माता रानी की विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी, जिसमें श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। मंदिर में उमड़ी भारी भीड़ के कारण माता मंदिर रोड पर काफी देर तक जाम की स्थिति बनी रही, जिससे राहगीरों को कुछ परेशानी का सामना करना पड़ा। इस अवसर पर नीरज संगल, देवानंद गौड़, संजीव पंवार, संजय कौशिक, राजू त्यागी, मुकेश गोयल, पंडित संजीव शास्त्री सहित मंदिर समिति के अन्य सदस्य और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# शिव शक्ति वाटिका में होली मिलन समारोह संपंन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** श्री राम-लखन सेवा समिति, शामली के तत्वावधान में बुधवार की शाम टंकी रोड स्थित शिव शक्ति वाटिका में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य नागरिकों और समिति के सदस्यों ने भाग लिया और सभी ने मिलकर हर्षोल्लास के साथ होली पर्व का आनंद लिया। समारोह के दौरान विभिन्न रोचक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें धर्मज्ञान प्रतियोगिता, सरप्राइज गिफ्ट और तोल बोल के मोल जैसी गतिविधियों ने सभी का खूब मनोरंजन किया। प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विजेताओं को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को एक मंच पर लाकर आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक एकता को मजबूत करना था। कार्यक्रम के दौरान विकास एंड पार्टी ने भजनों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। मधुर भजनों और संगीत पर उपस्थित लोग झूम उठे और पूरा माहौल उत्साह व उमंग से भर गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे पर फूल



बरसाकर फूलों की होली खेली और होली पर्व की शुभकामनाएं दीं। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे अरविंद दृष्टा महाराज तथा चेयरमैन अरविंद संगल ने समिति के नवनियु क्त अध्यक्ष संदीप मित्तल को औपचारिक रूप से जिम्मेदारी सौंपी और उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन समाज में प्रेम, सौहार्द और सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाने का कार्य करते हैं। इस अवसर पर गिरधारी लाल नारंग, मनोज गोयल, संजय ऐरन, रविंद्र पुंडीर, शिव कुमार मित्तल, डॉ. विशाल तायल, राजकुमार तायल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समारोह का समापन सभी को होली की शुभकामनाएं देने के साथ हुआ।

## पैसों के विवाद में युवक से की मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नंदूप्रसाद निवासी एक व्यक्ति ने मोहल्ले के ही दो युवकों पर मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया है। पीड़ित का कहना है कि ब्याज के पैसे को लेकर हुए विवाद के बाद आरोपियों ने उस पर हमला कर दिया। घायल व्यक्ति ने मेडिकल परीक्षण कराने के बाद कोतवाली पुलिस को शिकायत पत्र देकर मामले में कार्रवाई की मांग की है।

पीड़ित नीरज पुत्र ब्रजपाल ने बताया कि उसने कुछ समय पहले मोहल्ले के ही जीता नामक व्यक्ति से तीन हजार रुपये ब्याज पर लिए थे। नीरज का कहना है कि वह उधार लिए गए रुपये के साथ-साथ ब्याज की रकम भी चुका चुका है, लेकिन इसके बावजूद आरोपी उससे लगातार और पैसे की मांग कर रहा है। नीरज के अनुसार गुरुवार को वह बड़े माता मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में जीता, कालू और उनके कुछ अन्य साथियों ने उसे रोक लिया और पैसे को लेकर विवाद शुरू कर दिया। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने उस पर हमला कर दिया और लोहे की रॉड से उसके सिर पर वार कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने किसी तरह उसे बचाया। इसके बाद परिजनों की मदद से उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका मेडिकल परीक्षण कराया गया। पीड़ित ने बताया कि घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस को लिखित शिकायत दी गई है। उसने आरोपियों के खिलाफ जांच कर सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की है। वहीं पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# संघर्ष में दो महिलाओं समेत 20 घायल









**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** कोतवाली अन्तर्गत गांवों में बीती सायं मामूली सी बात को लेकर हुई आपसी कहासुनी में हिन्दु समाज के दो गुटों गालीगलौच व मारपीट हो गई। दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी डंडे व धारदार हथियारों का प्रयोग किया। जिनमें दो महिलाओं सहित 20 लोग घायल हो गये, 6 घायलों को जिला अस्पताल रैफर किया गया है।

गांव आलमपुर में शनिवार को एक ही समुदाय के दो पक्षों के बीच हुए विवाद ने अचानक हिंसक रूप ले लिया। दोनों पक्षों के बीच कहासुनी के बाद जमकर मारपीट हुई और धारदार हथियार तक चलने की सूचना है। जिससे महिला सहित दस लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया, बताया जा रहा है कि दोनों पक्षों के बीच किसी बात को लेकर पहले कहासुनी हुई थी, जो देखते ही देखते बड़े विवाद में बदल गई। गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। आलमपुर में एक पक्ष के बोबी, सरबती, देशराज, कन्हैया, सुलेखचंद और धर्मसिंह जबकि दूसरे पक्ष के राजू, रवि, रोहित, आशीष और पूजा घायल हो गए। जानपुर माजरी में अजय शर्मा और पंकज में हुई मारपीट में दोनो के अलावा पंकज का भाई सोनू भी घायल हो गया। गांव लखनौती में झगडे में बीचबचाव करा रही बुजुर्ग महिला कलावती को चोट आई। गांव मुबारिकपुर में सागर सैनी, उसका भाई और मां अलकेश घायल हो गये। कोतवाली प्रभारी संजीव कुमार के अनुसार अभी तक किसी भी पक्ष की तहरीर नही मिल सकी है। गांव में शांति व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस बल तैनात है।

## शातिर नशा तस्कर चढ़ा पुलिस के हत्थे

**सहारनपुर।** थाना नागल पुलिस ने एक शातिर नशा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 212 ग्राम अवैध स्मैक व 700 रूपए की नगदी बरामद कर ली। बरामद स्मैक की कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में 45 लाख रूपए बताई जा रही है।

जनपद पुलिस द्वारा डीआईजी अभिषेक सिंह के निर्देश पर चलाए जा रहे ऑपरेशन सवेरा-नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर अभियान के थाना नागल पुलिस ने थाना प्रभारी राजकुमार चौहान व उपनिरीक्षक जितेंद्र सिंह भाटी के नेतृत्व में रात्रि गश्त के दौरान मुजफ्फरनगर-सहारनपुर हाइवे से एक शातिर नशा तस्कर सुशील कुमार पुत्र जगपाल निवासी ग्राम रसूलपुर थाना बुग्गावाला जनपद हरिद्वार उत्तराखंड गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 212 ग्राम अवैध स्मैक, एक इलैक्ट्रानिक कांटा, 700 रूपए की नगदी व एक मोटरसाइकिल बरामद कर ली।

# कशिश व कनिष्का नृत्य में रहे प्रथम




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** शोभित विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ बिजनेस स्टडीज एंड एंटरप्रेन्योरशिप विभाग के बीबीए द्वितीय वर्ष की छात्रा कशिश शर्मा व कनिष्का सिंघल ने शोभित सम-विश्वविद्यालय मेरठ में आयोजित कार्यक्रम में नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर ट्रॉफी के साथ घ6000 का नकद पुरस्कार मिला।

कुलपति प्रो. डॉ. रणजीत सिंह व कुलसचिव प्रो. डॉ. महिपाल सिंह ने विजेता छात्राओं को अनेक शुभकामनाएं दी और उज्जवल भविष्य की कामना की। कुलपति ने कहा कि छात्रों को इस तरह की सह पाठ्यचर्या संबंधी गति. विधियों में भाग लेना जारी रखना चाहिए, जिससे उनका सर्वांगीण विकास संभव हो सके। स्टडीज एंडएंटरप्रेन्योरशिप विभाग के हेड डॉ. सोमप्रभ दुबे ने विजेता छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने का महत्वपूर्ण माध्यम होती हैं। इस अवसर पर विभाग में डॉ. अभिमन्यु उपाध्याय, डॉ. हर्ष पंवार, आदेश कुमार, स्वाति राजौरा, अदिति गर्ग, राहुल कुमार, सचिन शर्मा, आदि सभी शिक्षकगण में खुशी का माहौल है।

# रोजा अफ्तार कराना पुण्य: अली इमाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** नगर की शिया अंजुमन कमेटी के सदर अली इमाम उर्फ प्रिंस द्वारा चौदहवें (मझले) रोजे को शिया जामा मस्जिद में रोजा इफ्तार पार्टी आयोजित की गई। जिसमें सैंकड़ो रोजेदारों ने रोजा इफ्तार किया।



नगर के मोहल्ला जाकिर हुसैन स्थित शिया जामा मस्जिद में पूर्व वर्षो की भांति इस वर्ष भी सदर अली मैं ने रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया। इस दौरान सदर अली इमाम प्रिंस ने बताया कि रोजेदारों का रोजा खुलवाना बड़ा (पुण्य) सवाब का काम है। ऐसे नेक कार्य में सभी को चाहिए कि अपनी हैसियत के मुताबिक हिस्सेदारी लें। अल्लाह की राह में खर्च करें, ऐसे नेक कार्यों से अल्लाह बहुत खुश होता है और अपने बंदे को खुशियों से नवाजता है।

उन्होंने बताया कि अगर कोई इंसान अल्लाह की राह में एक खर्च करे तो अल्लाह रब्बुल इज्जत उसके बदले में उसे दस गुना ज्यादा देता है। सभी नमाजियों ने रोजा इफ्तार के बाद नमाज पढ़कर अपने मुल्क की सलामती के लिए दुआएं मांगी। इस मौके पर मौलाना गमखार, मूसा इमाम, जैनुल आबेदीन, काजिम इमाम, तारीफ हुसैन, अलमदार, अब्बास, पिंटू, मुकर्रम, समर, मोहम्मद फैज, आजम, कमर अब्बास, चंदू, खतीब, नसीर, साकिब, रेहान हैदर, मोहसिन, दानिश, हम्माद, जाबिर, गाजी, रमीज, आजमी आदि सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# 15 शब में कुरान मुकम्मल, अमन-चैन की दुआ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** क्षेत्र के ग्राम दुमझेंडी में हाजी शमीम व अरशद जमील के आवास पर आयोजित तरावीह की नमाज में 15 वीं शब को कुरान शरीफ मुकम्मल हुआ। कारी उस्मान कासमी द्वारा कुरान सुनाया गया तथा हाफिज अब्दुल वाजिद द्वारा कुरान सुना गया। इस रूहानी व मुबारक मौके पर एक विशेष मजलिस का आयोजन किया गया।

देर रात्रि के समय आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता व दुआ मौलाना अहबाब कासमी, मौलाना हम्माद और मुफ्ती राशिद ने कराई। उलेमाओं ने अपनी तकरीर में कुरान की अहमियत बताते हुए मुल्क में आपसी भाईचारे, तरक्की व अमनो अमान (शांति) के लिए विशेष रूप से हाथ फैलाकर खुसूसी दुआ कराई। इस खास मौके पर मुख्य अतिथि के



रूप में हाजी शमीम, अरशद, जमील, आकिल, मोहम्मद इमलाक, डॉ. पैगाम, बंटी प्रधान, भाई गुफरान, उबैद भाई और इस्लाम प्रधान मुख्य रूप से मौजूद रहे।

सभी गणमान्य लोगों ने आए हुए उलेमा ए किराम व अकीदतमंदों का गर्मजोशी से खैरमकदम किया। कुरान मुकम्मल होने की खुशी में कार्यक्रम के अंत में मिठाई बांटी गई और ग्रामीणों ने एक-दूसरे को गले मिलकर मुबारकबाद पेश की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण और अकीदतमंद मौजूद रहे।

नकुड़। पवित्र रमजान माह में तरावीह की नमाज के दौरान कुरआन पाक मुकम्मल होते ही नगर की मस्जिदें रूहानी कैफियत से सराबोर हो उठीं। नमाजियों ने सजदों में गिरकर मुल्क की तरकक्की, अमन-ओ अमान व मुसलमानों की खुशहाली के लिए दुआएं मांगीं।

उलेमा-ए-कराम ने मुकघ्द्दस इबादत की तौफीकघ पर अल्लाह का शुक्र अदा करते हुए गुनाहों से तौबा की और देश की सलामती व भाईचारे की मजबूती की दुआ की। जामा मस्जिद के इमाम मौलाना मुनव्वर हुसैन व पूर्व चेयरमैन शाहनवाज खघन ने रमजान को रहमतों का महीना बताते हुए इबादत बढ़ाने का आह्वान किया। सभासद जुनैद असगर, आमिर कुरैशी, अमीर आलम ने भी अमन का पैगाम फैलाने की अपील की। लियाकत बंजारा, पूर्व सभासद इरशाद निजामी, इकराम निजामी, अरशद निजामी, शमशाद अली खान, डा. इदरीश, अहमद नौशाद शाह, इनाम निजामी, इरशाद कुरैशी व कामिल सैफी मौजूद रहे। शीरनी तकघ्सीम की गई।

# मुस्तहिक लोगों तक जल्द पहुंचाएं जकात व फितरा: मौलाना शमशीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** हजरत मौलाना शमशीर कासमी ने कहा कि जकात और फितरे की रकम को मुस्तहिक लोगों तक जितनी जल्दी हो पहुँचा देना चाहिए ताकि गरीब भी अपनी जरूरत पूरी कर ईद की खुशी में शामिल हो सकें।



मदरसा जामिया दावतुल हक मुईनिया के प्रबंधक हजरत मौलाना शमशीर कासमी ने कहा कि मजहब ए इस्लाम में हर एक साहिबे माल पर जकात फर्ज की गई है।जकात अदा करने से अपना फर्ज भी अदा होता है और इससे गरीबों की मदद भी हो जाती है।मौलाना शमशीर कासमी ने कहा कि जकात और फितरा जितनी जल्दी हो सके मुस्तहिक लोगों तक पहुंचा देना चाहिए ताकि वह लोग भी अपनी जरूरियात पूरी कर लें और ईद की खुशी में शामिल हो सकें। उन्होंने कहा है कि समाज के लोगों को जकात को बोझ नहीं समझना चाहिए बल्कि यह खास धार्मिक कानून है इससे बराबरी का एहसास होता है और दिल में तकब्बुर पैदा नहीं होता साथ ही अमीर लोगों को गरीबों की जीवन शैली और जरूरतों की जानकारी भी होती है उन्होंने समाज के लोगों से घर के आसपास रह रहे गरीब परिवारों की ईद से पहले मदद करने पर जोर दिया।

# हर्षोल्लास से मनाया होली महोत्सव




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** वेबटेक कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में आयोजित होली महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से भारतीय परंपरा का संदेश दिया। राधा-कृष्ण की मनमोहक नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गई। डायरैक्टर अनंत दक्ष ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन हमारी सांस्कृतिक विरासत के परिचायक है। जिनसे प्रेम व आपसी भाईचारे को बढावा मिलता हैं। कार्यक्रम अधिकारी रोहित शर्मा ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, क्षमा और एकता का प्रतीक है। एमडी संजीव कुमार ने होली की शुभकामनाएं दी। समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। सामूहिक प्रीति भोज का आयोजन भी किया गया। और इस अवसर पर रेनू चौधरी, विशाल कुमार, आरफा प्रवीन, शमा प्रवीन, नितिन चौहान, प्रीति चौधरी, रूपा देवी, राहुल कुमार, गुलशन चौधरी रहें।

# नागल में नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के तहत थाना नागल पुलिस को बड़ी सफलता मिली है।



7 अगस्त 2025 को वादी की नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में पंजीकृत मुकदमें में वांछित अभियुक्त नकुल उर्फ मिर्ची पुत्र रमेश निवासी ग्राम ककड़ीपुर थाना रमाला जिला बागपत को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी देवबंद के पर्यवेक्षण तथा थाना प्रभारी राजकुमार चौहान के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 2 मार्च 2026 को ग्राम सिडकी स्थित हनुमान ब्रिक फिल्ड परिसर से आरोपी को दबोचा। अपहृता को पूर्व में सकुशल बरामद किया जा चुका है। विवेचना के दौरान धारा 64(1) बीएनएस तथा 3/4 पोक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी की गई है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई कर उसे माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## जिला नगरीय विकास अभिकरण ( डूडा )

**नुमाईश कैम्प, निकट पानी की टंकी, सहारनपुर-247001**

ई-मेल - dudasre@gmail.com

पत्रांक : 1043/डूडा / निविदा/2025-26 दिनांक:-05/03/2026

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

जिला नगरीय विकास अभिकरण, सहारनपुर द्वारा वर्ष 2025-26 में मा. विधायक निधि, मा. सासंद निधि एवं मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित एवं मलिन बस्ती विकास योजनान्तर्गत जनपद सहारनपुर की विभिन्न विकास खण्डों में सी.सी. रोड/नाली, नाला, आदि कार्यों की निविदायें राजकीय विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों से (डूडा की श्रेणी ए, बी, सी की सीमा के अन्तर्गत) वेबसाइट etender.up.nic.in पर ऑनलाईन के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा के साथ निर्धारित जमानत धनराशि एवं टेण्डर मूल्य ड्राफ्ट श्परियोजना अधिकारी, जिला नगरीय विकास अभिकरण, सहारनपुर (PO DUDA-SAHARANPUR) 'के पक्ष में कार्यालय जिला नगरीय विकास अभिकरण, सहारनपुर में रखे टेण्डर बॉक्स में दिनांक 17 मार्च, 2026 को समय 12:00 बजे तक डाले जाने अनिवार्य है। विस्तृत शर्ते, विवरण, एवं निविदा प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

| | |
|---|---|
| E-Bid Reference | 1043 /DUDA-MP (2025-26) |
| Publish Date and time for tender | Date: 06March 2026 - 12:00PM |
| Last Date time for submission of E-Bids | Date:16March 2026 - 05:00PM |
| Date and time of opening bids | Date: 17March 2026- 04:00 PM |
| Palace of opening of E-bids | DUDA Office-Saharanpur |
| E-Bids security of-Bids | 10% Security of tender value |
| E-tender Documents Processing | As per tender list |

नोट :- बिना धरोहर राशि / टेण्डर मूल्य के किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा ।

**डिप्टी कलेक्टर / परियोजना अधिकारी**
**जिला नगरीय विकास अभिकरण,**
**सहारनपुर।**

# मुठभेड़ में घायलावस्था में दबोचा एक वांछित गौकश, दूसरा फरार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** देवबंद कोतवाली पुलिस ने गौकशी के मुकदमे में वांछित चल रहे एक वांछित गौकश को घायलावस्था में गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध असलाह एवं एक मोटरसाइकिल बरामद करने में सफलता हासिल कर ली। जबकि दूसरा अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया।

जनपद पुलिस द्वारा एसएसपी अभिनंदन सिंह के निर्देश पर अपराध नियंत्रण एवं अपराधों में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए धरपकड़ अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत देवबंद कोतवाली पुलिस ने उपनिरीक्षक अजब सिंह, उपनिरीक्षक रविंद्र कुमार व उपनिरीक्षक देवेंद्र भाटी के नेतृत्व में ग्राम अकबरपुर गढ़ी रजवाहे पुलिया के पास चौकिंग की जा रही



थी। इसी दौरान इंद्रपुर गढ़ी की तरफ से एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर दो व्यक्ति आते दिखाई दिए। संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस ने टार्च की रोशनी से रूकने का इशारा किया तो संदिग्ध व्यक्ति मोटरसाइकिल मोड़कर पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग करते हुए वापस हासिमपुरा रजवाहे पुलिया की तरफ भागने लगे। पुलिस ने भी बदमाशों का पीछा किया। कुछ दूरी पर जाकर बदमाशों की मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर नीचे गिर गई। पुलिस को अपने नजदीक आता देख बदमाशों ने पुन: पुलिस पर फायरिंग की। पुलिस ने भी आत्मरक्षार्थ फायरिंग की जिसमें एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया जिसे पुलिस ने बल प्रयोग कर दबोच लिया।

जबकि दूसरा अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया जिसकी तलाश में पुलिस ने काफी देर तक काम्बिंग की परंतु उसका कहीं पता नही चल सका। घायल बदमाश की पहचान आशु उर्फ आश मौहम्मद पुत्र ताहसीन उर्फ बुद्धू निवासी ग्राम फुलास अकबरपुर थाना देवबंद के रूप में हुई। पुलिस ने घायल बदमाश के कब्जे से एक तमंचा, एक जिंदा व दो खोखा कारतूस 315 बोर व एक मोटरसाइकिल बरामद कर ली। पुलिस के अनुसार दबोचा गया आरोपी शातिर किस्म का अपराधी है जो सीएस एक्ट का वांछित आरोपी है जिसके खिलाफ मारपीट, एनडीपीएस एक्ट व गौकशी के तीन मुकदमें पंजीकृत हैं। पुलिस ने घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।

**सूचना**

**मेरा बैग कहीं गुम हो गया है जिसमें वर्ष 2011 की हाई स्कूल की मार्कशीट, सनद, वर्ष 2013 की इंटरमीडिएट की मार्कशीट, सनद, आधार कार्ड, पैन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र निवास प्रमाण पत्र आदि कागजात थे।**

**रविचरण पुत्र तेजपाल निवासी ग्राम कुआं खेड़ा जिला सहारनपुर।**

# संस्कारशाला में दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के तत्वावधान में सत्संग आश्रम, पंत विहार में छोटे-छोटे बच्चों के लिए संस्कारशाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन सर्वश्री आशुतोष महाराज जी की शिष्याओं साध्वी बहनों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।




बच्चों ने नृत्य-नाटिका प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इसके साथ ही बच्चों ने फूलों की होली भी खेली, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय और आनंदमय हो गया। इस अवसर पर बताया गया कि गुरुदेव श्री आशुतोष महाराज जी को छोटे बच्चों से विशेष स्नेह है। उनका मानना है कि यदि बचपन से ही बच्चों के भीतर ज्ञान और संस्कारों के बीज बोए जाएं, तो वही बच्चे बड़े होकर राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और समाज को सही दिशा प्रदान करते हैं। कार्यक्रम का आयोजन बेहद सुंदर और अनुशासित ढंग से किया गया। विशेष बात यह रही कि पूरे कार्यक्रम का संचालन और प्रस्तुतियां छोटे-छोटे बच्चों द्वारा ही दी गईं, जिसने वहां उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया।

## पुलिस के हत्थे चढ़ा दुष्कर्म के मुकदमे का वांछित आरोपी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** देहात कोतवाली पुलिस ने दुष्कर्म के मुकदमे में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।


मिली जानकारी के अनुसार देहात कोतवाली पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक सुनील नागर व निरीक्षक संजय कुमार के नेतृत्व में एक वांछित आरोपी मेहर चंद पुत्र मंगल निवासी ग्राम लखनौती खुर्द थाना कोतवाली देहात को लखनौती अड्डे के पास से दबोच लिया। गौरतलब है कि विगत 26 दिसम्बर को वादिया की लिखित तहरीर पर दबोचे गए आरोपी मेहर. चंद के खिलाफ वादिया को बार-बार धमकी देकर दुष्कर्म करना और वीडियो वायरल करने का मामला थाना देहात कोतवाली में मुकदमा पंजीकृत कराया गया था।

# चौकी बडकला क्षेत्र में नशे का खुला कारोबार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** फतेहपुर थाने के अंतर्गत चौकी बड़कला क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में स्मैक, गांजा और चरस नशे की दिनदहाड़े खुलेआम बिक्री हो रही है। छुटमलपुर फतेहपुर भैसराऊ जैसे और आसपास के गांवों में युवा पीढ़ी इस जहरीले जाल में फंसती जा रही है। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, चौकी इंचार्ज की बड़ी लापरवाही इसका प्रमुख कारण है चौकी प्रभारी क्षेत्र में नियमित गश्त, भ्रमण या निगरानी नहीं करते, जिससे नशा तस्कर बेखौफ होकर अपना काला कारोबार चला रहे हैं। चोरियां भी बढ़ रही हैं, क्योंकि अपराधियों को रोकने वाला कोई सिस्टम नजर नहीं आता

युवा नशे के अंधेरे में तेजी से डूब रहे हैं परिवार वाले चिंतित हैं माता-पिता अपनी संतानों को बचाने



के लिए बेबस नजर आते हैं उच्चाधिकारियों डीआईजी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के सख्त निर्देश हैं कि नशा कारोबार को जड़ से खत्म किया जाए इसी क्रम में सहारनपुर परिक्षेत्र में ऑपरेशन सवेरा नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर अभियान जोर शोर से चलाया जा रहा है।

थाना फतेहपुर पुलिस द्वारा समय-समय पर छापेमारी की जा रही है जैसे हाल ही में छुटमलपुर के पास स्मैक-चरस की बरामदगी और कई तस्करों की गिरफ्तारी के मामले सामने आए हैं लेकिन चौकी बड़कला जैसे संवेदनशील क्षेत्र में बड़े पैमाने पर खुली बिक्री पर अब तक कोई प्रभावी रोक नहीं लग पाई है

ग्रामीणों की मांग है कि उच्चाधिकारी तत्काल चौकी इंचार्ज की जवाबदेही तय करें। चौकी क्षेत्र में नियमित गश्त बढ़ाई जाए मुखबिर तंत्र मजबूत किया जाए और नशा तस्करों के नेटवर्क को पूरी तरह उखाड़ फेंका जाए यदि यह लापरवाही जारी रही तो पूरा क्षेत्र का भविष्य खासकर युवा पीढ़ी गंभीर संकट में पड़ सकता है प्रशासन को अब और देर नहीं करनी चाहिए प्रभावी कार्रवाई से ही इस अंधेरे को दूर किया जा सकता है और युवाओं को नशे के दलदल से बाहर निकाला जा सकता है। समाज और पुलिस दोनों को मिलकर इस जंग में जीत हासिल करनी होगी।




# न्यूजीलैंड के ओपनर फिन एलन का फोकस अब फाइनल पर

**● फिन एलन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मेन्स टी-20 विश्व कप के इतिहास में सबसे तेज शतक बनाया**

**● जीत के बाद आईसीसी ने एलन के हवाले से कहा कि रविवार को उन पर जीत हासिल करना हमारे लिए बहुत बड़ा कॉन्फिडेंस बूस्टर है**

**कोलकाता, वार्ता।** सेंचुरी बनाने वाले फिन एलन ने रिकॉर्ड तोड़ पारी खेलकर न्यूजीलैंड को सेमीफाइनल में साउथ अफ्रीका पर नौ विकेट से शानदार जीत दिलाने के बाद तुरंत अपना फोकस टी 20 वर्ल्ड कप के रविवार के फाइनल पर कर लिया। एलन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मेन्स टी-20 वर्ल्ड कप के इतिहास का सबसे तेज शतक बनाया।

दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने सिर्फ 33 गेंदों में अपना शतक पूरा किया, जिससे क्रिस गेल का 47 गेंदों में बनाया गया पिछला रिकॉर्ड टूट गया। इस धमाकेदार ओपनर ने 10 चौके और आठ छक्के लगाए, और टिम सीफर्ट (58) के साथ जबरदस्त पार्टनरशिप की, जिससे न्यूजीलैंड ने 13 ओवर से कम समय में 170 रन का टारगेट हासिल कर लिया। इस शानदार जीत ने ब्लैक कैप्स को 2021 के बाद पहली बार टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंचाया और रविवार के टाइटल मैच से पहले टीम का कॉन्फिडिंस बढ़ा दिया। जीत के बाद आईसीसी ने एलन के हवाले से कहा कि रविवार को उन पर एक जीत हासिल करना हमारे लिए बहुत बड़ा कॉन्फिडेंस बूस्टर है। वे पूरे टूर्नामेंट में इन-फॉर्म टीम रहे हैं। इसलिए मुझे लगता है कि एक ग्रुप के तौर पर, रविवार को वह जीत हासिल करना हमारे लिए बहुत बड़ी बात है, लेकिन आपको रविवार को फिर से शुरुआत करनी होगी। यह एक नई विरोधी टीम है, अलग हालात हैं, और यह सब। उन्होंने आगे कहा कि हमारे लिए, हम बस इस गेम से पॉजिटव बातें निकालना चाहते हैं और कल अहमदाबाद के लिए फ्लाइट लेकर फिर से शुरुआत करना चाहते हैं। जबकि एलन और सीफर्ट ने चेज में दबदबा बनाया, न्यूजीलैंड के बॉलर्स ने पहले ही नींव रख दी थी। मैट हेनरी, रचिन रवींद्र और कोल मैककॉन्ची ने दो-दो विकेट लेकर दक्षिण अफ्रीका की मजबूत बैटिंग लाइनअप को रोक दिया। एलन ने कैप्टन मिशेल सेंटनर के टॉस जीतने के बाद टोन सेट करने का क्रेडिट बॉलर्स को दिया। एलन ने कहा कि उन्होंने बॉल से हमारे लिए शुरुआती विकेट लेकर इसे सेट किया, जिसे हमने बहुत अच्छा बैटिंग विकेट माना था। न्यूजीलैंड अब रविवार के फाइनल में अपने अपोनेंट्स को जानने के लिए इंडिया और इंग्लैंड के बीच दूसरे सेमीफाइनल के रिजल्ट का इंतजार करेगा। एलन ने कहा कि मुझे लगता है कि हम किसी से भी खुश हैं। अगर हम अपना बेस्ट क्रिकेट खेलते हैं, तो हम किसी को भी हरा सकते हैं।

# फाइनल में चुनौती अलग होंगी: सैंटनर

**कोलकाता, वार्ता।** टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मिली बड़ी जीत के बाद अब मिचेल सैंटनर की नजर अहमदाबाद में होने वाले फाइनल पर है। सेमीफाइनल में उनकी टीम ने 170 रनों के लक्ष्य को सिर्फ 12. 3 ओवरों में हासिल कर लिया।

इस जीत के बाद सैंटनर ने कहा है कि उनकी पूरी कोशिश होगी कि फाइनल में भी इसी तरह के प्रदर्शन को दोहराया जाए, लेकिन उन्हें यह भी पता है कि फाइनल की पिच और परिस्थितियां बिल्कुल अलग होंगी। ईडन गार्डन्स के मैदान पर न्यूजीलैंड की टीम ने मैच की शुरुआत से ही दक्षिण अफ्रीका पर दबाव बनाए रखा। पावरप्ले में ही उनके गेंदबाजों ने क्विटन डी कॉक और रायन रिकलटन का विकेट गिरा दिया था। इसके बाद जब न्यूजीलैंड की बल्लेबाजी की बारी आई तो फनि एलन और टिम साइफर्ट ने पावरप्ले में ही 84 रन बना कर 170 के लक्ष्य को काफी छोटा बना दिया। सैंटनर ने मैच के



**● कहा : उनकी पूरी कोशिश होगी कि फाइनल में इसी तरह के प्रदर्शन को दोहराया जाए**

बाद कहा कि अगर हम पावरप्ले में विकेट गंवा देते तो मुकाबला थोड़ा मुश्किल हो सकता था। लेकिन फनि और साइफर्ट ने शुरुआत से ही आक्रमण जारी रखा। विकेट गिरने के बाद भी फनि ने वही लय बनाए रखी। गें. दबाजी में हमने पहले दो ओवर के लिए एक योजना बना कर रखी थी, जहां हमने मकौंकी का इस्तेमाल करते हुए विकेट हासिल किए। इसके बाद हमने सोचा था कि मैच जैसा चलेगा, हम उसी हिंसाब से फैसले लेंगे। सैंटनर की बात से दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडन मारक्रम भी सहमत नजर आए। उन्होंने एलन की पारी का जिक्र करते हुए कहा कि जब कोई बल्लेबाज उस तरह की पारी खेल देता है तो अक्सर मैच आपके पक्ष में नहीं जाता। ऐसे में 170 तक पहुंचना भी ईमानदारी से कहूं तो अच्छी कोशिश थी। टी-20 क्रिकेट में अक्सर ऐसा होता है कि अगर पावरप्ले में टीम तेज शुरुआत कर ले तो मैच का रुख वहीं तय हो जाता है। फिन एलन की पारी और टिम साइफर्ट की पारी को बहुत बड़ा श्रेय जाता है। उन्होंने बहुत जल्दी मैच को हमारे हाथ से निकाल दिया। एलन का यह शतक पुरुष टी-20 विश्व कप इतिहास के नॉकआउट में पहला शतक है। पुरुष टी-20 इतिहास में यह संयुक्त तौर पर तीसरा सबसे तेज शतक भी था। इसके अलावा साइफर्ट और एलन की जोड़ी किसी पुरुष टी-20 सीरीज या टूर्नामेंट में सर्वाधिक रनों की साझेदारी की।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### दूसरे सेमीफानइल से पहले ब्रिटिश उच्चायोग ने क्रिकेट का जश्न मनाया

**मुंबई, वार्ता।** भारत में ब्रिटिश उच्चायोग ने गुरुवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में भारत और इंग्लैंड के बीच होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप सेमीफाइनल से पहले क्रिकेट के लिए एक जैसे जुनून को दिखाया। एक्स पर एक पोस्ट में, ब्रिटिश उच्चायोग ने कहा कि क्रिकेट सिर्फ एक खेल से कहीं ज्यादा है और उन फैन्स का जश्न मनाया जो इस खेल में जान डालते हैं, साथ ही इस बड़े मुकाबले से पहले दोनों टीमों को शुभकामनाएं दीं। न्यूजीलैंड ने पहले सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका पर नौ विकेट से जबरदस्त जीत के बाद फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है।

### रणजी ट्रॉफी में ऐतिहासिक दर्ज करने वाली जम्मू-कश्मीर टीम की सराहना की

**जम्मू, वार्ता।** बीसीसीआई ने गुरुवार को रणजी ट्रॉफी में ऐतिहासिक जीत के बाद जम्मू और कश्मीर को बधाई देते हुए कहा कि इस क्षेत्र में यह क्रिकेट के लिए एक गर्व की बात है। बीसीसीआई ने आज सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि रणजी ट्रॉफी में जम्मू और कश्मीर की ऐतिहासिक जीत इस क्षेत्र में क्रिकेट के लिए एक गर्व की बात रहेगी। अपनी यादगार जीत के बाद, खिलाड़ियों ने आईसीसी के चेयरमैन जय शाह से मिलने और उनके साथ यह खास पल साझा करने की दिली इच्छा जताई और बीसीसीआई सेक्रेटरी के तौर पर उनके कार्यकाल के दौरान जम्मू और कश्मीर में क्रिकेट को मजबूत करने में उनके नेतृत्व की भूमिका को स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि हम टीम से मिलने के लिए समय निकालने व इस ऐतिहासिक उपलब्धि का जश्न मनाते हुए खिलाड़ियों के साथ हौसला बढ़ाया है।

# ऑल इंग्लैंड ओपन में सात्विक चिराग पहले ही राउंड में बाहर



**सात्विक-चिराग ने अच्छी शुरुआत की और शुरुआती गेम के इंटरवल तक 11-6 की बढ़त बना ली थी**

**बर्मिंघम, वार्ता।** भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी मलेशिया के कांग खाई जिग और एरॉन ताई से सीधे गेम में हारने के बाद ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप के पहले ही राउंड में बाहर हो गई। यूटिलिटा एरिना बर्मिंघम में बुधवार को खेले गए मुकाबले में चौथी रैंक वाली भारतीय जोड़ी दुनिया की 33वें नंबर की मलेशियाई जोड़ी से 23-21, 21-12 से हार गई। सात्विक-चिराग ने अच्छी शुरुआत की और शुरुआती गेम के इंटरवल तक 11-6 की बढ़त बना ली, जिसके बाद मलेशियाई जोड़ी ने वापसी करते हुए स्कोर 16-16 से बराबर कर दिया। 2024 के जूनियर वर्ल्ड चैंपियन कांग और एरॉन फिर आगे निकल गए और भारतीयों जोड़ी के दो मैच पॉइंट बचाने के बावजूद, आखिरकार टाई-ब्रेक में गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में भी इसी मोमेंटम को जारी रखते हुए, मलेशियाई जोड़ी ने गेम पर अपना दबदबा बनाया। और सिर्फ पांच और पॉइंट देकर मैच आराम से जीत लिया। इस हार के साथ ही इस मशहूर टूर्नामेंट में भारत का पुरुष युगल में अभियान भी समाप्त हो गया। एक अन्य मुकाबले में भारत के रोहन कपूर और रुथविका गड्डे मिश्रित युगल स्पर्धा में फ्रांस की पांचवीं सीडेड जोड़ी थॉम गिक्वेल और डेल्फिन डेलरू से 21-12, 21-15 से हार गए। इस बीच, 2025 यूएस ओपन चैंपियन आयुष शेट्टी इंडोनेशिया के वर्ल्ड नंबर 14 अल्वी फरहान से 21-19, 9-21, 17-21 से हारकर पुरुष एकल ड्रॉ से बाहर हो गए।

# विंडीज टीम के फंसने पर सैमी ने की अपील

**● विंडीज के हेड कोच डैरेन सैमी ने एक्स पर एक पोस्ट की जिसमें कहा गया है कि मैं बस घर जाना चाहता हूं**

**कोलकाता, वार्ता।** वेस्ट इंडीज को उनके ट्रैवल शेड्यूल के बारे में कोई ऑफिशियल अपडेट नहीं दिया गया है, लेकिन जिम्बाब्वे टीम के सदस्यों का पहला बैच अब घर के लिए निकल चुका है 2026 टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर होने के चार दिन बाद भी जब वेस्टइंडीज कोलकाता में फंसा हुआ है, तो उनके हेड कोच डैरेन सैमी ने एक्स पर एक पोस्ट किया है, जिसमें कहा गया है कि मैं बस घर जाना चाहता हूं। पश्चिम एशिया में संकट के चलते वेस्टइंडीज उन टीमों में से एक है जो भारत में फंसी हुई हैं। ईएसपीएन क्रिकइंफो को पता चला है कि शुरू में, आईसीसी ने वेस्ट इंडीज को बताया था कि टीम को लंदन के लिए एक चार्टर फ्लाइट से कैरिबियन वापस लाने की को. शिश की जा रही है।

माना जा रहा है कि प्लान यह था कि वेस्ट इंडीज हफ्ते के बीच में भारत से फ्लाइट ले ले, हालांकि कोई पक्की तारीख नहीं बताई गई थी। हालांकि, वेस्ट इंडीज कोलकाता में ही है, जहां वे 1 मार्च को सुपर आठ के फाइनल मैच में भारत से हार गए थे। पिछले वीकेंड शुरू हुए इस संकट की वजह से आम एयरस्पेस कॉरिडोर बंद होने से, आईसीसी को टीमों के लिए वापसी की फ्लाइट का इंतजाम करने में एक बड़ी लॉजिस्टक चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि, बुधवार को जिम्बाब्वे के लिए अच्छी खबर आई, जब आईसीसी द्वारा उनके ट्रैवल इंतजामों में बदलाव करने के बाद उनकी टीम के सदस्यों का पहला बैच दिल्ली से घर के लिए रवाना हो गया। वेस्ट इंडीज की तरह, जिम्बाब्वे ने भी टी-20 वर्ल्ड कप में अपना आखिरी मैच 1 मार्च को दिल्ली में दक्षिण अफ्रीका से खेला था जिसमें वह हार गया था। जिम्बाब्वे को पहले 2 मार्च को निकलना था, लेकिन वह प्लान कैंसिल कर दिया गया। उनकी टीम के बाकी सदस्यों के ट्रैवल प्लान के बारे में कोई ऑफशियल जानकारी नहीं है। जिम्बाब्वे क्रिकेट ने बुधवार को एक बयान में कहा कि जिम्बाब्वे क्रिकेट कन्फर्म करता है कि आईसीसी पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में हिस्सा लेने वाली जिम्बाब्वे की सीनियर मेन्स टीम भारत से घर लौट रही है। हाल ही में आई दिक्कतों के बाद इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने दूसरे ट्रैवल अरेंजमेंट कर लिए हैं। फ्लाइट की उपलब्धता और बदले हुए रूट की वजह से, टीम बैच में हरारे लौटेगी। जिम्बाब्वे का ओरिजनल ट्रैवल रूट दुबई से एमिरेट्स फ्लाइट से था, लेकिन इसे बदलना पड़ा। पता चला है कि जिम्बाब्वे अब अदीस अबाबा, इथियोपिया होते हुए हरारे जा रहा है। दक्षिण अफ्रीका बुधवार रात को न्यूजीलैंड से सेमीफाइनल में हार गया।

# एलिसा हीली को जीत के साथ विदाई देने उतरेगी ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम

**पर्थ, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम को मल्टी-फॉर्मेट सीरीज पक्की करने के लिए वसा में सिर्फ ड्रॉ की जरूरत है, लेकिन वे अपने कैप्टन को जीत के साथ विदा करने के लिए मोटिवेटेड होंगे। यह वह मैच है जो एलिसा हीली के इंटरनेशनल करियर का अंत करेगा, लेकिन यह एक ऐसा मुकाबला है जहां भारत को पूरी दौड़ लगानी होगी।

ऑस्ट्रेलिया को मल्टी-फॉर्मेट सीरीज पक्की करने के लिए सिर्फ ड्रॉ की जरूरत है, जिसने वनडे सीरीज के आखिर में 8-4 की बढ़त ले ली थी। भारत को हिसाब बराबर करने के लिए चार पॉइंट्स की जीत चाहिए, हालांकि ऑस्ट्रेलिया ने 2021 में आखिरी बार खेली गई ट्रॉफी पहले ही अपने पास रख ली है, क्योंकि भारत में पिछली सीरीज इंडिविजुअल फॉर्मेट के आधार पर तय हुई थी। महिलाओं के खेल में टेस्ट कम ही होते हैं। ऑस्ट्रेलिया को इस महीने के आखिर में वेस्ट इंडीज में एक और टेस्ट खेलना था,




**● ऑस्ट्रेलिया को मल्टी-फॉर्मेट सीरीज पक्की करने के लिए सिर्फ ड्रॉ की जरूरत**

लेकिन इसे शेड्यूल से हटा दिया गया है। हालांकि ए दोनों टीमें ज्यादातर टीमों से ज्यादा खेलती हैं, इसलिए उनके पास कुछ अनुभव है। वाका में लाइट्स में चार दिन का क्रिकेट मैच खेल को नैचुरली खेलने के लिए काफी समय देता है, लेकिन अगर ऐसा होता है कि भारत को जीत का चांस बनाने के लिए टेम्पो बढ़ाना पड़े, तो यह देखना दिलचस्प होगा कि वे कितना एग्रेसिव खेलते हैं। मेहमान टीम ने शानदार खेलकर टी-20 सीरीज 2-1 से जीत ली - टी-20 वर्ल्ड कप वाले साल में यह उनके लिए एक अच्छी बात है - लेकिन वे पिछले साल वर्ल्ड चैंपियन बनी टीम से बहुत पीछे रह गए, इसके बाद हुई वनडे सीरीज में तीनों गेम एकतरफा रहे, और आखिर में वे 400 से ज्यादा रन पर आउट हो गए।

उन्हें स्मृति मंधाना और हरमनप्रीत कौर की लीडरशिप में बैटिंग ऑर्डर से अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत होगी, क्योंकि पर्थ के हालात के हिंसाब से बॉलिग थोड़ी कमजोर लग रही है, खासकर रेणुका सिंह के चोटिल होने के बाद। ऑस्ट्रेलिया को भी चोटों की दिक्कतें रही हैं, किम गार्थ और सोफी मोलिनक्स बाहर हो गई हैं, हालांकि उनकी गैरमौजूदगी से मुश्किल सिलेक्शन का फैसला आसान हो सकता है, जबकि एलिस पेरी भी क्वाड स्ट्रेन के कारण वनडे सीरीज से बाहर हो गईं। हालांकि, घरेलू टीम के पास बैटिंग का खजाना है।

## टॉप इंडियन राइफल व पिस्टल शूटर नेशनल सिलेक्शन ट्रायल्स 3 को तैयार

**नई दिल्ली, वार्ता।** एशियन राइफल/पिस्टल चैंपियनशिप 2026 में घरेलू मैदान पर शानदार प्रदर्शन के बाद, जहां इंडिया ने 39 गोल्ड, 18 सिल्वर और 19 ब्रॉन्ज सहित 76 मेडल जीतकर मेडल टैली में टॉप किया था, टॉप इंडियन राइफल और पिस्टल शूटर अब अपना ध्यान नेशनल सिलेक्शन ट्रायल्स 3 (ग्रुप ए) पर लगाएंगे, जो अगले महीने शुरू होने वाले बिजी इंटरनेशनल और डोमेस्टिक कैलेंडर से पहले 06-10 मार्च, 2026 के बीच दिल्ली के डा. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में होगा।

भारत के लगभग सभी टॉप शूटर 10 इवेंट्स में हिस्सा लेंगे, जिसमें सभी आठ ओलंपिक इवेंट्स के साथ-साथ पुरुषों और महिलाओं के लिए राइफल प्रोन कॉम्पिटिशन भी शामिल हैं। एथलीट साल के दूसरे हाफ में इंटरनेशनल कॉम्पिटिशन के लिए नेशनल स्क्वॉड में सिलेक्शन का अपना दावा मजबूत करने के लिए स्कोर पक्का करने की कोशिश करेंगे। ग्रुप बी एथलीट के लिए राइफल/पिस्टल सिलेक्शन ट्रायल 3 और 4 भी कल से शुरू होंगे, जो 06-22 मार्च, 2026 तक भोपाल में एम-पी-स्टेट शूटिग एकेडमी में होंगे। सिलेक्शन ट्रायल पूरे होने के बाद, नेशनल स्क्वाड एथलीट 10-21 मार्च, 2026 तक नई दिल्ली में अपना कोचिग कैंप शुरू करेंगे।

## न्यूजीलैंड ने हमें बुरी तरह हरा दिया : कॉनराड



**कोलकाता, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के हेड कोच शुकरी कॉनराड ने माना कि उनकी टीम को टी 20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड ने बुरी तरह हरा दिया। दक्षिण अफ्रीका टूर्नामेंट में सात मैचों से बिना हारे नॉकआउट मुकाबले में उतरी थी, लेकिन ओपनर फिन एलन की रिकॉर्ड तोड़ सेंचुरी ने न्यूजीलैंड को जबरदस्त जीत दिलाई और फाइनल में जगह दिलाई। जब पूछा गया कि क्या दक्षिण अफ्रीका ने एक बार फिर एक अहम नॉकआउट गेम में ष्चोकष किया, तो कॉनराड ने इस बात को खारिज कर दिया, और कहा कि उनकी टीम बस हार गई। आईसीसी ने कॉनराड के हवाले से कहा कि मुझे नहीं पता कि आज रात चोक था या नहीं। मुझे लगा कि यह एक जबरदस्त हार थी। हमारी बुरी तरह पिटाई हुई। मुझे लगता है कि अगर आप हार मान लेते हैं, तो गेम में आपको थोड़ी सी भी उम्मीद होनी चाहिए। हमें कोई उम्मीद नहीं थी। दक्षिण अफ्रीका में, हम कहते हैं कि हम हार जाएंगे। आज रात, हमारी अच्छी खासी हार हुई। भारी हार के बावजूद, कोच ने कहा कि टूर्नामेंट में प्रोटियाज के लिए कई अच्छी बातें भी रहीं। कैप्टन एडेन मार्करम ने अपनी टीम के लिए 286 रन बनाकर बैटिंग चार्ट में सबसे ज्यादा रन बनाए, जबकि पेसर लुंगी एनगिडी (12 विकेट), कॉर्बिन बॉश और मार्को यानसन (हर एक ने 11 विकेट) टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वालों में शामिल थे। कॉनराड ने कहा कि कॉम्पिटिशन से पहले खराब फॉर्म के बावजूद टीम ने उम्मीदों से बढ़कर सेमीफाइनल में जगह बनाई। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि बहुत से लोग इस बैंडवैगन में शामिल होंगे। लेकिन हमने बहुत सी खास चीजें कीं। मुझे इन लोगों पर बहुत गर्व है। मुझे नहीं लगता कि जब हम यहां से गए थे, तो बहुत से लोगों ने हमें सेमीफाइनल में पहुंचने का भी ज्यादा मौका दिया था। हालांकि, कॉनराड ने माना कि हार के बाद आलोचना होगी।

# मांडविया ने एशियाई खेलों की तैयारियों का रिव्यू किया



**● ये गेम्स 19 सितम्बर से 4 अक्टूबर तक जापान के आइची-नागोया में होने वाले हैं**

**नई दिल्ली, वार्ता।** केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने गुरुवार को स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) हेडक्वार्टर में एक हाई-लेवल मीटिग की अध्यक्षता की, जिसमें 2026 एशियन गेम्स के लिए भारत की तैयारियों का रिव्यू किया गया।

ये गेम्स 19 सितम्बर से 4 अक्टूबर तक जापान के आइची-नागोया में होने वाले हैं। युवा मामले और खेल मंत्रालय, साई और दूसरे स्टेकहोल्डर्स के सीनियर अधिकारियों ने डा. मांडविया को इवेंट से पहले देश की तैयारियों के बारे में जानकारी दी, और यह पक्का किया कि एथलीटों को कॉन्टिनेंटल शोपीस में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए हर मुमकिन सपोर्ट मिले। एशियन गेम्स 2026 की तैयारियों के रिव्यू के लिए 15 सदस्यों की एक कमेटी बनाई गई है, जिसमें युवा मामले और खेल मंत्रालय के सेक्रेटरी हरि रंजन राव, इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन की प्रेसिडेंट पीटी उषा, एशियन गेम्स के शेफ डी मिशन सहदेव यादव, डिप्टी शेफ डी मिशन शरत कमल और दूसरे लोग दिसम्बर 2025 से अब तक ट्रेनिग, लॉजिस्टिक्स, एथलीट वेलफेयर और कॉम्पिटिशन की तैयारी की प्लानिग को आसान बनाने के लिए चार मीटिग कर चुके हैं। यह कमेटी गेम्स में भारत के कैंपेन के लिए स्ट्रेटेजिक रोडमैप की देखरेख कर रही है। मीटिंग के दौरान, डा. मनसुख मांडविया ने एथलीट वेलफेयर और परफॉर्मेंस के लिए सरकार के कमिटमेंट को दोहराया।

हमारे एथलीट हमारी टॉप प्रायोरिटी हैं। ट्रेनिग और स्पोर्ट्स साइंस से लेकर लॉजिस्टिक्स, किट सपोर्ट, फूड सपोर्ट और मेडिकल केयर तक, हर मुमकिन सपोर्ट दिया जाएगा ताकि वे बिना किसी रुकावट के तैयारी कर सकें और एशियन गेम्स में अपना बेस्ट दे सकें। हमारा मकसद उन्हें किसी भी कीमत पर परेशान नहीं करना है और यह पक्का करना है कि वे कॉम्पिटिशन में हमारे मेडल टैली को बढ़ाने पर फोकस्ड रहें। केंद्रीय मंत्री ने सभी स्टेकहोल्डर्स के बीच मिलकर कोशिश करने की जरूरत पर भी जोर दिया, और कहा कि स्ट्रक्चर्ड तैयारी, मजबूत सपोर्ट सिस्टम और समय पर प्लानिग 2026 एशियन गेम्स में भारत को नए माइलस्टोन हासिल करने में मदद करने में अहम भूमिका निभाएगी।

तैयारियों के हिस्से के तौर पर, हर एनएसएफ ने एशियन गेम्स टेक्निकल हैंडबुक के लिए नोडल ऑफिसर बनाया है ताकि वे अपने-अपने एनएसएफ खिलाड़ियों, कोच और सपोर्ट स्टाफ को खेलों में सबसे अच्छा परफॉर्मेंस पक्का करने के लिए डिसिप्लिन के हिंसाब से टेक्निकल डिटेलिग के बारे में समझा सकें और उन्हें जानकारी दे सकें। टीमों को काफी पहले फाइनल कर दिया जाएगा ताकि एथलीटों को फोकस्ड तैयारी के लिए काफी समय मिल सके और मेडिकल टीमों सहित सपोर्ट स्टाफ की क्षमता को मजबूत करने की भी कोशिश की जा रही है, साथ ही लॉजिस्टक सुविधा के लिए विदेशों में भारतीय दूतावासों के साथ आसान तालमेल पक्का किया जा सके। फेडरेशन को एक्सपोजर टूर और कॉम्पिटिशन शेड्यूल पहले से प्लान करने की आजादी दी गई है। जिन डिसिप्लिन में ऑपरेशनल प्लानिग ज्यादा मुश्किल है, उनके लिए कई जगहों पर सपोर्ट का इंतजाम किया जाएगा।

# शापोवालोव को सितसिपास को हराने के लिए पूरी जान लगानी पड़ी

**इंडियन वेल्स, वार्ता।** डेनिस शापोवालोव के रिएक्शन ने बुधवार शाम इंडियन वेल्स में सब कुछ कह दिया। कनाडा के खिलाड़ी यूनान के स्टेफानोस सितसिपास को 6-2, 3-6, 6-4 से हराकर परीबा ओपन के दूसरे राउंड में पहुंचने के बाद बहुत खुश थे। मैच के बाद अपने इंटरव्यू में शापोवालोव ने कहा कि स्टेफानो जैसे खिलाड़ी से पहले राउंड में मुकाबला करना कभी आसान नहीं होता।

मुझे लगता है कि हम दोनों के लिए यह बहुत मुश्किल मुकाबला था। ष्मुझे पता था कि मुझे बाहर आकर अपना 'ए गेम' खेलना है और जोरदार प्रदर्शन करना है। पहले राउंड में ऐसा करना कभी आसान नहीं होता, लेकिन किस्मत से मैं आज ऐसा कर पाया। जीत से मैं वाकई बहुत खुश हूं। लेफ्टी खिलाड़ी प्राइमटाइम में कोर्ट पर उतरे, जब उनके पास एटीपी रैंकिंग में पहले नंबर 3 खिलाड़ी के खिलाफ 4-2 की बढ़त थी, जो 2018 के बाद सिनसिनाटी में पहली बार एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में बिना सीड के थे। शापा. `वालोव ने 6-2 की बढ़त बनाई और दूसरे सेट में तुरंत सितसिपास की सर्विस तोड़ दी। ग्रीक खिलाड़ी ने दिखाया कि वह तीन बार के मास्टर्स 1000 चैंपियन क्यों हैं, उन्होंने वापसी करते हुए दूसरा सेट जीत लिया। लेकिन मोमेंटम बदलने के साथ, शापा. `वालोव पॉइंट्स पर फिर से कंट्रोल पाने में कामयाब रहे और 29वें सीड टॉमस मार्टिन एचेवेरी के साथ दूसरे राउंड में मुकाबला तय कर लिया। शापोवालोव ने कहा कि यह मुश्किल है।

## भारतीय अंडर-20 महिला टीम ने मैत्री मैच में अल्व्सजो एआईके को हराया

**लिडिगो, वार्ता।** भारतीय अंडर-20 महिला राष्ट्रीय टीम ने गुरुवार सुबह स्वीडन के बोसोन नेशनल स्पोर्ट्स सेंटर में एक मैत्री मुकाबले में स्वीडिश क्लब अल्व्सजो एआईके को 5-2 से हरा दिया। यहां खेले गए मुकाबले में लहिगडेइकिम ने पहले मिनट, 20वें मिनट (पेनल्टी) और 59वें मिनट में गोल करके हैट्रिक बनाई। वहीं सिडी ने (34वें) और सुलंजना राउल ने (90वें) मिनट में भारतीय टीम के लिए एक-एक गोल किया। भारतीय टीम के मुख्य कोच जोआकिम एलेक्जेंडरसन ने इस मैच के लिए टी में दो बदलाव किए। गोलकीपर मोनालिशा देवी और विगर भूमिका देवी को एकादश में शामिल किया गया।

## मास्टर्स बैडमिंटन प्रतियोगिता में साह, गुप्ता की जोड़ी ने जीता स्वर्ण

**रामनगर, वार्ता।** उत्तराखंड के हल्द्वानी में आयोजित राज्य स्तरीय मास्टर्स बैडमिंटन प्रतियोगिता में रामनगर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया है।

40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की युगल स्पर्धा में डा. मानस साह और पवन गुप्ता की जोड़ी ने जीत दर्ज कर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए अपनी जगह पक्की कर ली है। रामनगर के इन खिलाड़ियों ने एक बार फिर खेल के मैदान में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। अब उनका चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हो गया है। हल्द्वानी के मिनी स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय मास्टर्स बैडमिंटन प्रतियोगिता में 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की युगल स्पर्धा में रामनगर के खिलाड़ी डा. मानस साह और पवन गुप्ता की जोड़ी ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया।

**रमजान मुबारक**



**सतरहवां रोजा**

| | | |
|---|---|---|
| सहरी | सुन्नी | 5.17 |
| | शिया | 5.8 |
| इफ्तार | सुन्नी | 6.24 |
| | शिया | 6.37 |

**मोमिन को शुक्र-सब्र और यकीन पर कायम रहना चाहिए।जो अल्लाह ने दिया है उस पर अल्लाह का शुक्र अदा करना चाहिए।हो सकता है बहुत से लोग उससे महरूम हों।जो नहीं है उस सब्र करना चाहिए कि इसमें भी अल्लाह की कुछ बहतराई हो सकती है।**

**कुरआन करीम**

# होली मिलन समारोह में प्रबुद्ध हस्तियां सम्मानित

## नगर शांति समिति के समारोह में सामाजिक, धार्मिक व गणमान्य लोगों ने दिया भाईचारे का संदेश

**नगर शांति समिति (रजि.) साम्प्रदायिक सौहार्द के साथ होली मिलनआयोजित**



**सहारनपुर।** नगर शांति समिति के होली मिलन समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले प्रबुद्धजनों को सम्मानित किया गया।

बोमनजी रोड स्थित पुतली घर धर्मशाला के प्रांगण मे साम्प्रदायिक सौहार्द के साथ आयोजित होली मिलन समारोह में शहर के प्रसिद्ध समाजसेवी अनवार अहमद अंसारी को संस्थापक स्वर्गीय कृष्ण खुराना एवं स्वर्गीय सतनाम राय गाँधी साम्प्रदायिक सौहार्द एकता पुरस्कार स्मृति चिन्ह, ताम्र पत्र, अंगवस्त्र एवं 5100 रूपये नकद से तथा प्रसिद्ध चिकित्सक डा पूनम मखीजा और डा विनीता मल्होत्रा को स्वर्गीय डा भीमसैन मलिक मेमोरियल सहतार्थ सहयोग पुरस्कार स्मृति चिन्ह शाल एवं 2500 रूपये नकद पुरस्कार से नवाजा गया। संभागीय परिवहन अधिकारी शंकर को साहित्य के क्षेत्र मे पुरस्कार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा प्रवीण कुमार, डा संजीव मित्तल को चिकित्सा सेवाओं के लिए विशेष रुप से पुरस्कृत किया गया। सामाजिक क्षेत्र मे महापौर डा अजय सिँह, तिरंदाजी मे बेस्ट स्कूल स्कूल एथेनिया को, प्राथमिक विद्यालय छुटमलपुर की अध्यापिका प्रतिभा यादव को बेस्ट टीचर, उद्योग. पति क्षेत्र प्रमोद सिडाना, अध्ययन क्षेत्र मे छात्र छात्राओं मे धीरेन विरमानी, मनीषा, अध्यन सक्सेना, दीप्ती गुप्ता, आस्था धीमान, जेयन रानी, क्रीडा क्षेत्र मे समीर अहमद तथा सेवाभाव क्षेत्र मे मोहम्मद आलम, योगेंद्र दुधेरा राजकुमार सैनी, मोहमद अहमद, डा दिलप्रीत सिंह धर्मवीर चौहान, मोहित जैन को सम्मानित किया गया।

मुख्य आयोजक जयनाथ शर्मा, अशोक गाँधी ब्रित चावला ने कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम मे अशोक गाँधी, जामा मस्जिद प्रबंधक मौलवी फरीद मजा. हिरी, डा अनुपम मलिक, चावला, महामंडलेश्वर संत कमल किशोर, महामंडलेश्वर धीरजानंद, पंजाबी एकता समिति के अध्यक्ष डा एम पी सिंह चावला, सलमान, शीतल टंडन, डा हंसराज सैनी, गुरुद्वारा सिंह सभा के जनरल सेकेरेट्री अमनप्रीत सिंह, दलजीत कोचर, अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।

# पूर्व मंत्री लियाकतअली को सपा में बड़ी जिम्मेदारी



**▪ सपा नेतृत्व ने चुनावी घोषणा पत्र तैयार कराने की दी कमान**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर समाजवादी पार्टी ने संगठनात्मक स्तर पर अहम जिम्मेदारियां सौंपनी शुरू कर दी हैं। सबसे पहले पूर्व मंत्री एडवोकेट लियाकत अली को पार्टी में बड़ी जिम्मेदारी दी गई है।

बताया जा रहा है कि मिशन 2027 के तहत जनपद सहारनपुर का चुनावी घोषणा पत्र तैयार कराने की कमान भी सौंपी गई है। पार्टी सूत्रों के अनुसार घोषणा पत्र स्थानीय मुद्दों, युवाओं, व्यापारियों, किसानों और आमजन की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखकर तैयार किया जाएगा। इस जिम्मेदारी को संगठन में विश्वास और अनुभव का प्रतीक माना जा रहा है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा दी गई इस जिम्मेदारी के बाद जिले की राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं।

कार्यकर्ताओं में उत्साह है और मिशन 2027 को लेकर सपा ने अभी से जमीनी तैयारी शुरू कर दी है।

# जनपद में होली पर खूब उड़ा अबीर गुलाल, प्रेम के रंगों ने बढ़ाया जोश









**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आपसी भाईचारे और प्रेम का प्रतीक रंगों का पर्व होली जनपद में हर्षोल्लास और नई उमंग के साथ मनाया गया। सुबह से ही लोगों में त्योहार को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। घरों में तरह-तरह के व्यंजन बनाए गए और लोगों ने एक-दूसरे के घर पहुंचकर अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। गली-मोहल्लों में डीजे की धुन पर युवाओं ने जमकर नृत्य किया। कई स्थानों पर लोगों ने अपने घरों पर ही डीजे की व्यवस्था कर रंगोत्सव का आनंद लिया। चाट, पकौड़ी, गुजिया और शीतल पेय पदार्थों के साथ लोगों ने होली का लुत्फ उठाया। अधिकारी और जनप्रतिनिधि भी अपने-अपने आवासों पर आयोजित कार्यक्रमों में शामिल हुए।

देर शाम तक पूरे जनपद में रंगों की खुमारी छाई रही। हालांकि कुछ स्थानों पर मामूली कहासुनी की घटनाएं सामने आईं, लेकिन कुल मिलाकर पर्व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। होली (दुल्हेंडी) पर्व के दृष्टिगत जनपद में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने देवबंद, नानौता और गंगोह थाना क्षेत्रों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। प्रमुख चौराहों, बाजारों और संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी गई। ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों को सतर्कता एवं मुस्तैदी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए। साथ ही त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की अराजकता, हुड़दंग या कानून-व्यवस्था भंग करने की कोशिश करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए। जनपद के सभी क्षेत्राधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार गश्त करते रहे। भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गश्त और वाहन चेकिंग अभियान भी चलाया गया। पुलिस प्रशासन ने जनपदवासियों से अपील की कि होली का पर्व आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। पुलिस की सक्रियता के चलते जनपद में होली का त्योहार शांतिपूर्ण और सकुशल संपन्न हुआ।

विधायक राजीव गुम्बर के आवास पर होली के अवसर पर रंग, गुलाल उड़ाए गए साथ ही डीजे की धुन पर लोग विधायक राजीव गुम्बर के साथ गुलाल और रंगों के साथ खुशी मनाते दिखे। विधायक राजीव गुम्बर ने कहा कि नगर की जनता का आशीर्वाद और स्नेह उन्हें हमेशा मिलता रहा है चाहे वह कोई भी त्योहार हो। वह नगरवासियों के सुख दुख के सहभागी हैं और नगरवासी उनके सुख दुख के सहभागी हैं, ईश्वर से प्रार्थना है कि प्रत्येक नगरवासी के घर में खुशियों के रंग भरें और हमारा सहारनपुर और तेजी के साथ आगे बढ़े।

विधायक राजीव गुम्बर के यहां पहुंचने वालों में प्रमुख रूप से उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री जसवंत सैनी, विधायक देवेंद्र निम, किरत सिंह, महापौर डॉ अजय कुमार सिंह, आरएसएस विभाग प्रमुख आशुतोष, ब्लॉक प्रमुख विजयपाल, विजयेंद्र, राजपाल सिंह जुड्डा, विकेश चौधरी, नरेश धीमान, राजेश जैन, पाली कालड़ा, आशु निरंकारी, रोहित घई, शीतल टंडन, पुष्पेंद्र चौधरी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति व नगरवासी रहे।

**बेहट।** नगर तथा ग्रामीण क्षेत्र में होली का त्यौहार बड़े ही हर्षोउल्लास के साथ र मनाया गया,इस अवसर पर लोगों ने एक दूसरे के गुलाल लगाकर बधाई दी युवा ढोल नगाड़ों की थाप पर नाचते गाते हुए एक दूसरे पर रंग डालकरहुड़दंग मचाया। शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस गश्त करती रही।बुधवार को कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्र में उत्साह पूर्वक रंगों का त्यौहार होली का पर्व मनाया गया इस अवसर पर लोगों ने एक दूसरे के गुलाल लगाकर आपस में खुशियां बाटी इस अवसर पर कस्बे के गांधी चौक में लोगों ने ढोलकी थापर थिरकते हुए गुलाल व रंग-बिरंगे रंगों से खेला और एक दूसरे पर रंग बिखेर कर खुशियां मनाई। रंगो का त्यौहार कस्बे की प्राचीन शिव मंदिर से एक बड़ी टोली के साथ नाचते गाते हुए विभिन्न मोहल्ले में पहुंचकर एक दूसरे पर रंग डालकर त्यौहार मनाया गया।इस अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी एस एन वैभव पांडे,कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सत्यपाल सिंह भाटी भारी पुलिस बल के साथ कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्रों में गश्त करते रहे। तहसील क्षेत्र में शांतिपूर्वक रंगों का त्योहार होली शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। उधर बृहस्पतिवार को थाना परिसर में पुलिस कर्मियों ने पूजा अर्चना के बाद एक दूसरे के गुलाल एवं रंग लगाकर होली को त्यौहार को बड़े उत्साह के साथ मनाया गया।

**गंगोह।** क्षेत्र व नगर में होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाया तथा बधाई दी। जगह-जगह डीजे की धुन व ढोल की थाप पर युवक देर शाम तक थिरकते रहे। देर शाम तक चले कार्यक्रम संपन्न हो गए। नगर मे रंग डालने को लेकर कई जगह मामूली कहासुनी भी हुई। रंग डालने व विवाद को बढने से रोकने को शिव चौंक पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया था। शराब पीकर बाइक चलाते हुए भी कई लोगों की हड्डियां टूटी। इस बार होली के रंग में देश भक्ति का तडका भी लोगों ने लगाया। जगह-जगह तिरंगा लहराया और भारत माता की जय के नारे गूंजे। इस बार भी योगी आदित्य नाथ का जलवा भी होली पर हावी रहा। मुख्य कार्यक्रम शिव चौक पर हुआ जहां होली की मस्ती छाई रही। छोटे बच्चों में सबसे ज्यादा उत्साह रहा। बाजार में बिकने वाले पक्के रंगों के प्रयोग से दर्जनों लोगों की आंखें लाल हो गई, जलन की शिकायत होने पर इन्हें उपचार के लिए चिकित्सकों के यहां जाना पड़ा। आर्य समाज मंदिर में भी होली उत्सव यज्ञ कर मनाया गया।



# पुलिस लाईन में पारंपरिक गीतों संग खेली होली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** रिजर्व पुलिस लाइन में गुरुवार को रंगों का पर्व होली हर्षोल्लास, उत्साह और आपसी भाईचारे के साथ मनाया गया।



कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी और ढोल-नगाड़ों की थाप पर झूमते हुए पर्व का आनंद लिया। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनंदन सिंह, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सागर जैन और पुलिस अधीक्षक नगर व्योम बिंदल सहित अन्य पुलिस अधिकारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए। अधिकारियों ने पुलिस कर्मियों के बीच पहुंचकर उन्हें होली की शुभकामनाएं दीं और अबीर-गुलाल लगाकर त्योहार की खुशियां साझा कीं। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने पुलिस कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि होली का पर्व आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द का संदेश देता है। ऐसे त्योहार समाज में एकता और सद्भाव को मजबूत करने का कार्य करते हैं।

## पीड़िता ने लगाई सुरक्षा की गुहार

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर निवासी पीड़िता ने पडौस निवासी विपक्षी युवक पर गाली गलौज करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने थाना पर तहरीर दी है तथा सुरक्षा की गुहार लगाई है।

पीड़ित महिला ने बताया है कि उसकी नाबालिग बेटी को आरोपी पडोसी युवक करीब 2 वर्ष पूर्व बहला फुसला कर अपने साथ कहीं ले गया था। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी बेटी को बरामद कर लिया था तथा आरोपी युवक को जेल भेज दिया था। पीड़िता की नाबालिग बेटी तभी से नारी निकेतन में रह रही है। आरोप है कि अब आरोपी युवक जेल से जमानत पर बहार आया आया हुआ है। जो कि शराब पीकर मोहल्ले में घूम रहा है तथा पीड़िता व परिजनों के साथ गाली गलोज कर रहा है। पीड़िता का कहना है कि आरोपी युवक शराब पीकर उसके घर के आगे हंगामा काट रहा है।

# सपा इंडिया गठबंधन का महत्वपूर्ण हिस्सा: रावत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि युद्ध मानवता के खलिाफ है बहुत सारे निर्दोष लोग इसके दायरे में आयेंगे यूएस को ही नहीं यूईन को इसमें हस्तक्षेप करना चाहिये बहुत सारे भारतीय और अन्य देशों के लोग फसे हुए है निर्दोषों को बचाने की जिम्मेदारी सभी की लेकिन यूएस महाशक्ति है इसलिए उनके ऊपर ज्यादा जिम्मेदारी है।

हरीश रावत ने यह बात देहरादून से दिल्ली जाते समय छुटमलपुर में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय महासर्ि. चव मुजतबा एडवोकेट के निवास पर पत्रकारों से वार्ता के दोरान कहे। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन का महत्वपूर्ण हिस्सा है लोकसभा चुनाव की तरह ही आने वाले विधानसभा चुनाव में इसके अच्छे परिणाम सामने आयेंगे। उत्तराखण्ड पर बोलते हुये उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सरकार अपनी साख खो चुकी है दिनदहाड़े हत्याये हो रही है सरकारी दफ्तरों में अधिकारियों कर्मचारियों को मारा जा रहा है सरकार खनन और अन्य अवैध कार्यों में लिप्त है उत्तराखण्ड में भ्रष्टाचार की हदे सरकार ने पार कर रख दी है आम आदमी की कोई सुनवाई उत्तराखण्ड सरकार में नहीं है। 2027 में कांग्रेस पचपन से अधिक सिटो पर जीत कर सत्ता में आएगी उत्तराखण्ड में भाजपा सरकार पर विकास, उद्योग, रोजगार, किसान युवाओं को बताने के लिये पिछले नो साल में कुछ नहीं है भाजपा का जाना तय है भाजपा की उल्टी गिनती चल चुकी है

इस अवसर पर अब्दुल हसीब मलिक, मनोज चौधरी, राव यूसुफ, राव आरिफ, प्रधान फरमान मलिक, प्रधान नासिर अली, रामबीर सिंह, पदम् सिंह, महबूब तलहेड़ी कारी आबिद, अरशद मलिक, परवेज मलिक, फेसल मिर्जा, नासिर सैफी, अजीम मलिक, डाक्टर बिलाल चौहान आदि कार्यकर्ता मुख्य रूप से मोजूद् रहे।

# एकता क्लब ने सहारनपुर को दो विकेट से हराया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** एक दिवसीय मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच में एकता क्लब अंबेहटा ने सहारनपुर टीम को दो विकटों से पराजित किया।

मैच में सहारनपुर के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते निर्धारित 25 ओवर में सात विकेट खोकर 221 रन का लक्ष्य विपक्ष एकता क्लब के समक्ष रखा। जिसमें शानदार बल्लेबाजी करते सहारनपुर के बल्लेबाज फरदीन खान ने सर्वाधिक 75, गौरव त्यागी 53, कपिल त्यागी ने 39 रन का महत्वपूर्ण योगदान अपनी टीम को दिया। एकता क्लब की तरफ से शानदार बोलिंग करते कप्तान गोविंद ने पांच ओवर में 39 रन देकर 3 महत्वपूर्ण विकेट जबकि स्पिनर जनक अंबेहटी ने 5 ओवर में सबसे कम मात्र 24 रन देकर तीन बड़े विकेट अपनी घूमती हुई गेंद मे उलझा लिए। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी एकता क्लब टीम ने धमाकेदार बल्लेबाजी करते आठ विकेट खोकर मात्र 22 ओवर में लक्ष्य प्राप्त कर दो विकेट से मैच जीत लिया। एकता क्लब की तरफ से शानदार बल्लेबाजी करते दानिश सफीक 36, सेठपाल ढायकी 35, हर्षित मित्तल सर्वाधिक 47 जबकि



कप्तान गोविंद ने मात्र 7 गेंद पर 16 रन की नाबाद जिताऊ पारी खेली। सहारनपुर की तरफ से शानदार बोलिंग करते मोनीष कुरैशी ने सर्वाधिक चार विकेट लिए। तीन शानदार विकेट व अच्छी बल्लेबाजी की बदौलत एकता क्लब के कप्तान गोविंद को मैन ऑफ द मैच का खिताब दिया गया।





















## सम्पादकीय

शुक्रवार, 6 मार्च 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# आफत का दौर

ईरान पर हुए अमेरिकी-इजरायली हमले को पश्चिमी देशों द्वारा तार्किक बताया जा रहा है। इस हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्ला खामेनेई तथा उनके परिजनों समेत कई लोगों की मौत को किसी भी तरह न्यायसंगत नहीं ठहराया जा सकता। यह समय वैश्विक कानून-व्यवस्था के भंग होने और अमेरिका के साम्राज्यवादी मंसूबों के सिरे चढ़ने का है। जब से ट्रंप अमेरिका के राष्ट्रपति बने हैं, उन्होंने वैश्विक संप्रभुता और संयुक्त राष्ट्र समेत दुनिया की तमाम नियामक संस्थाओं को बेबस बना दिया है। वेनेजुएला में हमला करके राष्ट्रपति निकोलेस मादुरो को गिरफ्तार करके अमेरिका ले जाने के बाद अब खामेनेई की परिवार समेत हत्या ने दर्शा दिया है कि दुनिया फिर जंगल-राज की तरफ बढ़ रही है। शक्ति बंदूक की नोक से निकलती दिख रही है। छोटे राष्ट्रों की संप्रभुता संकट में है। यूक्रेन पर रूसी आक्रमण, वेनेजुएला व ईरान पर अमेरिकी हमला बता रहा है कि आने वाले दिनों में ताइवान जैसे अन्य संकटग्रस्त देशों के सामने अस्तित्व बनाए रखने की चुनौती होगी। पूरी दुनिया में आपूर्ति श्रंखला में आए व्यवधान तथा ट्रंप के टैरिफ आतंकवाद से दुनिया की अर्थव्यवस्था पहले ही चरमरा रही है। रोजगार के अवसर कम हुए हैं और लोगों को भारी महंगाई का सामना करना पड़ रहा है। ईरान पर अमेरिका-इजरायल के हमले की प्रतिक्रिया मध्यपूर्व के अलावा पश्चिमी देशों में आने वाले समय में दिखाई देगी। जिसकी असली कीमत मानवता को ही चुकानी होगी। निःसंदेह, आने वाले दिनों में भारत को ईरान-अमेरिकी संघर्ष की कीमत चुकानी होगी। इससे भारत की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। भारत के लिए मुश्किल यह भी है कि ईरान पर हमला प्रधानमंत्री की इजरायल यात्रा के तुरंत बाद हुआ है, जिससे भारत के लिए मध्यपूर्व को लेकर विदेश नीति में असमंजस की स्थिति पैदा हो गई है। इसका सीधा असर भारत की अर्थव्यवस्था पर पड़ सकता है। इससे हार्मुज स्ट्रेट रूट से भारत को होने वाली कच्चे तेल की आपूर्ति में बाधा उत्पन्न होगी। वहीं दूसरी ओर मध्यपूर्व में कार्यरत नब्बे लाख से अधिक भारतीयों पर प्रत्यक्ष या परोक्ष प्रभाव पड़ेगा और उनके द्वारा भारत भेजी जाने वाली धनराशि भी प्रभावित होगी। भारत द्वारा आयातित कच्चे तेल की पचास फीसदी आपूर्ति होर्मुज स्ट्रेट रूट से होती है। रूसी तेल खरीदने पर अमेरिकी दबाव के चलते भी इस रूट से भारतीय आपूर्ति बढ़ी है। इस क्षेत्र में तनाव बढ़ने का सीधा असर भारत में कच्चे तेलों के दामों पर पड़ेगा। भविष्य में भारतीयों को तेल कीमतों में वृद्धि का सामना करना पड़ेगा। वहीं लाल सागर से होने वाली तेल आपूर्ति भी ईरान समर्थक हूती विद्रोहियों की धमकी से प्रभावित होगी। कूटनीतिक स्तर पर भी भारत को असहज स्थिति का सामना करना पड़ेगा। भारत इस समय ग्लोबल साउथ के नेतृत्व का दावा करता है और फिलहाल ब्रिक्स की अध्यक्षता कर रहा है, ईरान भी पिछले साल ब्रिक्स का सदस्य बन चुका है। ऐसे में क्या भारत इस हमले का विरोध करने की स्थिति में है? भारत ईरान से पुराने संबंधों के चलते क्या अमेरिका से दूरी बना सकता है।

## यह एक और विश्व युद्ध का कारण...



अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच चल रहा संघर्ष पर चिंता का सबब बनता जा रहा है, अगर स्थिति को सावधानीपूर्वक नहीं संभाला गया, तो बढ़ते तनाव से एक व्यापक वैश्विक संघर्ष भी शुरू हो सकता है, केंद्र सरकार को इस मामले पर अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए, क्योंकि इसी तरह के हस्तक्षेप अन्य देशों में भी हो चुके हैं, वैश्विक स्तर पर वर्तमान संघर्ष के दूरगामी परिणाम हो सकते हैं और अगर तनाव बढ़ता रहा ,तो यह एक और विश्व युद्ध का कारण बन सकता है, अंतर्राष्ट्रीय समुदाय तनाव कम करने की दिशा में काम करे, अमेरिका द्वारा संप्रभु देश ईरान पर हमला करना गलत है।

**-डा. फारूक अब्दुल्ला, पूर्व मुख्यमंत्री, जम्मू-कश्मीर**

# बंद होते हवाई अड्डे, हवा हवाई होती हवाई चप्पल वालों की हवाई यात्रा






**निर्मल रानी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2019 में सूरत में पहली बार कहा था कि सरकार का लक्ष्य है कि श्हवाई चप्पल पहनने वाला भी हवाई यात्रा करेश। मोदी ने अक्टूबर 2025 में नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट उद्घाटन पर भी यही दोहराया कि 2014 से उनका सपना था कि श्हवाई चप्पल वाला भी हवाई सफर करेश। बेशक प्रधानमंत्री का यह वक्तव्य गरीबों को हवाई यात्रा मुहैया कराने की सोच को दर्शाता है। इसी मकसद से ष्उड़ानष योजना की शुरुआत की गई थी।श्न्क।छ अर्थात उड़े देश का आम नागरिक। इस योजना का उद्देश्य छोटे शहरों, टियर-2 और टियर-3 इलाकों को हवाई संपर्क से जोड़ना और हवाई यात्रा को सस्ता बनाना था।

आंकड़ों के मुताबिक 2014 में भारत में लगभग 74 सक्रिय हवाई अड्डे थे जिनकी संख्या 2026 के प्रारंभ तक बढ़कर 160-162 तक हो गई। इनमें से उड़ान योजना के अंतर्गत एयरपोर्ट, हेलीपोर्ट और वॉटर एयरोड्रोम सहित 93 हवाई अड्डे या तो नए विकसित किए गए या फिर उन्हें पुनर्जीवित किया गया। इनमें से अधिकांश नए या अपग्रेडेड हवाई अड्डे देश के अनेक छोटे शहरों में हैं। गोया कुल मिलाकर गत 10-12 वर्षों में 90 से अधिक नए अथवा सक्रिय हवाई अड्डे जोड़े गए हैं। बताया जा रहा है कि सरकार का लक्ष्य 2047 तक देश भर में 400 से अधिक हवाई अड्डे बनाना है ताकि हवाई चप्पल पहनने वाला भी हवाई यात्रा कर सके अर्थात गरीबों का सस्ती हवाई यात्रा का सपना साकार किया जा सके परंतु पिछले दिनों देश के केवल एक ही राज्य उत्तर प्रदेश से प्राप्त खबरों के अनुसार 2021 के बाद श्उड़ान योजनाश के अंतर्गत शुरू किए गए 7 नए हवाई अड्डों में से 6 पर नियमित कामर्शियल उड़ानें बंद हो चुकी हैं।

धार्मिक पर्यटन के चलते इस समय केवल अयोध्या स्थित महर्षि बाल्मीकि अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डा ही सक्रिय है। हालांकि अयोध्या का यह हवाई अड्डा भी आधिकारिक रूप से अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा तो जरूर घोषित किया गया है परन्तु अंतर्राष्ट्रीय शब्द केवल नाम तक ही सीमित है। वास्तव में अयोध्या का यह महर्षि बाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा वर्तमान में केवल भारत के भीतर सीमित घरेलू उड़ानें ही संचालित करता है और अभी तक किसी दूसरे देश के लिए यहां से अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें शुरू नहीं हुई हैं। अलबत्ता यहां से संचालित कुछ स्वदेशी मार्गों जैसे कोलकाता, पटना आदि की उड़ानें भी अस्थाई रूप से बंद जरूर हो चुकी हैं। केवल उत्तर प्रदेश देश में जिन हवाई अड्डों से उड़ानों का संचालन फिलहाल बंद हो चुका है उनमें कुशीनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट,आजमगढ़ एयरपोर्ट, चित्रकूट एयरपोर्ट, श्रावस्ती एयरपोर्ट, मुरादाबाद एयरपोर्ट तथा अलीगढ़ एयरपोर्ट के नाम उल्लेखनीय हैं। इसी तरह पंजाब में पठानकोट व लुधियाना, सिक्किम में पेक्यांग,गुजरात के भावनगर,छत्तीसगढ़ का अंबिकापुर, ओड़ीसा का राउरकेला,मध्य प्रदेश का दतिया, कर्नाटक का कलबुर्गी व हिमाचल के शिमला के हवाई अड्डों के बंद होने की खबरें हैं। सैकड़ों करोड़ की लागत से बनाए गए यह हवाई अड्डे कहीं कम पैसेंजर ट्रैफिक के कारण अर्थात यात्रियों की कमी के चलते बंद करने पड़े तो कहीं खराब .श्यता , इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम की कमी या एयरलाइंस कंपनियों की संचालन में रुचि न होने के कारण बंद करने पड़े। कहीं पास के बड़े हवाई अड्डों के कारण यात्री न मिलने की वजह से बंद कर दिए गए तो कुछ तकनीकी व इंफ्रास्ट्रक्चर समस्याओं जैसे छोटे एयरपोर्ट पर हैंगर, फ्यूल, स्टाफ की कमी के कारण भी बंद हुए।

एक अनुमान के अनुसार UDAN के अंतर्गत बिना किसी उड़ान के ही इन 15 नॉन-ऑपरेशनल एयरपोर्ट्स के रखरखाव और सिक्योरिटी पर पिछले 8 वर्षों में लगभग 878-900 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हुए हैं जबकि कुल न्क।छ एयरपोर्ट्स के विकास पर 4,600 करोड़ से भी अधिक खर्च होने का अनुमान है। परन्तु सरकार को इससे कोई लाभ नहीं हुआ। इसी तरह एयर पोर्ट अथॉरिटी ऑफ इण्डिया ।।प्के 81 एयरपोर्ट्स पर पिछले 10 वर्षों में 10,853 करोड़ के कुल घाटे का अनुमान है। कहना गलत नहीं होगा कि इससे योजना की सफलता पर प्रश्न चिन्ह लग गया है। ऐसे में यह सवाल उठना लाजिमी है कि क्या बंद होने वाले हवाई अड्डों या घाटे में चलने वाले हवाई अड्डों को शुरू करते समय या इनकी योजना बनाते वक्त क्या इस बात का सही आंकलन नहीं किया गया कि यह हवाई अड्डे भविष्य में सुचारु रूप से संचालित हो सकेंगे या नहीं? क्या वजह है कि कल की यह लोकलुभावन योजनाएं आज मात्र श्सफेद हाथी श बनकर रह गई हैं ? एक सवाल यह भी है कि हवाई चप्पल वाले हवाई यात्रा करें जैसी लोकलुभावन बातें कर इस तरह की योजनाएं केवल चुनावी लाभ लेने के कारण बनाई गई थीं? साथ ही एक सवाल यह भी कि जिस देश में रेल व बस जैसी सार्वजनिक परिवहन व्यवस्थाओं में सुधार की भारी जरूरत हो,जहां अभी तक ट्रेन में यात्रियों को समय पर आरक्षित सीटें उपलब्ध न हो पाती हों,हद तो यह है कि अनेक दूरगामी ट्रेन्स में पैर रखने,खड़े होने यहां तक कि यात्रियों के डिब्बों में घुस पाने तक की जगह न मिल पाती हो, जहां आज भी यात्री ट्रेन्स में लटककर और अपनी जान को जोखिम में डालकर यात्रा करने को मजबूर हों वहां इस तरह की शर्मसार कर देने वाली सार्वजनिक परिवहन व्यवस्थाओं में सुधार करने व इन्हें व्यवस्थित करने के बजाए ऐसे नए हवाई अड्डे बनाना जोकि शीघ्र ही बंद भी करने पड़ जाएं,क्या ऐसा कदम जनता के पैसों की बर्बादी नहीं है ? इन सबके अतिरिक्त यह भी माना जा रहा है कि बिना जरुरत के नए हवाई अड्डे शुरू करने के पीछे का एक मकसद इनके संचालन से सत्ता के नजदीकी समझे जाने वाले उद्योगपतियों व कार्पोरेट्स को आर्थिक लाभ पहुंचाना भी है।

बहरहाल देश में लगातार बंद होते जा रहे नव सांचालित हवाई अड्डे इस निष्कर्ष पर तो पहुंचने के लिए काफी हैं कि हवाई चप्पल वालों को हवाई यात्रा करने का जो लोकलुभावन ढिंढोरा पीटा जा रहा था वह फिलहाल हवा हवाई साबित होता जा रहा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# तंत्रिकाएं करती हैं खास ट्यूमर की मदद

**जिन कैंसर कोशिकाओं से तंत्रिकाएं नदारद होती हैं, उनकी सामान्य प्रक्रियाएं गड़बड़ हो जाती हैं। साउथ अलाबामा विश्वविद्यालय के साइमन ग्रेलेट ने सोचा कि कहीं उधार के माइटोकॉण्ड्रिया का स्रोत कट जाने का तो यह परिणाम नहीं है। ग्रेलेट, आयला और उनके दल ने देखा कि तश्तरियों में रखने पर स्तन कैंसर की कोशिकाओं और तंत्रिका कोशिकाओं के बीच सेतु बनने लगते हैं। जब उन्होंने तंत्रिकाओं के माइटोकॉण्ड्रिया को एक हरे प्रोटीन की मदद से शिनाख्त योग्य बना दिया तो देखा गया कि यह उपांग सेतुओं के जरिए कैंसर कोशिकाओं में जा रहे हैं।**

हाल में किए गए एक अध्ययन से उजागर हुआ है कि कुछ कैंसर कोशिकाएं अपनी पड़ोसी स्वस्थ कोशिकाओं की मदद से अधिक विनाशकारी शक्ति हासिल कर लेती हैं। एक अनुसंधान दल ने पाया है कि तंत्रिकाएं अपनी पड़ोस की मैलिग्नेंट (दुर्दम) कोशिकाओं को अपना माइटोकॉण्ड्रिया दान दे देती हैं।

गौरतलब है कि माइटोकॉण्ड्रिया कोशिकाओं का एक उपांग होता है जो कोशिकाओं के कामकाज के लिए जरूरी ऊर्जा उपलब्ध कराता है। यह अवलोकन इस बात की व्याख्या कर देता है कि क्यों तंत्रिकाओं की उपस्थिति में ट्यूमर ज्यादा तेजी से बढ़ते हैं और तो और कैंसर कोशिकाओं को अतिरिक्त माइटोकॉण्ड्रिया मिल जाने पर उनकी शरीर के अन्य हिस्सों में फैलने (मेटास्टेसिस) की क्षमता भी बढ़ जाती है।

पहले माना जाता था कि कोशिकाएं अपने माइटोकॉण्ड्रिया सहेजकर रखती हैं, लेकिन पिछले 20 वर्षों में हुए अध्ययनों से स्पष्ट हुआ है कि कोशिकाएं इन उपांगों का खूब लेन-देन करती हैं। कैंसर कोशिकाएं दाता भी हो सकती हैं और प्राप्तकर्ता भी। जैसे, हाल ही में जापान के शोधकर्ताओं ने बताया था कि कैंसर कोशिकाएं और प्रतिरक्षा टी-कोशिकाएं कभी-कभी माइटोकॉण्ड्रिया का विनिमय करती हैं। इस दौरान, कैंसर कोशिकाएं अपने दोषपूर्ण उपांग टी-कोशिकाओं को देकर उन्हें कमजोर भी कर सकती हैं। कुछ सर्वथा अलग तरह के अध्ययनों में पता चला है कि तंत्रिकाएं अपने आसपास के ट्यूमर्स की वृद्धि को बढ़ावा देती हैं। उदाहरण के लिए टेक्सास हेल्थ साइन्स सेंटर के गुस्तावो आयला की टीम ने देखा था कि जब प्रयोगशाला के जंतुओं की प्रोस्टेट ग्रंथि को पहुंचने वाली तंत्रिकाओं को काट दिया गया या बोटॉक्स इंजेक्शन देकर खामोश कर दिया गया, तो प्रोस्टेट कैंसर सिकुड़ गया। ट्यूमर-ग्रस्त मनुष्यों में भी बोटॉक्स इंजेक्शन देने पर कैंसर कोशिकाओं की मृत्यु दर बढ़ गई थी।

यह भी पता चला है कि जिन कैंसर कोशिकाओं से तंत्रिकाएं नदारद होती हैं, उनकी सामान्य प्रक्रियाएं गड़बड़ हो जाती हैं। साउथ अलाबामा विश्वविद्यालय के साइमन ग्रेलेट ने सोचा कि कहीं उधार के माइटोकॉण्ड्रिया का स्रोत कट जाने का तो यह परिणाम नहीं है। ग्रेलेट, आयला और उनके दल ने देखा कि तश्तरियों में रखने पर स्तन कैंसर की कोशिकाओं और तंत्रिका कोशिकाओं के बीच सेतु बनने लगते हैं। जब उन्होंने तंत्रिकाओं के माइटोकॉण्ड्रिया को एक हरे प्रोटीन की मदद से शिनाख्त योग्य बना दिया तो देखा गया कि यह उपांग सेतुओं के जरिए कैंसर कोशिकाओं में जा रहे हैं।

शोधकर्ताओं ने यह भी दर्शाया कि यदि माइटोकॉण्ड्रिया रहित कैंसर कोशिकाएं तैयार करके उन्हें यह उपांग बाहर से दिया जाए तो कैंसर कोशिकाओं को बढ़ावा मिलता है। ऐसी माइटोकॉण्ट्रिया रहित कोशिकाएं विभाजित नहीं होतीं और उनकी ऑक्सीजन खपत भी कम रहती है, लेकिन जब इन्हें तंत्रिका कोशिकाओं के साथ रखा गया, तो 5 दिन में इनकी चयापचय क्रियाएं बहाल हो गईं और इनमें विभाजन भी होने लगा। शायद पड़ोसियों से मिले माइटोकॉण्ड्रिया के दम पर। इसी प्रयोग को आगे करने पर पता चला कि यह असर लंबे समय के लिए होता है। शोधकर्ताओं ने यह जांच भी की कि क्या ऐसी पुनः सक्रिय हुई कैंसर कोशिकाओं के अन्य स्थानों/अंगों में फैलने (मेटास्टेसिस) की संभावना भी ज्यादा होती है।

इसकी जांच करने के लिए उन्होंने चूहों की तंत्रिका व कैंसर कोशिकाओं को साथ-साथ रखकर विकसित किया और फिर उन्हें मादा चूहे के उदर की वसा में डाल दिया। देखा गया पेट में ट्यूमर बना और जल्दी ही वह फेफड़ों तथा मस्तिष्क में फैल गया। यह भी देखा गया कि मूल ट्यूमर में तो मात्र 5 प्रतिशत कोशिकाओं ने तंत्रिकाओं से माइटोकॉण्ड्रिया हासिल किए थे लेकिन फेफड़े में पहुंची 27 प्रतिशत तथा मस्तिष्क में पहुंची 46 प्रतिशत कैंसर कोशिकाओं में आयातित माइट्कॉण्ड्रिया थे अर्थात आयातित माइटोकॉण्ड्रिया मेटास्टेसिस को बढ़ावा देते हैं। जब प्रोस्टेट कैंसर से पीड़ित व्यक्तियों के ट्यूमर की कोशिकाओं का विश्लेषण किया गया तो पता चला कि तंत्रिकाओं के नजदीक की कोशिकाओं में ज्यादा माइटोकॉण्ड्रिया थे।

यह अनुसंधान कैंसर से निपटने का एक सर्वथा नया रास्ता सुझाता है। शोधकर्ता कहते हैं कि कैंसर से निपटने के लिए उसके आसपास की तंत्रिकाओं पर ध्यान देना उपयोगी होगा।

# कैरियर पिजन सर्विस : संचार का प्राचीन तरीका



**रजनीश कपूर**

आज के डिजिटल युग में जहां व्हाट्सएप, वीडियो कॉल, इंटरनेट और सैटेलाइट फोन से पल भर में संदेश दुनिया के किसी भी कोने में पहुंच जाते हैं, वहां एक प्राचीन संचार माध्यम अभी भी जीवित है . 'कैरियर पिजन सर्विस'। यह कोई काल्पनिक कहानी नहीं, बल्कि वास्तविकता है। ओडिशा पुलिस की कैरियर पिजन सर्विस दुनिया की एकमात्र ऐसी पुलिस फोर्स है जो इस विरासत को आज भी संरक्षित रखे हुए है। यह सेवा न सिर्फ इतिहास की याद दिलाती है, बल्कि प्राकृतिक आपदाओं में जब आधुनिक संचार व्यवस्था ध्वस्त हो जाती है, तब एक विश्वसनीय बैकअप के रूप में काम आती है। एक ऐसा माध्यम जो हजारों वर्षों से मानव सभ्यता का अभिन्न अंग रहा है।

'कैरियर पिजन' या 'होमिंग पिजन' का इतिहास प्राचीन काल से जुड़ा है। मिस्र में लगभग 3000 ईसा पूर्व से ही कबूतरों को संदेशवाहक के रूप में इस्तेमाल किया जाता था। फारस, यूनान और रोमन साम्राज्य में इनकी व्यापक उपयोगिता थी। यूनानियों ने ओलंपिक खेलों के परिणाम इन कबूतरों के जरिए शहर-दर-शहर पहुंचाए। चंगेज खान ने अपने विशाल साम्राज्य में 'पिजन नेटवर्क' स्थापित किया। मध्यकाल में यूरोप के युद्धों और मध्य पूर्व के व्यापारियों ने इनका सहारा लिया। भारत में भी यह परंपरा बहुत पुरानी है। चंद्रगुप्त मौर्य के काल में फारसी प्रभाव से 'पिजन पोस्ट' शुरू हुई थी। मुगल और ब्रिटिश काल में पुलिस और सेना दोनों ने इसका इस्तेमाल किया। प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध में 'कैरियर पिजनों' ने जान भी बचाई, फ्रांस में श्चेर आमीश नामक कबूतर ने 194 अमेरिकी सैनिकों की जान बचाई थी। भारत में भी ब्रिटिश काल से पुलिस स्टेशनों के बीच संचार के लिए 'पिजन सर्विस' चली आ रही थी, लेकिन आज की बात करें तो ओडिशा पुलिस की यह सेवा अनूठी है। 1946 में, द्वितीय विश्व युद्ध के ठीक बाद, ओडिशा पुलिस ने इसे शुरू किया। सबसे पहले नक्सल प्रभावित कोरापुट जिले में प्रयोग किया गया। धीरे-धीरे यह 38 स्थानों द्धजिलों, सब-डिवीजनों, सर्कलों और पुलिस स्टेशनोंऋ तक फैल गई। इस सेवा के चरम पर 19 'पिजन लॉफ्ट' सक्रिय थे, जहां 1500 से अधिक प्रशिक्षित कबूतर तैनात थे। हर लॉफ्ट पर एक इंस्पेक्टर, तीन सब-इंस्पेक्टर, एक सहायक सब-इंस्पेक्टर और 35 कांस्टेबल तैनात थे। यह सेवा न सिर्फ सामान्य संचार, बल्कि चुनावों और आपदाओं में भी काम आई। 1976-77 के चुनावों और 1982 के 'फ्लैश फ्लड्स' में जब सड़कें-ब्रिज बह गए और वायरलेस-टेलीफोन फेल हो गए, तब इन कबूतरों ने सरकारी संदेश पहुंचाए।

सबसे रोचक घटना 13 अप्रैल 1948 की है। तब भारत के प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू संबलपुर, ओडिशा में थे। उन्हें 265 किलोमीटर दूरकटक में तत्काल निर्देश भेजने थे, सुबह 6 बजे नेहरू का हस्तलिखित संदेश लेकर एक 'कैरियर पिजन' उड़ा। ठीक 11रू20 पर, यानी महज 5 घंटे 20 मिनट में, वह कटक पहुंच गया। जब नेहरू खुद कटक पहुंचे तो अपना मूल संदेश और वही कबूतर देखकर दंग रह गए, वे हैरान और प्रसन्न थे। यह घटना ओडिशा पुलिस की



'पिजन सर्विस' की विश्वसनीयता का जीवंत प्रमाण है।

1954 में दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय डाक प्रदर्शनी में इन कबूतरों का प्रदर्शन किया गया। 1989 में तत्कालीन राष्ट्रपति आर। वेंकटरामन जब कटक आए तो इन कबूतरों को देखकर मुग्ध हो गए। 1999 के 'सुपर साइक्लोन' में जब तटीय इलाकों में संचार लाइनें पूरी तरह ठप हो गईं, तब इन कबूतरों ने लाज रखी। इनकी गति औसतन 55 से 80 किलोमीटर प्रति घंटा होती है। ए एक बार में 400-500 किलोमीटर उड़ने की क्षमता रखते हैं। 'बेल्जियन होमर' नस्ल के ए कबूतर चुंबकीय क्षेत्र का पता लगाकर अपने घोंसले तक आसानी से पहुंच जाते हैं। 2008 में आधुनिक संचार के चलते इसे औपचारिक रूप से बंद कर दिया गया। लेकिन ओडिशा पुलिस ने इसे पूरी तरह खत्म नहीं होने दिया। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के आदेश पर दो 'लॉफ्ट'अभी भी बरकरार रखे गए, एक कटक में ओडिशा पुलिस मुख्यालय पर 105 'बेल्जियन होमर पिजन' और दूसरा अंगुल के पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज पर 44 पिजन। कुल लगभग 150 प्रशिक्षित कबूतर आज भी सेवा में हैं। अब इन्हें सिर्फ सांस्कृतिक और औपचारिक उपयोग के लिए रखा गया है। ए कबूतर गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस की परेड में शांति, प्रेम और स्वतंत्रता का संदेश लेकर उड़ते हैं। हाल ही में भुवनेश्वर में 25 कबूतरों ने 30 किलोमीटर की दूरी मात्र 29 मिनट में तय की। आज जब साइबर हमले, प्राकृतिक आपदाएं और इमरजेंसी में मोबाइल नेटवर्क फेल हो जाते हैं, तब यह सेवा सिर्फ विरासत नहीं, बल्कि सुरक्षा की गारंटी है। ओडिशा पुलिस के स्पेशल डीजी द्धकम्युनिकेशंसऋ अरुण रे के अनुसार, ह्यह भारत का सबसे अच्छा रखा गया राज है। गौरतलब है कि सीएजी ने इसकी लागत पर आपत्ति जताई थी, लेकिन मुख्यमंत्री ने साफ कहा, ह्विरासत को बचाओ। यह सेवा हमें सिखाती है कि प्रगति का मतलब पुरानी चीजों को फेंकना नहीं, बल्कि उन्हें संभालकर रखना है। आज युवा पीढ़ी स्मार्टफोन पर जीती है, लेकिन जब वे इन कबूतरों को उड़ते देखते हैं तो इतिहास जीवंत हो उठता है। ऐसे में यदि स्कूलों-कॉलेजों व अन्य कार्यक्रमों में इनका प्रदर्शन करवाया जाए, तो न सिर्फ नई पीढ़ी को बरसों पुरानी विरासत जानने का मौका मिलेगा बल्कि पर्यटन को भी बढ़ावा मिले। ड्रोन और सैटेलाइट के युग में भी ए पंख वाले डाकिया हमें याद दिलाते हैं कि प्रकृति की शक्ति आज भी अजेय है। ओडिशा पुलिस की यह पहल दुनिया के लिए मिसाल है। अमेरिका, यूरोप या एशिया की कोई अन्य पुलिस फोर्स आज ऐसा नहीं कर रही। यह सिर्फ ओडिशा का गौरव नहीं, बल्कि पूरे भारत की सांस्कृतिक विरासत है। हमें इसे और मजबूत करना चाहिए। ज्यादा 'लॉफ्ट', ज्यादा प्रशिक्षण, ज्यादा जागरूकता किया जाए। क्योंकि संचार सिर्फ तकनीक नहीं, बल्कि विश्वास और विश्वसनीयता का मामला है। जब आधुनिक दुनिया इंस्टेंट मैसेजिंग पर निर्भर है, तब यह उड़नहार संदेशवाहक हमें सिखाते हैं कुछ चीजें कभी पुरानी नहीं होतीं, वे सिर्फ विरासत बन जाती हैं। ओडिशा पुलिस की 'कैरियर पिजन सर्विस' इसी विरासत का जीवंत प्रतीक है। इसे बचाए रखना हमारी जिम्मेदारी है, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी इन पंखों की उड़ान में इतिहास को महसूस कर सकें।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



काठमांडू। संसदीय चुनाव के लिए वोट डालने के लिए कतार में इंतजार करते लोग।

## खाड़ी देशों को वायु रक्षा सहायता देने की योजना बना रहा है इटली

**रोम।** इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने गुरुवार को कहा कि वह ईरानी हमलों को देखते हुए खाड़ी देशों को वायु रक्षा सहायता भेजने पर विचार कर रही हैं। सुमेलोनी ने रेडियो स्टेशन आरटीएल 102.5 के साथ बातचीत में कहा कि ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी की तरह इटली भी खाड़ी देशों को रक्षा एवं वायु रक्षा के क्षेत्र में सहायता भेजने पर विचार कर रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसा सिर्फ इसलिए नहीं है क्योंकि उनके साथ हमारे संबंध मैत्रीपूर्ण हैं, बल्कि इसलिए भी है क्योंकि इस क्षेत्र में हजारों इतालवी लोग रहते हैं और दो हजार इतालवी सैनिक वहां तैनात हैं।

# अमेरिका ने डूम्सडे बैलिस्टिक मिसाइल का किया परीक्षण



■ यह हिरोशिमा पर गिराए गए परमाणु बम से 20 गुना ज्यादा शक्तिशाली परमाणु हथियार ले जाने की क्षमता रखती है

**वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच अमेरिका ने मंगलवार रात कैलिफोर्निया तट पर अपनी 'डूम्सडे' बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया। 'मिनटमैन III' नाम की यह मिसाइल बेहद घातक है।

यह हिरोशिमा पर गिराए गए परमाणु बम से 20 गुना ज्यादा शक्तिशाली परमाणु हथियार ले जाने की क्षमता रखती है। इसे सांता बारबरा के पास वैंडेनबर्ग स्पेस फोर्स बेस से रात 11 बजे लान्च किया गया। अमेरिकी स्पेस फोर्स ने जानकारी दी कि 'जीटी 254' नाम का यह राकेट बिना किसी हथियार के छोड़ा गया था। इसने प्रशांत महासागर में मार्शल आइलैंड्स के पास अपने तय लक्ष्य पर सटीक निशाना लगाया। एयर फोर्स ग्लोबल स्ट्राइक कमांड ने बताया कि इस मिसाइल को इसकी सटीकता और तैयारी को परखने के लिए दागा गया था। 576वें फ्लाइट टेस्ट स्क्वाड्रन के कमांडर लेफ्टिनेंट कर्नल कैरी रे ने एक प्रेस रिलीज में कहा कि इस टेस्ट से मिसाइल सिस्टम के अलग-अलग हिस्सों की कार्यक्षमता का अंदाजा लगाने में मदद मिली। उन्होंने बताया कि ऐसे परीक्षणों से देश की परमाणु शक्ति के जमीनी हिस्से को और भी मजबूत और तैयार रखा जा सकता है। यह परीक्षण ऐसे समय में हुआ है जब अमेरिका और इजरायल ने हाल ही में ईरान पर हमला किया था। उस हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई थी, जिससे पूरे इलाके में जंग छिड़ गई है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने ईरान पर हमले तेज करने चेतावनी दी है और कहा है कि एक बड़ा हमला होने वाला है। हालांकि, एयर फोर्स ग्लोबल स्ट्राइक कमांड ने यह भी साफ किया कि मंगलवार का यह परीक्षण रूटीन था और इसकी योजना वर्षों पहले ही बना ली गई थी।

## रिपब्लिकन सांसदों ने खारिज किया जंग रोकने वाला प्रस्ताव

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सीनेट में बुधवार को एक महत्वपूर्ण मतदान में रिपब्लिकन सांसदों ने उस प्रस्ताव को खारिज कर दिया जिसका उद्देश्य राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के ईरान के खिलाफ चल रहे युद्ध को रोकना था। यह प्रस्ताव 47 के मुकाबले 53 वोटों से गिर गया। यह प्रस्ताव श्वार पावर्स रेजोल्यूशनश के रूप में पेश किया गया था, जिसके तहत आगे किसी भी सैन्य कार्रवाई से पहले कांग्रेस की मंजूरी अनिवार्य करने की मांग की गई थी। वोटिंग लगभग पार्टी लाइन के अनुसार हुई, हालांकि कुछ सांसदों ने अलग रुख भी अपनाया। रिपब्लिकन सीनेटर रैंड पाल ने प्रस्ताव का समर्थन किया, जबकि डेमोक्रेटिक सीनेटर जान फेटरमैन ने इसके खिलाफ वोट दिया। मतदान से पहले सीनेट में माहौल काफी गंभीर रहा। कई डेमोक्रेटिक सांसद अपनी सीटों पर बैठे रहे और पूरे समय बहस में शामिल रहे। सीनेट में डेमोक्रेटिक नेता चक शूमर ने कहा कि यह वोट तय करेगा कि सांसद अमेरिकी जनता के साथ खड़े हैं या ट्रम्प प्रशासन के साथ। उनके मुताबिक अमेरिका के लोग मध्य पूर्व के लंबे युद्धों से थक चुके हैं और अब एक और बड़े युद्ध की जरूरत नहीं है। रिपब्लिकन सांसदों ने डेमोक्रेट्स के आरोपों को खारिज किया। रिपब्लिकन नेता जान बरासो ने कहा कि डेमोक्रेट्स ट्रम्प का विरोध करने में ज्यादा रुचि रखते हैं, जबकि असली मुद्दा ईरान के परमाणु कार्यक्रम को खत्म करना है।

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान से 200 अफगान कैदी रिहा होकर स्वदेश पहुंचे

**काबुल।** पाकिस्तान के हिरासत केंद्रों में बंद 200 अफगान कैदियों के समूह को पिछले सप्ताह रिहा कर दिए जाने के बाद स्वदेश वापस लाया गया है। अफगानिस्तान के शरणार्थी एवं प्रत्यावर्तन मंत्रालय ने गुरुवार को कहा यह जानकारी दी। मंत्रालय के अनुसार विभिन्न आरोपों में एक दिन से लेकर दो महीने तक पाकिस्तान के कई जेलों में बंद कैदी दक्षिणी कंधार प्रांत के स्पिन बोल्डक सीमा के माध्यम से अफगानिस्तान पहुंचे। इन लोगों को उनके गृह क्षेत्रों में भेजने से पहले उनकी बुनियादी जरूरतों के लिए त्वरित सहायता प्रदान की गई।

### खदान ढहने से 200 से ज्यादा लोगों की मौत: अधिकारी

**किशासा।** कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (डीआरसी) में मंगलवार को एक खदान के ढहने से 200 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है। डीआरसी सरकार ने बुधवार को यह जानकारी दी। डीआरसी के खनन मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, यह घटना नॉर्थ किवु प्रांत में रुबाया खदान पर हुई, जो कोल्टन संसाधन के लिए जानी जाती है। यह दुर्घटना बहुत ज्यादा भारी बारिश के कारण हुई। शुरुआती आंकड़ों के अनुसार इस हादसे में करीब 70 नाबालिगों सहित 200 से ज्यादा लोगों की जान चली गई।

### चीन का प्रमुख एआई उद्योग 2025 में लगभग 173.9 अरब डॉलर रहा

**बीजिंग।** चीन के प्रमुख आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) उद्योग का मूल्य 2025 में 1-2 लाख करोड़ युआन (लगभग 173.9 अरब डॉलर) से अधिक रहा। उद्योग और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ली लेचेंग ने गुरुवार को नेशनल पीपल्स कांग्रेस (संसद) के वार्षिक सत्र से इतर बताया कि पिछले साल देश में एआई कंपनियों की संख्या 6200 से अधिक हो गई।

### ईरानी युद्धपोत पर श्रीलंका में हमले को लेकर तेहरान के तेवर उग्र

# अमेरिका को होगा डेना पर हमले का पछतावा: अराघची

**तेहरान/कोलंबो।** ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने गुरुवार को कहा कि अमेरिका को भारतीय नौसेना की मेहमान युद्धपोत डेना पर हमला करने का बहुत पछतावा होने वाला है। अराघची ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि अमेरिका ने ईरान के तट से 2000 मील दूर समंदर में एक क्रूर कृत्य को अंजाम दिया है। उन्होंने कहा कि करीब 130 नौसैनिकों के साथ भारतीय नौसेना की मेहमान फ्रिगेट डेना पर बिना चेतावनी के अंतर्राष्ट्रीय जलक्षेत्र में हमला किया गया। मेरे शब्द लिख लो, अमेरिका को अपने इस कृत्य पर बहुत पछतावा होगा। उल्लेखनीय है कि अमेरिका की एक पनडुब्बी ने युद्धपोत डेना पर तारपीडो से हमला किया, जिससे वह समंदर की सतह में डूब गई। श्रीलंकाई मीडिया के अनुसार, जब युद्धपोत पर हमला हुआ तब वह एक पूर्वी भारतीय बंदरगाह से ईरान लौट रहा था। उल्लेखनीय है कि आइरिस डेना ने भारत की 'मिलन' नौसैनिक अभ्यास में हिस्सा लिया था। श्रीलंका के उप विदेश मंत्री अरुण हेमचंद्र ने कहा कि देश के दक्षिणी तट पर अमेरिकी पनडुब्बी द्वारा ईरानी युद्धपोत पर किए गए हमले के बाद कम से कम 80 लोग मारे गए। वहीं श्रीलंका के मुख्य सरकारी सचेतक नलिडा जयतिस्सा ने गुरुवार को कहा कि श्रीलंका के विशेष आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) में ईरान का एक और जहाज है। डेली मिरर की एक रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने यह बात विपक्ष के नेता सजित प्रेमदासा के उठाए गए एक सवाल का जवाब देते हुए कही कि क्या सरकार को श्रीलंका के जलक्षेत्र में एक और ईरानी जहाज के होने की जानकारी है। जयतिस्सा ने कहा कि राष्ट्रपति, सुरक्षा परिषद और सरकार को इस मामले की जानकारी है और सरकार जहाज में मौजूद लोगों के मामले में ज्यादा से ज्यादा दखल दे रही है। उन्होंने कहा कि सरकार को इस मामले की जानकारी है। हम इस मामले को सुलझाने, जान के खतरे को कम करने और इलाके की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जरूरी दखल दे रहे हैं। यह जहाज हमारे इलाके के पानी में नहीं है। यह विशेष आर्थिक क्षेत्र के अंदर है। फिर भी, हम लोगों के जीवन की सुरक्षा के मामले में ज्यादा से ज्यादा दखल दे रहे हैं। हम संसद के समक्ष पूरी रिपोर्ट रखेंगे। इसी बीच ईरान के रिवोल्यूशनरी गाड्र्स ने गुरुवार को कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग केवल अमेरिका, इजरायल, यूरोप और अन्य पश्चिमी सहयोगियों के जहाजों के लिए बंद है। दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों में से एक होर्मुज जलडमरूमध्य युद्ध शुरू होने के बाद से ही ठप हो गया है। ईरान के सरकारी प्रसारक आईआरआईबी के अनुसार, इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने कहा कि हमने पहले भी कहा था कि अंतर्राष्ट्रीय कानूनों और प्रस्तावों के आधार पर, युद्ध के समय में ईरान के पास होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले मार्ग को नियंत्रित करने का अधिकार होगा। आईआरजीसी ने चेतावनी दी कि यदि अमेरिका, इजरायल, यूरोप 'और उनके समर्थकों' से संबंधित जहाज देखे गए, तो 'निश्चित रूप से उन पर हमला किया जाएगा।' ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजरायल द्वारा शनिवार को संयुक्त अभियान शुरू किए जाने के बाद से यह जलडमरूमध्य प्रभावी रूप से बंद है, जिससे तेल की कीमतों में भारी उछाल आया है और वैश्विक अर्थव्यवस्था के चरमराने का खतरा पैदा हो गया है।



■ अमेरिका ने ईरान के तट से 2000 मील दूर समंदर में एक क्रूर कृत्य को अंजाम दिया-ईरानी विदेश मंत्री

■ होर्मुज केवल अमेरिका इजरायल, यूरोप एवं उनके अन्य सहयोगियों के लिए बंद: रिवोल्यूशनरी गार्ड्स

## आईरिस डेना हमले में मारे गए नाविकों के शव सौंपने का ईरान का अनुरोध

**कोलंबो।** ईरान ने श्रीलंका के पास हिंद महासागर में हुए हमले में डूबे ईरानी नौसैनिक पोत आईरिस डेना पर मारे गए नाविकों के सभी शव उसे सौंपे जाने का अनुरोध किया है, ताकि उन्हें अंतिम संस्कार के लिए स्वदेश ले जाया जा सके। श्रीलंकाई मीडिया डेली मिरर की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी पनडुब्बी द्वारा किए गए टॉरपीडो हमले के बाद जहाज के डूबने से मारे गए करीब 90 नाविकों के शवों को गाले स्थित राष्ट्रीय अस्पताल करापिटिया लाया गया है। बताया गया है कि आगे की व्यवस्था होने तक इन शवों को अस्पताल के कोल्ड रूम में रखा जाएगा। श्रीलंका के उप स्वास्थ्य मंत्री हंसका विजेमुनी ने कहा कि ईरान ने शवों को अपने देश ले जाने का अनुरोध किया है, लेकिन मौजूदा सैन्य स्थिति के कारण यह प्रक्रिया तुरंत संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि अंतिम व्यवस्था होने तक शव अस्पताल के शीतगृह में सुरक्षित रखे जाएंगे। विजेमुनी के अनुसार, बुधवार रात तक करापिटिया अस्पताल में करीब 90 शव पहुंच चुके थे और यह संख्या बढ़ सकती है। श्रीलंका की ओर से मानक पोस्टमार्टम प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

## पश्चिम एशिया को अस्थिर कर रहे हैं अमेरिका और इजरायल: फतहाली

**नई दिल्ली।** भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फतहाली ने गुरुवार को अमेरिका और इजरायल पर पश्चिम एशिया क्षेत्र को अस्थिर करने तथा वार्ता के बीच युद्ध भड़काने का आरोप लगाया। ईरानी राजदूत की यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब ईरान और अमेरिका-इजरायल गठबंधन के बीच तनाव तेजी से बढ़ रहा है। हाल ही में हिंद महासागर में ईरानी नौसेना के फ्रिगेट आईरिस डेना के डूबने की घटना को ईरान ने 'समुद्र में किया गया अत्याचार' बताया है। उन्होंने यहां संवाददाताओं से बातचीत के दौरान अमेरिका और इजरायल को संघर्ष के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि दोनों देश ईरान की रणनीतिक एवं भौगोलिक स्थिति से भली-भांति परिचित हैं। उन्होंने इजरायल को 'जायनिस्ट शासन' बताते हुए आरोप लगाया कि उसका उद्देश्य पूरे पश्चिम एशिया क्षेत्र को अस्थिर करना है। उन्होंने कहा कि उन्हें अच्छी तरह पता है कि ईरान कहां है और उसकी स्थिति क्या है, लेकिन दुर्भाग्य से जायनिस्ट शासन पूरे क्षेत्र को नष्ट और अशांत करना चाहता है। ईरान अपने पड़ोसियों पर हमला नहीं करता, लेकिन वे अपने ठिकाने उपलब्ध कराते हैं। हमने अपने पड़ोसी देशों को पहले ही सूचित कर दिया था कि हम अमेरिका के ठिकानों को निशाना बनाएंगे। भारत के साथ किसी प्रकार की कूटनीतिक बातचीत के सवाल पर उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर फिलहाल ईरान और भारत के बीच कोई वार्ता या संदेश का आदान-प्रदान नहीं हुआ है। हॉर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर उठी चिंताओं पर फतहाली ने कहा कि ईरान युद्ध नहीं चाहता, लेकिन अमेरिका और इजरायल ने पहले हमला किया है और ईरान अपनी प्रतिक्रिया देगा।

## संयुक्त राष्ट्र महासचिव के लिए दो और उम्मीदवारों का नामांकन

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष की आधिकारिक वेबसाइट पर बुधवार को जारी दस्तावेजों के मुताबिक, अगले संयुक्त राष्ट्र महासचिव के पद के लिए दो और उम्मीदवारों को नामांकित किया गया है। अफ्रीकी संघ के मौजूदा चेयर बुरुंडी ने सेनेगल के पूर्व राष्ट्रपति मैकी सैल का नाम इस पद के लिए दिया है, जबकि कोस्टा रिका ने अर्थशास्त्री और कोस्टा रिका की पूर्व उपराष्ट्रपति रेबेका ग्रिनस्पैन को इस पद के लिए आगे किया है। नए नामांकन के साथ, इस पद के लिए अभी चार उम्मीदवार दौड़ में हैं। बाकी दो उम्मीदवार चिली की पूर्व राष्ट्रपति मिशेल बैचेलेट हैं, जिन्हें चिली, ब्राजील और मैक्सिको ने नामांकित किया है। इसके अलावा अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के मौजूदा महानिदेशक राफेल ग्रॉसी को अर्जेंटीना ने नामांकित किया है। संरा महासभा के अध्यक्ष एनालेना बेयरबॉक ने बुधवार को संरा के सदस्य देशों को लिखे एक पत्र में 20 अप्रैल वाले हफ्ते में उम्मीदवारों के साथ होने वाली बातचीत के तरीकों के बारे में बताया। यह बातचीत संरा के तीन स्तंभों यानी शांति एवं सुरक्षा, मानवाधिकार और विकास के आस-पास होगी। पत्र के मुताबिक, हर उम्मीदवार अपना विजन साझा करेगा, जिसके बाद सदस्य देशों से सवाल पूछे जाएंगे और बातचीत होगी। पत्र में कहा गया है कि उम्मीदवारें को हिस्सा लेने के लिए बातचीत से पहले और एक अप्रैल के बाद नामांकन जमा करने होंगे।

## ड्रोन हमले के बाद साइप्रस की ओर नौसेना भेजेंगे यूरोपीय देश

**रोम।** स्पेन, फ्रांस और नीदरलैंड्स के बाद अब इटली ने भी ईरान के ड्रोन हमलों के मद्देनजर आने वाले दिनों में साइप्रस की सुरक्षा के लिए द्वीप पर अपनी नौसेना भेजने का फैसला किया है। इटली के रक्षा मंत्री गुइडो क्रोसेटो ने गुरुवार को संसद को यह जानकारी दी। पश्चिमी एशिया को सैन्य मदद भेजने पर संसद में मतदान से पहले उन्होंने प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के पहले के सुझावों की पुष्टि की। क्रोसेटो ने कहा, हम अकेले देश नहीं हैं जो इस स्थिति का सामना कर रहे हैं और हम सभी को मदद के लिए निवेदन मिला है। उन्होंने कहा कि हम मिलकर जांच कर रहे हैं, जिसमें जम्मिदारी कैसे बांटनी है, यह भी शामिल है।


# ईरान-अमेरिका के बीच मध्यस्थता को तैयार हैं: रूस

### अमेरिका ने यह साफ कर दिया है कि उसे मध्यस्थता की जरूरत नहीं है: रूसी राजनयिक

**मास्को।** रूस अमेरिका और ईरान के बीच जारी संघर्ष को रूकवाने के वास्ते मध्यस्थता करने के लिए तैयार है। वियना स्थित अंतर्राष्ट्रीय संगठनों में रूस के स्थाई प्रतिनिधि मिखाइल उल्यानोव ने कहा है कि अगर जरूरत पड़ी तो रूस ईरान और अमेरिका के बीच शांति वार्ता में मध्यस्थ बनने के लिए तैयार है।

उन्होंने रूसी अखबार इजवेस्टिया से कहा कि बेशक अगर जरूरत पड़ी तो रूस मध्यस्थता करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि हालांकि अभी अमेरिका-ईरान के बीच दोबारा बातचीत शुरू होना मुश्किल लग रहा है, लेकिन दोनों तरफ के मुख्य मकसद सैन्य बल से हासिल नहीं किए जा सकते। उल्यानोव के मुताबिक ईरान रूस की मध्यस्थता का स्वागत करेगा। रूसी राजनयिक ने कहा कि अमेरिका ने यह साफ कर दिया है कि उसे मध्यस्थता की जरूरत नहीं है, क्योंकि उसका मानना है कि वह खुद हालात संभाल सकता है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी असल में इसे बहुत खराब तरीके से संभाल कर रहे हैं।

## रूस जल्द रोक सकता है ईयू को गैस आपूर्ति: पुतिन



**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि रूस वाणिज्यिक फायदे के लिए यूरोपीय संघ (ईयू) के देशों को उम्मीद से पहले प्राकृतिक गैस की आपूर्ति रोक सकता है। पुतिन ने बुधवार को एक साक्षात्कार में कहा कि ईयू देश एक महीने में रूसी गैस की खरीद पर नई रोक लगाने और एक साल में उन्हें पूरी तरह से बैन करने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि दूसरे बाजार अब खुल रहे हैं। शायद हमारे लिए अभी यूरोपीय बाजार में आपूर्ति रोकना और नई दिशाओं में निर्यात स्थापित करना ज्यादा फायदेमंद होगा। इसमें कोई राजनीतिक मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि ये सिर्फ 'खुलकर सोचे गए विचार' हैं। अभी कोई फैसला नहीं लिया गया है। ईयू की परिषद ने जनवरी में ईयू में रूसी पाइपलाइन गैस और लिक्विफाइड प्राकृतिक गैस (एलएनजी) के आयात पर प्रतिबंध को मंजूरी दी। इसके तहत एलएनजी के लिए जनवरी 2027 से और पाइपलाइन गैस के लिए 2027 के पतझड़ से पूरा प्रतिबंध लागू होगा। परिषद के मुताबिक, पाइपलाइन गैस और एलएनजी को मिलाकर, 2025 में कुल ईयू गैस आयात में रूस का हिस्सा लगभग 13 प्रतिशत था।

# नेपाल के आम चुनाव में 60 प्रतिशत से अधिक मतदान

### 6500 + प्रत्याशियों का भाग्य मतपेटियों में कैद

**काठमांडो।** पड़ोसी देश नेपाल में आज आम चुनाव के लिए मतदान किया गया। साल 2025 में जेन-जी के विरोध प्रदर्शन के बाद नेपाल की तत्कालीन केपी शर्मा ओली सरकार गिर गई थी। 275 सीटों के लिए मतदान सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक चला।

प्रतिनिधि सभा की काठमांडू जिले की सभी 10 सीटों पर गुरुवार को मतदान खत्म होने के बाद अब वोटों की गिनती की तैयारी शुरू हो गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी चूरामण खड़का ने बताया कि जिले के सभी मतदान केंद्रों पर शाम पांच बजे तक शांतिपूर्ण तरीके से वोटिंग पूरी हो गई। शुरुआती अनुमान के मुताबिक काठमांडू में करीब 60 से 65 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया है। खड़का ने कहा कि कुल कितने वोट पड़े हैं, इसका सही आंकड़ा आने में अभी कुछ समय लगेगा। उन्होंने बताया कि सभी मतदान केंद्रों से मत पत्र करीब दो घंटे के भीतर संबंधित निर्वाचन अधिकारियों के कार्यालयों में पहुंचा दिए जाएंगे, जिसके बाद मतगणना शुरू की जाएगी। नेपाल के संसदीय चुनाव के लिए आधिकारिक तौर पर शाम पांच बजे मतदान समाप्त हो चुका है। शुरुआती अनुमान के मुताबिक काठमांडू में करीब 60 से 65 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया है। कार्यवाहक मुख्य चुनाव आयुक्त राम प्रसाद भंडारी ने मतदान के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि इस बार मतदान 65 प्रतिशत से अधिक रहने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि सुबह से ही उन्होंने पहाड़ी क्षेत्रों के एक दर्जन से ज्यादा जिलों के प्रतिनिधियों से बात की है और वहां भी मतदान जारी है। मौसम भी अनुकूल बना हुआ है। हालांकि ऐसा लगता है कि पिछले चुनावों के करीब पांच प्रतिशत वोट इस बार अमान्य हो गए हैं। नेपाल के अखबार 'हिमालयन' ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है।



## ईरान के हवाई क्षेत्र पर जल्द होगा अमेरिका का कब्जा: व्हाइट हाउस

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने कहा है कि अगले कुछ घंटों में ईरानी हवाई क्षेत्र में उसकी वायु सेना का पूरा दबदबा होगा। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने बुधवार को यह जानकारी दी है। सुलेविट ने व्हाइट हाउस की दैनिक प्रेस वार्ता में कहा कि हमें उम्मीद है कि आने वाले घंटों में ईरानी एयरस्पेस पर हमारा पूरा दबदबा होगा। उन्होंने कहा कि ईरान में अमेरिका के सैनिकों को तैनात करने की अभी कोई योजना नहीं है, हालांकि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पहले कहा था कि वह भविष्य में इस विकल्प के लिए तैयार हैं। दिन की शुरुआत में अमेरिका के रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने पेंटागन में संवाददाताओं से कहा कि ईरान के खिलाफ अमेरिका-इजरायल सैन्य अभियान अभी शुरुआती चरण में है।

## अजरबैजान का आरोप, ईरान से ड्रोन उसके इलाके में उतरे

**बाकू।** अजरबैजान के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि ईरान ने कई ड्रोन भेजकर उसकी सरजमीन पर हमला किया है। यह पश्चिमी एशिया में चल रहे संघर्ष के बीच अजरबैजान पर पहला हमला है। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि ईरान के हवाई हमलों में नखचिवान अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे की एक टर्मिनल इमारत को निशाना बनाया गया, जबकि एक अन्य ड्रोन हमला शकराबाद गांव की एक स्कूली इमारत के करीब हुआ। मंत्रालय ने कहा कि हवाई अड्डे पर हुए हमले में दो लोग घायल हो गए। बयान में कहा गया कि हम ईरानी क्षेत्र से किए गए इन ड्रोन हमलों की घोर निंदा करते हैं। इन हमलों में हवाई अड्डे की इमारत को नुकसान हुआ है और दो लोग घायल हुए हैं। इस बीच, मंत्रालय ने कहा कि उसने अपना विरोध जाहिर करने के लिए अजरबैजान में ईरान के राजदूत को तलब किया है। मंत्रालय ने कहा कि यह हमला अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन है। उसने मांग की कि ईरान स्थिति पर स्पष्टीकरण जारी करे और सुनिश्चित करे कि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों। मंत्रालय ने कहा कि अजरबैजान के पास उपयुक्त जवाबी कार्रवाई करने का अधिकार है।

